राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 सलाम-ए-इश्क में एक सीन करने ...



पंजाब के पास अन्य राज्यों... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 351, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### सोशल मीडिया पर बेचे जा रहें महाकुंभ में नहाते और कपड़े बदलती महिलाओं के वीडियो, पुलिस ने लिया एक्शन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाकुंभ में 55 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके है। इस बीच कुछ लोग ऐसे है जो घिनौनी हरकतों को अंजाम दे रहे है। महिलाओं के संगम स्नान के वीडियो को सोशम मीडिया पर बेचा जा रहा है। साइबर पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि महाकुंभ में




आईं कुछ महिलाओं के स्नान करने और कपड़े बदलते समय का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया जा रहा है। पुलिस ने एक ऐसे ही इंस्टाग्राम अकाउंट 1224872024 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। इस अकाउंट के माध्यम से महिला स्नानार्थियों के अशोभनीय वीडियो पोस्ट किया गया था। महिलाओं के वीडियो टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपलोड किए जा रहे है और बेचा भी जा रहा है।

प्रयागराज पुलिस ने महिला स्नानार्थियों की अमर्यादित वीडियो को पोस्ट करने और बेचने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया- महिला श्रद्धालुओं की अशोभनीय वीडियो, फोटो शेयर करने और टेलीग्राम पर बेचने का दावा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब पुलिस टीम आरोपियों की वास्तविक पहचान करते हुए गिरफ्तारी करेगी।

### जौनपुर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत, सीएम योगी ने लिया संज्ञान

**जौनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर में गुरुवार सुबह अलग-अलग हादसों में आठ दर्शनार्थियों की मौत हो गई। जबकि हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसों का संज्ञान लिया है। झारखंड से दर्शनार्थियों से भरी सूमो महाकुंभ प्रयागराज के बाद अयोध्या जा रही थी। बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर में सूमो को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें पांच की मौत ही गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। दूसरा हादसा





भी कुछ देर बाद इसी स्थान पर हुआ। दिल्ली के दर्शनार्थियों को लेकर जा रही बस खड़ी राशन लदे ट्रक में जा घुसी। इसमें चालक और दो महिलाओं की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। एसपी डॉ. कौस्तुभ घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस दोनों हादसों की जांच कर रही है।

वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद जौनपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। सीएम ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को अस्पताल पहुंचकर घायलों का समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर बुधवार सुबह ट्रक और मिनी लोडर मैक्स के बीच जोरदार टक्कर हो गई थी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हुए थे। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान मनदीप (36) और युवराज (28) और अंकित (18) के रूप में हुई थी। जबकि पवन, दीपक और अमन घायल हो गए थे।

# रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लीः प्रवेश वर्मा समेत 6 मंत्री बने

**नई दिल्ली ।** भाजपा की रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। रामलीला मैदान में उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता के अलावा मनजिंदर सिंह सिरसा,आशीष सूद,

**रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने आप की बंदना कुमारी को 29,595 मतों के अंतर से हराया था**

प्रवेश साहिब सिंह ,कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह ,रविंदर राज ने मंत्रीपद की शपथ ग्रहण की है।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत एनडीए शासित प्रदेशों के सीएम और डिप्टी सीएम भी मंच पर मौजूद रहे।उनके बाद प्रवेश साहिब सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन अलग-अलग मंच तैयार किए गए। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सहयोगी सदस्य, और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी उपस्थित रहे। दूसरे मंच पर धर्मगुरुओं और विशिष्ट अतिथि मौजूद थे, जबकि तीसरे मंच पर संगीत कार्यक्रम से जुड़े कलाकार मौजूद थे। बता दें कि बुधवार शाम विधायक



दल की बैठक में रेखा गुप्ता को सीएम चुना गया था। सीएम चुने जाने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने जो दिल्ली की जनता के लिए विजन दिया है, उसे पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी। पीएम मोदी का तहे दिल से आभार जताना चाहती हूं कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह देश की हर मां-बेटी का सम्मान है। रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक चुनी गई हैं।

उन्होंने आप की बंदना कुमारी को 29,595 मतों के अंतर से हराया था। गत 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। भाजपा को 26 साल बाद ऐतिहासिक जीत मिली थी। उसने 70 में से 48 सीटें जीतीं, जबकि आम आदमी पार्टी 22 पर सिमट गई।



रेखा गुप्ता

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री

## कांग्रेस अब बीजेपी की जीत का भी जश्न मनाती है, केरल के सीएम पिनराई विजयन ने कसा तंज

**तिरुवनंतपुरम ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। विजयन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब भारतीय जनता पार्टी की जीत का भी जश्न मनाती है। कांग्रेस पर अन्य पार्टियों के साथ मिलकर बीजेपी का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हटने का आरोप लगाते हुए विजयन ने कहा कि राहुल ने खुद दिल्ली में आप के खिलाफ प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि इस तरह जहां कांग्रेस के जीतने की कोई संभावना नहीं थी, उन्होंने बीजेपी को सत्ता में आने में मदद की।

**एसएफआई की मीटिंग में कांग्रेस पर जमकर बरसे विजयन**

विजयन ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया यानी कि 35वें प्रदेश सम्मेलन के तहत आयोजित एक मीटिंग के दौरान इसके कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 65 पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई, लेकिन आम आदमी पार्टी के बीजेपी से चुनाव हारने पर उन्होंने जश्न मनाया। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी हो गई है जो अब बीजेपी की जीत का भी जश्न मनाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के गलत राजनीतिक दृष्टिकोण ने बीजेपी को हरियाणा और महाराष्ट्र में जीत दिलाने में मदद की।



**'गठबंधन को लेकर कांग्रेस एक्टिव नहीं दिख रही**

इंडिया गठबंधन का जिक्र करते हुए विजयन ने कहा कि जिस गठजोड़ ने 2024 के लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल करने की बीजेपी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, उसे लेकर कांग्रेस अब एक्टिव नहीं दिख रही है।

केरल के सीएम ने दावा किया, 'यह कांग्रेस ही थी जिसने दिल्ली में 'क्क सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, जिसके कारण केंद्रीय एजेंसियों ने हस्तक्षेप किया और दिल्ली के तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया। कांग्रेस ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की भी मांग की। कांग्रेस ने दिल्ली में हमेशा बीजेपी का साथ दिया।

## यूपी के नौजवानों को बड़ी सौगात

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बजट में गांव-गरीब का भी ध्यान रखा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 4882 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 1200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जबकि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 34 करोड़ मानव दिवस सृजित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश मनरेगा में मानव दिवस सृजन में देश में प्रथम स्थान पर है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 26 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 27.40 करोड़ मानव दिवस का सृजन किया गया है और 3,13,076 परिवारों को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया गया है। इसमें महिला सहभागिता 42 प्रतिशत रही है।

**कौशल्य योजना पर 427 करोड़ रुपये के व्यय अनुमान**

वर्ष 2025-2026 के लिए 5372 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।



पीएम ग्राम सड़क योजना में निर्मित सड़कों के अनुरक्षण को 1088 करोड़ रुपये रखे गए हैं। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना पर 427 करोड़ रुपये के व्यय अनुमान है। योजना में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद नियोजित किया जा सकेगा।

## पार्टी ने मेरे लिए स्पीकर का पद तय किया है : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी नेता विजेंद्र गुप्ता ने आईएएनएस से कहा कि पार्टी ने उन्हें स्पीकर पद के लिए चुना है और वो कोशिश करेंगे की सदन में अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन कर सकें। उन्होंने कहा, आज का दिन बेहद खुशी का है। सत्ताईस साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में सत्ता में आ रही है, और आज शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। हम सभी उस समारोह में शामिल होने के लिए वहां जा रहे हैं। मैं अपनी नई मुख्यमंत्री रेखा जी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। शपथ ग्रहण के इस खास मौके पर पूरे मंत्रिमंडल को भी मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा, पार्टी ने फैसला किया है कि मुझे स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाए और मैं दिल्ली विधानसभा को नियमों व कानून के दायरे में चलाऊंगा। यह लोकतंत्र का मंदिर है और इसी भावना के साथ हमें काम करना है। हालांकि पार्टी ने स्पीकर किसे बनाया जाएगा इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। उन्होंने कहा, हमने यमुना की सफाई को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया है और बहुत कम समय में इसे पूरा करके दिखाएंगे। इसके बाद उन्होंने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा, इसके अलावा मेरा मानना है कि जो चीज महल कहलाती है, वह दिल्ली की राजनीतिक परिस्थितियों में एक बदनुमा दाग है। यह किसी भी सरकार के भ्रष्टाचार का ज्वलंत उदाहरण है। मैं इसे भ्रष्टाचार का साम्राज्य कहूंगा। भारतीय जनता पार्टी इसे छूना भी नहीं चाहेगी। यह पूरी तरह जांच के दायरे में है। उन्होंने कहा, जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उस स्थान का जनहित में उचित उपयोग होना चाहिए। जो बदलाव और संशोधन वहां किए गए थे, उसे वापस उसी मूल रूप में लाया जाना चाहिए, ताकि 50 हजार गज का परिसर अपने मूल 10 हजार गज के क्षेत्र में वापस आ सके।




उन्होंने कहा, हमारे दिमाग में एक्शन प्लान बिल्कुल साफ है। सदन में स्वस्थ चर्चा हो, सरकार जनता के बीच अपने कार्यक्रमों को पेश करे और विपक्ष अपनी भूमिका विधिवत रूप से निभाए। यही हमारी अपेक्षा है। मैं यह घोषणा करता हूं कि दिल्ली विधानसभा के स्पीकर का पद संभालते ही मेरा पहला काम होगा कि सदन के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट रखूं। यह स्पीकर का दायित्व है, और इसे मैं पूरे उत्साह के साथ निभाऊंगा। बता दें कि आज दिल्ली की बीजेपी सरकार के तहत रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री के साथ छह नेता दिल्ली कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। नवीनतम जानकारी के मुताबिक, प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। वहीं विजेंद्र गुप्ता को स्पीकर पद के लिए चुना गया है।

**अपडेट** कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को युवाओं के प्रेम को सम्मान देने के लिए विकसित किया जाना चाहिए

## जवान लड़के-लड़कियों को प्यार करने की आजादी होनी चाहिए : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में कहा है कि 18 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को वैधानिक बलात्कार कानूनों के भय से मुक्त होकर रोमांटिक और सहमति-आधारित संबंध बनाने की आजादी होनी चाहिए। कोर्ट का तर्क है कि किशोरावस्था में सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंधों को अपराध मानकर, इन युवाओं के भावनात्मक विकास और प्रेम के अनुभव को बाधित किया जा रहा है।

जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने कहा कि यदि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से स्थापित हों और उसमें किसी भी प्रकार का शोषण या दुर्व्यवहार न हो, तो ऐसे रिश्तों को स्वीकार किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को युवाओं के प्रेम को सम्मान देने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जबकि नाबालिगों की सुरक्षा के लिए सहमति की कानूनी उम्र 18 वर्ष तय है, कानून को ऐसे रिश्तों को अपराध बनाने की बजाय, इनमें शोषण और दुर्व्यवहार को रोकने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इससे युवा व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके भावनात्मक विकास को भी महत्व मिलेगा। मार्च 2024 में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने एक 21 वर्षीय व्यक्ति को एक मामले में जमानत देते हुए कहा था कि अदालतें किशोर प्रेम को नियंत्रित नहीं कर सकतीं। इसके अतिरिक्त, जुलाई 2024 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि सहमति से बने रिश्तों में का दुरुपयोग हो रहा है।



दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2014 के एक मामले में फैसला सुनाया था, जिसमें एक पिता ने शिकायत की थी कि उनकी बेटी (कक्षा 12 की) ट्यूशन क्लास के बाद एक लड़के के साथ मिली थी। ट्रायल कोर्ट ने सभी आरोपों से आरोपी को बरी कर दिया था, और बाद में राज्य की अपील को 30 जनवरी, 2025 को खारिज कर दिया गया। कोर्ट ने यह रेखांकित किया कि बिना लड़की की सही उम्र के सबूत के आरोपी को क्क्हष्टस्न्र अधिनियम के तहत दोषी ठहराना न्याय के खिलाफ होगा। हालांकि, यह सिद्धांत तब लागू नहीं होगा जब साबित हो जाए कि लड़की की उम्र घटना के समय 14-15 वर्ष से कम थी।

## भागलपुर : बॉयफ्रेंड को गमछे से बांध नाबालिग से गैंगरेप कर रहे थे 4 आरोपी, तभी पहुंची पुलिस, चारों गिरफ्तार

**भागलपुर ।** भागलपुर में चार दरिंदों ने प्रेमी के सामने ही उसकी नाबालिग प्रेमिका के साथ गैंगरेप किया। वारदात के दौरान दरिंदों ने प्रेमी के साथ मारपीट करने के बाद उसे गमछे से बांध दिया था। किसी तरह प्रेमी ने गमछा खोल लिया और पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक बदमाश को तो लड़की के साथ रेप करते हुए अरेस्ट कर लिया। वहीं, तीन बदमाश पुलिस को देखकर फरार हो गए। इन बदमाशों को भी पुलिस ने महज तीन घंटे के अंदर अरेस्ट कर लिया। यह वारदात मंगलवार की देर शाम भागलपुर जिला के कहलगांव थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास हुई। कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद के मुताबिक पीड़िता की उम्र 17 साल है और वह इंटर की पढ़ाई कर रही है। वह यहां कहलगांव में ही किराए का घर लेकर अपनी सहेली के साथ रहती है। वहीं, उसका प्रेमी दरभंगा का रहने वाला है। कुछ समय पहले दोनों की बातचीत इंस्टाग्राम के जरिए हुई और फिर दोनों में प्यार हो गया। घटना के दिन छात्रा का प्रेमी भागलपुर आया था और वहीं उसने मिलने के लिए छात्रा को भी बुलाया था।

**झाड़ियों में दिया वारदात को अंजाम**

भागलपुर में मिलने के बाद दिन भर दोनों साथ घूमते रहे और शाम होने पर छात्रा को छोड़ने के लिए उसका प्रेमी ट्रेन से कहलगांव रेलवे स्टेशन तक आया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# बरासऊं शिव मंदिर कावड़ मेला का एसडीएम ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** एसडीएम दीपक कुमार पाल व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार दुबे ने बरासऊं गांव के शिव मंदिर पर मेला की तैयारियों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया है कि आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि कावड़ मेला पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था व सुगम आवागमन के दृष्टिगत कावड़ मार्गों का भौतिक निरीक्षण कर भ्रमण किया गया तथा की गयी पुलिस व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लिया गया। कावड़ियों की सहायता एवं सुरक्षा हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । महाशिवरात्रि पर कावड़ियों और श्रद्धालुओं द्वारा किए जाने वाले जलाअभिषेक पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी ।तथा यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ किये जाने हेतु प्रभारी यातायात एवं मंदिर कमेटी को उचित साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। इस मौक मंदिर समिति सदस्य आदि उपस्थित रहे।

**कैमरे की निगरानी में मंदिर में होगा जलाभिषेक**

# बुलंदशहर में अध्ययनरत बालिकाओं को ट्रैक-सूट वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय विकास क्षेत्र-स्याना में अध्ययनरत बालिकाओं को ट्रैक-सूट वितरित किए गए।
समारोह के दौरान, उपजिलाधिकारी स्याना गजेंद्र सिंह ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा, "यह ट्रैक सूट वितरण हमारी बालिकाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो उन्हें खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर अतिथि के रूप मे आये हुए आफाक खान जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ट्रैक सूट प्राप्त करने पर बालिकाओं को आशीर्वाद देकर अपनी खुशी व्यक्त की। ये ट्रैक सूट मोहम्मद आफाक की तरफ से स्याना व ऊँचा गाँव की कस्तूरबा विद्यालयों की बालिकाओं को डोनेट किए गए हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने भी बालिकाओं को इस अवसर पर बधाई दी और उन्हें आगे भी इसी प्रकार प्रेरित और उत्साहित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस समारोह के साथ ही, बालिकाओं को ट्रैक-सूट वितरित किए गए और उन्हें खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नगर के बाजारों में शौचालय नहीं, लोगों को हो रही परेशानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** नगर के पुख्ता बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं हैं। बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण बाजार में आने बाले ग्राहकों व अन्य नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर में पुख्ता बाजार में कोई भी सार्वजनिक शौचालय नही है। पुख्ता बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण यहां आने वाले ग्राहकों व अन्य लोंगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही दुकानदार भी काफी परेशान हैं। दुकानदारों ने बाजारों में सार्वजनिक शौचालय होने से स्वच्छता मिशन के तहत लोगों को खुले में शौच न करने के लिए जागरूक किया जाता है। लेकिन शहर स्थित सभी मुख्य बाजारों में एक भी सार्वजनिक शौचालय या फ्री फैब्रिकेटेड शौचालय नहीं रखा गया है। इसके कारण बाजार में आने बाले ग्राहकों सहित दूकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों के नेता रोहित पहाड़ी ने नगरप ालिका के अधिशासी अधिकारी मणीजी सैनी से मांग की है, कि नगर के सभी बाजारों में पक्के शौचालय बनवायें या सभी बाजारों में मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था शीघ्र की जाये।
नगरपालिका के चैयरमैन किशनपाल सिंह ने कहा कि शीघ्र कहा सार्वजनिक शौचालयों को कोई ना कोई व्यवस्था शीघ्र करायी जायेगी।

# मासिक अपराध समीक्षा-गोष्ठी मेरठ परिक्षेत्र आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मेरठ ।** डीआईजी मेरठ द्वारा रेंज के सभी जनपद प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आहूत कर शासन की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रभावी कार्यवाही हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश ऑपरेशन शस्त्र के अन्तर्गत कार्यवाही में तेजी लाई जाये और शस्त्र दुकानो का शत प्रतिशत सत्यापन कर लिया जाये।विगत 10 वर्षो में जितनी अवैध शराब फैक्ट्री पकडी गई है, उनके अपराधियों का सत्यापन कराकर कार्यवाही करायें।
पॉक्सो एवं रउ/रळ एक्ट के जो अभियोग 02 माह से अधिक अवधि से लम्बित है, उनका प्राथमिकता के आधार पर कराये निस्तारण।
अनावरण हेतु शेष हत्या और लूट के मुकदमों में टीम गठित कर उनका सफल अनावरण कराये एवं गैंगस्टर के वांछित अभियुक्तो की कराये शीघ्र गिरफ्तारी ह्लगौ तस्करी/ गौकशी की घटनाओ में प्रयुक्त जो वाहन पकडे गये है, उनके वाहन स्वामियों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराये पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर अधिक से अधिक गिरफ्तारी कराये। महिलाओं/बच्चों एवं जघन्य अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध एचएस/गुण्डा/ गैंगेस्टर आदि की प्रभावी कार्यवाही करते हुए रखें निगरानीअपराध की रोकथाम एवं अपराधियों विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन पहचान को लगातार जारी रखने तथा ऑपरेशन पहचान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश"संगठित अपराधों में नए कानून के तहत गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य संकलन कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश आगामी त्यौहार शिवरात्री, होली, नवरात्र, ईद आदि के दृष्टिगत निकलने वाली शोभा यात्राओं पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं सभी जनपद प्रभारी धर्म गुरूओं के साथ मीटिंग कर त्यौहारो को सकुशल सम्पन्न कराये तयौहारो पर बाजारों में भीड़भाड़ के दृष्टिगत पार्किंग व्यवस्था, डायवर्जन, बैरिकेटिंग एवं नियमित रूप से फुट पैट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने के दिए निर्देश" सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर की जाए सतत निगरानी, किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक/भ्रामक सूचना के प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से उसका किया जाए खंडन"
पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ कलानिधि नैथानी महोदय द्वारा रेंज के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत व हापुड के जनपद प्रभारियों के साथ शिविर कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें शासन की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रभावी कार्यवाही हेतु तथा महिलाओं/बच्चों व गम्भीर अपराधों, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों आदि की समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने एवं शिकायतों में सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर उनका निस्तारण करने एवं आगामी त्यौहारो को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिए गये।शासन के निर्देशानुसार चिन्हित अपराधों में दोषियों को माननीय न्यायालय से सजा दिलाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत अभियोजन विभाग व मानिटरिंग सेल द्वारा समन्वय स्थापित कर प्रभावी पैरवी कराएं जिससे अपराधियों को अविलंब व अधिकतम सजा दिलाई जा सके। "ऑपरेशन शस्त्र" के अन्तर्गत शस्त्र दुकानो का शत प्रतिशत सत्यापन करा लिया जाए एवं शासनादेश का कडाई से अनुपालन कराया जाये।अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन पहचानह्व को लगातार जारी रखने तथा ऑपरेशन पहचान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन विवेचना के अंतर्गत विवेचनाओं में गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य संकलन करते हुए नए आपराधिक कानून के अन्तर्गत नियमानुसार साक्ष्यों को सम्मिलित करते हुए समय से निस्तारण कराये। 01 माह तक विवेचना लम्बित रहने पर क्षेत्राधिकारी तथा 02 माह लम्बित रहने पर अपर पुलिस अधीक्षक और 03 माह पर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वतः संज्ञान लिया जाये। रेंज के जनपदों में पड़ने वाले राजमार्गों पर गौ-वंश/मवेशियों के आ जाने के कारण गंभीर दुर्घटनाएं प्रकाश में आयी है जिसके सम्बन्ध में गौवंशों को गौशालाओं में भेजने हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। इसके अतिरिक्त गौवध/ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अन्तर्गत संलिप्त सभी अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही यथा एनएसए/गैंगस्टर किये जाने के कडे निर्देश दिये गये । अवैध खनन, अवैध शराब व भूमाफियाओं को गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों को अभियान चलाकर चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया तथा जुआ, सट्टा व मादक पदार्थ की बिक्री आदि संगठित अपराधों पर पूर्ण रुप से रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

# आरएसके इंटर कॉलेज में "हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली आरएसके इंटर कालेज के परिसर में शिक्षा विभाग ने गुरुवार को "हमारा आंगन हमारे बच्चें" कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिसमें12 न्याय पंचायत के 60 निपुण छात्रों को स्कूली बैग देकर सम्मानित किया गया है।
सिंभावली आरएसके इंटर कॉलेज में गुरुवार को प्रधानाचार्य राजीव गोहित और खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार ने कहा कि बच्चों की शिक्षा की नींव को मजबूती प्रदान करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां प्री-प्राइमरी में मेहनत करें।इसके लिए शिक्षा विभाग बच्चों के लिए खेल-खिलौने और शिक्षा संबंधित पढ़ाई की किट उपलब्ध करा रही है।हर बच्चे के लिए अब प्री-प्राइमरी की पढ़ाई जरूरी है।सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को पढ़ाने की भी अपील की है। प्रधानाचार्य राजीव गोहित ने बताया कि हर छात्र की बेसिक शिक्षा मजबूत होने से भविष्य में किसी तरह की परेशानी नहीं होती है और परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करते हैं।प्रोग्राम में 12 न्याय पंचायत के 60 निपुण छात्रों को स्कूली बैग देकर सम्मानित किया।जिसमें प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक एवं आंगनवाड़ी शामिल हुई हैं। इस मौके पर सोहनवीर सिंह, भारत शर्मा, सीआरपी मोहम्मद नाजिम, जिला समन्वयक प्रवीण शर्मा, एआरपी नदीम अहमद, प्रदीप तेवतिया, गुलशन, रिफत, आंगनबाड़ी सुदेश वाला, नाहिद खातून, पूनम माला सहित अन्य शिक्षक संदीप सिरोही और आंगनवाड़ियों ने भाग लिया।

# 2027 में होगा बदलाव सपा की बनेगी सरकार : मुकेश पंडित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर के गांव कुदैना जयरामपुर में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने कहा कि वे गांव-गांव जाकर पीडीए को जगाएंगे और 2027 में समाजवादी पार्टी को लाएंगे। कार्यक्रम में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मान और संविधान पर चर्चा हुई और पीडीए समाज के लोगों ने अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।
इस कार्यक्रम में शेख रईस अहमद विधानसभा प्रभारी/प्रवेक्षक, जोगेंद्र पोसवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बाबा मोहन नाथ,तरुण पंडित ,संत राज लोधी, राजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार , वीरेंद्र लोधी, सुखबीर सिंह, पान लोधी, मोंटी लोधी, चिंटू कुमार, नकुल कुमार , पवन कुमार ,विशाल कुमार, कन्हैया कुमार , उदयवीर एवं सम्मानित ग्रामवासी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीडीए समाज के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और उन्हें एकजुट करना था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपने विचार साझा किए और पीडीए समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।
इस कार्यक्रम के आयोजन से पीडीए समाज के लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। यह कार्यक्रम पीडीए समाज के लोगों के लिए एक नई दिशा और एक नई उम्मीद का संचार करता है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित, वायु व जल प्रदूषण रोकने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा ग्राम पेमपुर में एक दिवसीय विशेष सेवा शिविर लगाया। छात्र स्वयंसेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली और ग्रामीणों को वायु तथा जल प्रदूषण रोकने के लिए सचेत किया। स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों में घूम कर बैनर पोस्टर और नारों से प्रदूषण नियंत्रण के तौर तरीके बताए। दूसरे सत्र में एक सैमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसमें राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक नवीन कुमार ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपाय बताए और कार्बन उत्सर्जन को कम करने का आवाहन किया। उन्होंने वायु को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपे जाने की आवश्यकता जताई।




कार्यक्रम अधिकारी डा अरुण कुमार ने स्वयं सेवकों को दिशा निर्देशन दिया। उन्होंने पेय जल संरक्षण की आवश्यकता भी जताई । वैशाली अवनी का काम सराहनीय रहा।


# दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व 26,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** ऑपरेशन कन्विक्शन"अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व 26,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गया अभियुक्त ओमपाल सिंह पुत्र रामअवतार सिंह निवासी कांकर की मडैया ग्राम बराल थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष- 2022 में थाना गुलावठी क्षेत्र निवासी एक लड़की के साथ दुष्कर्म कर मारपीट करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 26.06.2022 को थाना गुलावठी पर मुअसंझ 235/2022 धारा 323,376 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 29.08.2022 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए* मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 05 गवाह परिक्षित हुए, जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश श्री वरूण मोहित निगम(मा0 न्यायालय ए.डी.जे एफटीसी 02 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त ओमपाल सिंह को 10 वर्ष का कारावास व 26,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक विजय कुमार शर्मा व ईशान चौधरी का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# सर्वजन आकांक्षाओं की पूर्ति वाला एवं जन उपयोगी बजटः अनील देशभक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** योगी सरकार का 8 लाख करोड़ से ज्यादा का 9 वा जनकल्याण जारी बजट समाज के सभी वर्गों के हित में शानदार बजट वित्तमंत्री श्री सुरेश खन्ना ने प्रस्तुत किया। सर्वत्र सराहा जा रहा है। 58 निकायों को स्मार्ट सिटी के रूप काय को आर्थिक मदद 4 नए एक्सप्रेस हाई वे, टेक्सटाइल पार्क हेतु 300 करोड़ , हर,हर जिले में श्रमिक कैंटीन, आस्था के केंद्र मथुरा वृन्दावन में बांके बिहारी कॉरिडोर, पावर लूम उद्योग को बढ़ावा ,92 नई नौकरी, मेधावी क्षात्रों एवं क्षत्राओं को निःशुल्क स्कूटी, कृषि विश्व विद्यालय, व्यापार एवं उद्योग को बढ़ावा , नए पॉलिटेक्निक , प्रदेश भर में सोलर पंप, सिंचाई परियोजना , चीनी मिल विकास, माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र में क्रांति, उच्च शिक्षा हेतु 600 करोड़, लखनऊ उच्च न्यायालय विकास, विंध्य एक्सप्रेस वे, गंगा एक्सप्रेस वे विस्तार डिजिटल लाइब्रेरी सहित पूरे प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास से खुशवाली आएगी। सभी तथ्यों को देखा जाए तो मोदी योगी के सपनों का सर्व हितकारी शानदार बजट गांव गरीब किसान आदिवासी युवा एवं महिलाओं के प्रति समर्पित उद्योग विकास एवं खुशहाली कारक बजट है। योगी जी एवं खन्ना जी ने अपनी संपूर्ण समाज के प्रति सेवा का बजट 2025 प्रदेश में विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**आगाज** 200 से ज्यादा सदस्यों ने किया संगठन को जॉइन

# भारतीय किसान युवा जागरुक संगठन की घोषणा कर संगठन का किया आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**बुलंदशहर।** भारतीय किसान युवा जागरुक संगठन की मासिक बैठक बुलंदशहर के बाईपास पर एम के गार्डन मैरिज होम में हुई जिसकी अध्यक्षता संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमलता ठाकुर व संचालन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रिहान साबरी ने की बैठक में किसान नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे और संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी ने संगठन के सभी सदस्यों को किसानों की समस्याओं के लिए आंदोलन करना और उन्हें न्याय दिलाने के लिए शपथ दिलाई उसके बाद सभी संगठन के कार्यकर्ता ओ ने सिकंदराबाद टूल और गुलावठी टूल पर जाकर प्रदर्शन किया संगठन का विस्तार करते हुए प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी ने सदस्यों के पद की घोषणा की जिसमें , दीपक पुंडीर राष्ट्रीय महामंत्री , राजीव प्रताप सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारत ठाकुर राष्ट्रीय महासचिव, , परमेंद्र कुमार तोमर राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, उर्मिला सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अरुण कुमार राष्ट्रीय सचिव, लव कुश शर्मा राष्ट्रीय सचिव, प्रशांत कुमार युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अमरीश भारद्वाज को बुलंदशहर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया , रिहान साबरी को मेरठ मंडल उपाध्यक्ष, वसीम खान को जिला मीडिया प्रभारी, अंसार अहमद को जिला महासचिव , बब्बर चौधरी को जिला उपाध्यक्ष संदीप चौधरी को जिला उपाध्यक्ष, रोहित सोलंकी को युवा जिला अध्यक्ष, बिलाल गाजी को नगर अध्यक्ष बुलंदशहर , जुबेर गाजी को युवा जिला महासचिव , शहरोज खान को गुलावठी नगर अध्यक्ष, सदाकत प्रधान को सिकंदराबाद विधानसभा महासचिव, नसीम अहमद को सिकंदराबाद विधानसभा,अध्यक्ष , रूबी ठाकुर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष , नरगिस जिला महासचिव महिला मोर्चा जिला प्रवक्ता महिला मोर्चा ,अर्चना सिंह अमित चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष शिकारपुर, राजकुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष शिकारपुर , डॉ हरवीर सिंह तहसील अध्यक्ष शिकारपुर नियुक्त किया।

# इंफोसिस ने प्रशिक्षण दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में इंफोसिस द्वारा छात्रों को स्किल डेबल पेमेंट एवं प्लेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कंपनी के प्रशिक्षक अमित सिंह ने छात्रों को प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी। बताया कि प्लेसमेंट ट्रेनिंग का मतलब सिर्फ नौकरी हासिल करना नहीं है बल्कि यह खुद को उद्योग की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम, आत्मविश्वासी और पेशेवर के रूप में तैयार करना होता है। प्राचार्य डॉ ललित कुमार गुप्ता, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्र सिंह, कोऑर्डिनेटर रिशु भारद्वाज, ने भी टिप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम विभागाध्यक्ष आकाश चौहान ने किया।

# अर्बन फ्लड योजना के क्रम में नगर आयुक्त ने किया सावेरी पुलिया का निरीक्षण, मानसून से पूर्व नाला बनाने की तैयारी में निगम, शासन को भेजी डीपीआर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा अर्बन फ्लड योजना के क्रम में विजयनगर जोन अंतर्गत सावेरी पुलिया का निरीक्षण किया गया, ठल्ह 9 से सावेरी पुलिया तक नाला निर्माण की डीपीआर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शासन को भेजी जा चुकी है, जिसमें लागत लगभग 132 करोड़ आएगी, लगभग 2 किलोमीटर लंबे नाले के निर्माण की योजना गाजियाबाद नगर निगम बना रहा है ।

**एन-एच 9 से सावेरी पुलिया तक नाला निर्माण से कवि नगर तथा विजयनगर को मिलेगा लाभः नगर आयुक्त**

इसके निर्माण से साउथ साइड इंडस्ट्रियल एरिया, बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, लोहा मंडी इंडस्ट्रियल एरिया विवेकानंद नगर सेक्टर 23 संजय नगर तथा विजयनगर के क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा जल भराव की समस्या से निजात मिलेगील नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि जल भराव जो की एक बड़ी समस्या है इसके समाधान के लिए मानसून से पहले ही प्लानिंग गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है जिसमें सावेरी पुलिया का निर्माण भी



कराया जाएगा बार-बार नाले के टूटने की शिकायत प्राप्त हो रही है मौके पर स्थलीय निरीक्षण भी किया गया आवश्यकता को देखते हुए तेजी से कार्य कराए जाएंगे कोशिश है मानसून से पहले ही संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ कराए जाएंगे शासन को डीपीआर भेजी जा चुकी है स्वीकृति के उपरांत कार्यवाही प्रारंभ की जाए गील निरीक्षण के दौरान मौके पर नगर आयुक्त के साथ निर्माण विभाग की टीम उपस्थित रही मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, विजयनगर क्षेत्र की अवर अभियंता एस के सरोज भी मौके पर उपस्थित रहे महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार शहर की समस्याओं की समाधान पर प्लानिंग कर रहे हैं जल भराव की बड़ी समस्या का निदान करने के लिए सावरी की पुलिया तक नाला निर्माण किया जाना है प्लानिंग चल रही है क्षेत्र वासियों को लाभ मिलेगा।

# विश्व न्याय दिवस का मुख्य उद्देश है ससमानता के समान अधिकार देना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी)।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें समाजसेवी विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस सफल बनाने के लिए कई देश मिलकर बेरोजगारी ,गरीबी, जाति भेदभाव और धर्म के नाम पर बटे लोगों को एकजुट करने की कोशिश करते हैं वही भारतीय संविधान में सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए कई प्रावधान है । गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए समाजसेवी विजय पाल सिंह ने कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता की वजह से भयंकर स्थिति है। जिस कारण मानव अधिकारों का हनन होने लगता है।इस सब को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इसकी शुरूआत 20 फरवरी 2009 से हुई थी। दुर्भाग्य से अभी भी विश्व के कई देशों में लोगों के लिए सामाजिक न्याय सपना बना हुआ है। भूपेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि आज आम आदमी मूल जरूरतों के लिए न्याय प्रक्रिया को नहीं जानता,जिसके अभाव में उसके मानव अधिकारों का हनन होता है। भारत में गरीबी, महंगाई और आर्थिक असमानता हद से ज्यादा है। जिस कारण भेदभाव भी चरम सीमा पर है। गोष्ठी में मुख्य रूप से विजय पाल सिंह राघव भूपेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट आदित्य राघव मनोज सागर प्रदीप कुमार शंकर लाल शर्मा आबिद हुसैन अनिकेत कुमार, चमन कश्यप ,आशीष ठाकुर,अजय सागर मोहम्मद रिजवान ,नरेंद्र सिंह आदि ने विचार रखें।

# चार एक्सप्रेसवे और छात्रों को फ्री स्कूटी के साथ योगी सरकार ने खोला प्रदेश के लिए खजाना : संजीव गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के द्वारा प्रदेश सरकार का एतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया गया। जिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उधोगपति संजीव कुमार गुप्ता ने कहा है कि, इस बार 8 लाख करोड़ से अधिक का उत्तर प्रदेश का बजट पेश किया गया है। जोकि स्वतः ही दशार्ता है कि इस बार सरकार ने विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए अपने खजाने के दरवाजों को




खोल दिया है। जिसमें मेधावी छात्रों को फ्री स्कूटी के साथ 4 एक्सप्रेसवे तथा 58 नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाने के लक्ष्य के साथ साथ किसानों, महिलाओं, और समाज के कमजोर वर्ग का भी बाखूबी ध्यान रखा गया है। इसके अलावा पर्यटन और विशेष रूप से धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी कई अहम घोषणाएं की गई है। इस एतिहासिक एवं विशाल बजट से सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यह बात भी सार्थक होती दिख रही है। जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक पहुचाने का संकल्प लिया है। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश को चार एक्सप्रेसवे ओर मिलने से उधोग जगत को राहत और नवीन अवसर प्राप्त होंगे।

# नेश कुमार गोयल एम0एल0सी0 द्वारा विधान परिषद में बेसिक शिक्षा परिषद की शिक्षिकाओं एवं बिजली सखी योजना से सम्बन्धी आवाज उठायी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** विधान परिषद के सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित स्कूलों के शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण का विषय अनेक परिवारों के लिए गहन चिंताओं और जटिलताओं का कारण बन गया है विशेष रूप से ऐसे परिवारो के लिए जहां पति-पत्नी और माता-पिता अलग अलग जनपदों में तैनात है या निवास कर रहे है। ऐसी स्थिति में परिवार तथा बच्चों की क्या स्थिति होती है एक विचारणीय प्रश्न बन गया है इसके लिए सरकार और बेसिक शिक्षा विभाग को शिक्षकों और उनके परिवार की स्थिति को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेते हुए शिक्षिका को उसके बच्चों तथा पति के साथ एक ही स्थान पर तैनाती पर विचार करते हुए वृद्ध माता-पिता की दयनीय स्थिति को भी देखते हुए शिक्षकों तथा उनके परिवार के साथ संवेदनशीलता



दिखाएं जाने की आवश्यक है। साथ ही बिजली संखी योजना महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उददेश्य से प्रारम्भ की गयी थी। बिजली सखी योजना के माध्यम से लोगों को बिजली का बिल जमा करने के लिए लम्बी-लम्बी लाईन में खडे. होने से छुटकारा मिलता है। इस योजना से जुडी महिलाएं अपने परिवार का जीवन यापन मिलने वाली राशि से आसान बनाती रही है। विगत वर्षो में इस योजना से जुडी बडी संख्या में महिलाओं ने कई करोड रुपए बिजली बिल के रूप में जमा कराकर अपने लिए भी कमीशन के रूप में धन प्राप्त किया था। जिस संस्था के माध्यम सें महिलाओं को रोजगार की प्राप्ति हुई थी उस संस्था का नवीनीकरण विभागीय लापरवाही के चलते न होने के कारण आज बिजली सखी से जुडी बडी संख्या में महिलाएं बेरोजगार हो गई है उनकी आय का माध्यम बन्द हो जाने के कारण पारिवारिक आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। लोक महत्व के इन संवेदनशील विषयों पर सदन के समक्ष।

# सरकार ने बजट में सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ दियाः गौरव बंसल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गुलमोहर एन्क्लेव निवासी व्यापारी गौरव बंसल ने यूपी सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए 9 वें बजट की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने छात्राओं से लेकर किसानों तक व जनाहितकारी योजनाओं के लिए कुछ न कुछ दिया है।मेधावी छात्राओं को स्कूटी और युवाओं को ब्याज मुक्त लोन देने की घोषणा की है । सदन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने एक बेहतरीन बजट पेश किया है।



# मोनाड विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ
## भारतीय ज्ञान परंपरा प्रारंभ से ही सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करती आ रही है : हरेंद्र कुमार मिश्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मोनाड विश्वविद्यालय में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के तत्वाधान में "भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजित को किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड एवं पंजाब आदि राज्यों के छात्र एवं छात्राओं सहित लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुकुल श्रीमद् दयानंद उत्कर्ष आर्य कन्या गुरुकुल नारंगपुर किला परीक्षित गढ़, मेरठ से आये छात्र एवं छात्राओं के द्वारा यज्ञ में मंत्रोचारण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार हरेंद्र कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी आयुष मंत्रालय नई दिल्ली डॉ० आर०एन० मिश्रा, प्रो० सुरेश वर्णवाल देव संस्कृति वि०वि० हरिद्वार उत्तराखण्ड, डॉ० विक्रम सिंह विभागाध्यक्ष खेल विभाग जेएनयू नई दिल्ली, डॉ० शिवोम आचार्य सहायक प्रोफेसर शारदा विश्वविद्यालय एवं डॉ शिवम मिश्रा निदेशक एसकेएम योग इंटरनेशनल उपस्थित हुये। वि०वि० के प्रतिकुलधिपति डॉ० एन०के० सिंह, कुलपति डॉ० मोहम्मद जावेद, उपकुलपति प्रशासनिक प्रो० योगेश पाल सिंह, उपकुलपति (अकादमिक) डॉ० जयदीप कुमार एवं उपकुलपति (एडमिशन) रोहित शर्मा ने समस्त अतिथियों को शॉल पहनाकर व प्लॉट सैंपलिंग देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग पर समस्त अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा प्रारंभ से ही सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करती आ रही है, और आज भी हमारे प्राचीन ग्रंथों पर विदेशों में शोध कार्य हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों ने विभिन्न प्रकार के योग भी किये तथा उनसे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में भी बताया।






इस मौके पर वि०वि० के कुलपति द्वारा सभी अधिकारियों और शिक्षकों से विद्यार्थियों को खेलो एवं योग में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने और उनके सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर वि०वि० के कुलपति एवं उपकुलपति अकादमिक द्वारा समस्त अतिथियों को विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन के माध्यम से ल्यूक नाथन हायेस नॉर्थ स्ट्रैडब्रोक आइलैंड ऑस्ट्रेलिया, डॉ० के.पी. शर्मा निदेशक एडमिन काठमांडू मेडिकल कॉलेज नेपाल, डॉ० मिराज रेजिडेंट डॉक्टर काठमांडू मेडिकल कॉलेज नेपाल, डॉ० तुआन सरिफा ऐनी प्रोफेसर यूआईटीएम लखनऊ, डॉ० लोरेना सी. इलागन डीन इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी ऑफ परपेचुअल हेल्प सिस्टम डाल्टा, डॉ अर्नाल्डो एस डी गुजमैन निदेशक यूनिवर्सिटी ऑफ परपेचुअल हेल्प सिस्टम डाल्टा, डॉ० मुश्यनूर अध्यक्ष यूनिवर्सिटीस इस्लाम असदियाह सेंगकांग इंडोनेशिया, इंदा अरविंती सहायक प्रोफेसर भाषा एकेआई विश्वविद्यालय इंडोनेशिया के साथ अन्य कई छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया तथा अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डॉ० सुशील कुमार एवं डॉ० दीपिका चौहान ने किया। इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के संकायाध्यक्ष डॉ० सुनील कुमार श्रीवास एवं विभागाध्यक्ष डॉ० प्रदीप कुमार का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में शोध निदेशक डॉ० पंकज कुमार सिंह, विकास त्यागी, डॉ० आर०बी० सिंह, डॉ० प्रताप सिंह, डॉ० गरिमा गुप्ता, डॉ० अमित सिंह, डॉ० रिचा यादव, डॉ० शिल्पी सिंह, डॉ० अरूण जादोन, प्रिंसी शर्मा, डॉ० महीप मिश्रा, डॉ० अमित सिंघल, चेतन्य गुप्ता, मूल राज, अमित कुमार, नेहा रानी, ममता रानी चौधरी एवं प्रीति तोमर आदि के साथ साथ बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद रहे।

# गुलमोहर एन्क्लेव में अवैध निर्माण पर जीडीए की कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी की आरडब्लूए की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। आरडब्लूए द्वारा सोसायटी में करवाये गए अवैध निर्माण का संज्ञान

**उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए किया वाद दायर**




जीडीए ने ले लिया है। जीडीए के अधिशासी अभियंता ने उक्त प्रकरण के विरुद्ध उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए वाद दायर किया है।

बता दें कि पिछले काफी समय से गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी आरडब्लूए आपने कारनामों के चलते चर्चा में है। कभी सोसायटी में अवैध निर्माण को लेकर तो कभी सोसायटी के मंदिर पर अवैध ट्रस्ट बनाने को लेकर आरडब्लूए की शिकायत अधिकारियों के पास पहुंचती रही हैं। वहीं सोसायटी निवासी गौरव बंसल ने भी जीडीए से इन अवैध निर्माण को लेकर शिकायत की थी। जिसका संज्ञान लेकर जीडीए के अधिशासी अभियंता ने गुलमोहर आरडब्लूए द्वारा कराए गए अवैध निर्माण व अवैध कब्जों को लेकर वाद दायर किया है। इस कार्यवाही के बाद गौरव बंसल ने जीडीए का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही होने पर उनका विश्वास जीडीए के प्रति और पक्का हुआ है।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने किया आई.एम.एस. में "ब्लड डोनेशन कैम्प" का सफलतापूर्वक आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा आज "ब्लड डोनेशन कैम्प क्टर (यूनिवर्सिटी कोर्स कैम्पस), एन0एच0-09. गाजियबाद में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया । रक्तदान एक अनमोल और जीवन रक्षक उपहार है। जो हम दूसरों को दे सकते हैं। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान भले ही छोटा लग सकता है किन्तु यह किसी का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी गंभीर स्थिति में किसी के लिए जीवन रेखा हो सकता है। साथ ही रक्तदान करने वाले व्यक्ति के लिए भी रक्तदान के बहुत से स्वास्थ्य लाभ है। रोटरी वरदान ब्लड सेन्टर के सहयोग से इस ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन आई.एम.एस., गाजियाबाद में किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैम्प के होस्ट रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी क्लब की सदस्या रो० दीपा छारिया एवं रो० डा० राकेश छारिया जी थे जिन्होनें कैम्प को पूर्ण रूप से सफल बनाने में पूर्ण सहभागिता की। इस कैम्प में कुल 187 यूनिट ब्लड कलेक्शन किया गया । रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के



सदस्यों, क्टर के छात्र-छात्राओं ने ब्लड डोनेशन में हिस्सा लेकर इस कैम्प को सफल बनाया। क्लब सदस्यों पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा0 सुभाष जैन, बबीता जैन, दीपा छारिया, डा0 राकेश छारिया, प्रवीन गोयल, सीमा गोयल, रीनम अग्रवाल, सारंग अग्रवाल, रीना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अनीश गुप्ता, इत्यादि सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्साहपूर्वक पूरा-पूरा योगदान दिया। क्लब के अध्यक्ष रो0 दीपक कुमार अग्रवाल एवं सचिव रो0 भारती गर्ग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, कैम्प के व्यवस्थापक एवं होस्ट रो0 दीपा छारिया एवं रो0 डा० राकेश छारिया, क्लब के सभी सदस्यों एवं आई.एम.एस., गाजियाबाद के छात्र-छात्राओं का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया ।

## धन्यवाद — शहर के भव्य आयोजन तथा समस्त त्योहार पर निगम की रहती है अहम भूमिकाः साजिदा पार्षद मिजार्पुर

# शहर में शब ए बारात पर निगम की सुदृढ़ व्यवस्था हेतु नगर आयुक्त का पार्षद ने किया धन्यवाद, विकास कार्यों पर की चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम सार्वजनिक आयोजनों पर तथा समस्त त्योहार पर व्यवस्था में जुटा रहता है, कुशल नेतृत्व में सभी विभाग भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां को बेहतर निभाते हैं इसी क्रम में पार्षद मिजार्पुर साजिदा द्वारा नगर आयुक्त गाजियाबाद का शब ए बारात पर बेहतर व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद किया गया, साथ ही मिजार्पुर क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए भी कहा गया मौके पर फहीम चौधरी व अन्य क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार शब ए बारात पर्व पर प्रकाश व्यवस्था को मस्जिदों पर सुदृढ़ किया गया तथा सफाई व्यवस्था को भी बेहतर बनाया गया मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था को देखते हुए क्षेत्र वासियों ने नगर निगम का धन्यवाद किया वार्ड 48 में 8 से 10 मस्जिद हैं जिन पर निगम की व्यवस्था व अन्य इंतजाम पुख्ता रहे क्षेत्र वासियों ने निगम का धन्यवाद किया नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ईद हो या अन्य त्योहार आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कराया जाता है जो की सराहनीय है।





गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शिवरात्रि महापर्व पर भी बेहतर व्यवस्थाएं की जा रही हैं मंदिरों में अन्य धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था की साथ-साथ प्रकाश में पेयजल की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा क्षेत्र वासियों से भी नगर आयुक्त लगातार सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए अपील कर रहे हैं सभी जाति वर्ग के त्योहारों में गाजियाबाद नगर निगम अहम भूमिका निभाता है जिस पर कई पार्षदों द्वारा भी नगर निगम की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई, आगे भी गाजियाबाद नगर निगम इसी प्रकार सार्वजनिक आयोजनों पर तथा अतिथियों के आगमन पर अहम भूमिका निभाता रहेगा मोटिवेशन किया गया।

# राजस्व वसूली में मुरादाबाद नगर निगम प्रदेश में प्रथम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद नगर निगम ने राजस्व वसूली में प्रदेश के सभी नगर निगमों को पीछे छोड़ दिया है।



मुरादाबाद ने पिछले साल की 3.82 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली की तुलना में 10.56 करोड़ रुपये की वसूली कर यह कीर्तमान स्थापित किया। प्रमुख सचिव ने मुरादाबाद के कार्यों की सराहना की है।नगर निगम मुरादाबाद ने 1,32912 सम्पतियों के सापेक्ष 84308 सम्पतियों से गृहकर वसूली कर 63 प्रतिशत के प्रभावशाली लक्ष्य को हासिल किया है। यह अन्य नगर निगमों की तुलना में सबसे सर्वोच्च है। वहीं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, यूजर चार्ज वसूली में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। गत वर्ष यूजर चार्ज वसूली शून्य थी, जबकि इस वर्ष 6991 लाख की वसूली की। जलकर वूसली में भी मुरादाबाद अव्वल रहा। 62 प्रतिशत वसूली की। सीवर टैक्स की वसूली में भी मुरादाबाद शीर्ष स्थान रहा। 82001 में 69 फीसदी वसूली हुई है। नगर निगम मुरादाबाद ने जनवरी माह तक निर्धारित 94 करोड़ रुपये लक्ष्य का 70 प्रतिशत 63.27 करोड़ रुपये वसूलकर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में नगर निगम मुरादाबाद की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की गई।

# दो छात्रों को ट्रैक्टर ने कुचला,एक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** गुरुवार सुबह एक बेकाबू ट्रैक्टर ने रबूपुरा-झाझर रोड पर बाइक सवार दो छात्रों को कुचल दिया। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, गांव मेहमदपुर निवासी ललित व मनीष दोनों दोस्त है और कस्बा झाझर में स्थित एक स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र है। दोनों छात्रों की यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू होने वाली थी। गुरुवार को दोनों छात्र गांव से बाइक लेकर अपने स्कूल प्रवेश पत्र लेने के लिए जा रहे थे। गांव से कुछ ही दूरी पर पहुंचते ही रबूपुरा-झाझर रोड पर तेज गति से आ रहे एक बेकाबू ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ललित ( 15 ) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मनीष ( 14 ) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक के पिता सुंदरलाल ने आरोपी चालक सचिन के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# किसानों के गन्ना का मूल्य न बढ़ने से नाराज किसान: मास्टर श्योराज सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की एक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह के आवास पर हुई। जिसमे भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में योगी मोदी की जोड़ी हे और उनका कहना है कि 2024 में किसानों की आय दोगुनी होगी लेकिन ऐसा 2025 तक भी देखने को नहीं मिल रहा है। बताया कि गन्ना किसानों के गन्ना का मूल्य न बढ़ाना किसानों के साथ एक धोखा है। जिससे गन्ना किसान बेहद नाराज हैं। और कहा कि किसान की सभी फसलें जैसे गेहूं, धान, सरसों, तिल, आदि फसलों को सरकार सस्ते रेट में लेकर। उन्हीं चीजों की पैकिंग में बन्द कर हजारों रुपए किलो तक बेचती है। लेकिन किसान की फसलों का रेट ज्यों की त्यों है। और कहा कि आज के समय में किसानों की फसलों के रेट पर केन्द्र व राज्य सरकार को विचार करना अत्यंत जरूरी है।

# प्राधिकरण के सेक्टर 18 में बने कम्प्लीशन से दरवाजे और विंडों चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 18 से बुधवार की रात भी एक कम्प्लीशन से अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट, चार दरवाजे, चार विंडो और रोशनदान उखाड़ कर चोरी कर लिये। उधर पुलिस ने मामले में लिखित शिकायत मिलने पर जांच की बात कही है। जानकारी के अनुसार नोएडा के रहने वाले नपीस का यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 18 के पॉकेट बी में 300 वर्ग मीटर का एक भूखंड है । पीड़ित द्वारा भूखंड पर कम्प्लीशन का निर्माण कराया गया। सेक्टर में मूलभूत सुविधाएं नही होने और बदमाशों के डर की वजह से अन्य खरीददारों की तरह वह भी यहां नही रहते हैं। बुधवार की रात अज्ञात चोर पीड़ित के बंद मकान का ताला तोड़ते हुए अंदर दाखिल हो गये। चोरों ने कम्प्लीशन का मुख्य दरवाजा, कमरों के चार दरवाजे, चार विंडों और रोशनदानों को हथोड़े से उखाड़कर चोरी कर लिया। साथ ही घर की वायरिंग को भी चोरी कर लिया गया। चोरी हुई सभी वस्तुओं की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक बताई गई है।

# "हर घर नल" योजना में कार्यदायी संस्था के भ्रष्टाचार को क्यों छुपाना चाहता है जल निगम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में टंकी निर्माण कराकर हर घर नल से स्वच्छ जल देने इरादों को कार्यदायी संस्थाओं द्वारा भ्रष्टाचार करके सरकार की सबसे बड़ी योजना को कमाई की योजना में तब्दील कर दिया है। कार्यदायी संस्थाओं के सरकारी खजाने की इस लूट में

**गुणवत्ताहीन कार्यों की शिकायत पर बिना जांच के आख्या लगाती अवर अभियंता**

जल निगम ग्रामीण के अधिकारियों के सहयोग से सरकार की हर घर नल योजना जमीन पर दम तोड़ती नजर आ रही है। भले ही हर घर नल योजना के जिम्मेदार कागजी आंकड़ों के जादू से सरकार को सब्जबाग दिखाने में सफल हो रहे है मगर जमीनी स्तर पर योजना की कब्रगाह बनाने का दोषी कौन है इसकी जवाबदेही किसकी होगी बताने वाला कोई नहीं है।

राजधानी लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल योजना से हर घर नल से जल पहुंचाने की जिम्मेदार संस्था के भ्रष्टाचार ने सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को बहुत बड़ा झटका दिया है।

एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस का बिगुल बजता है वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ मे ही हर घर नल योजना सूबे का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार होना जीरो टॉलरेंस नीति को आईना दिखाता है। राजधानी की आठ ब्लाकों की पंचायतों में हर घर नल जल योजना में कार्यदायी संस्था एन सी सी ने सरकार द्वारा तय मानकों से खिलवाड़ करते हुए पंप हाउस निर्माण, पाईप लाईन बिछाने से लेकर कनेक्शन देने तक जमकर घूसखोरी और भ्रष्टाचार करके योजना में गृहण लगाकर दागदार बना दिया है। हर घर नल योजना में भ्रष्टाचार का दोषी कार्यदायी संस्था एन सी सी को ठहराया जाय या कार्यवाही की सूली पर उन जल निगम ग्रामीण के अधिकारियों को




चढ़ाया जो कार्यदायी संस्था के भ्रष्टाचार पर पर्दा डालकर भ्रष्टाचार में कदमताल करते नजर आते है। समझना तब मुश्किल हो जाता है जब पता चलता है जिस जल निगम ग्रामीण को हर घर नल योजना को पाक साफ तरीके से पूर्ण कराकर लोगो को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की थी वहीं जिम्मेदार घूसखोरी करके कार्यदायी संस्था एन सी सी के द्वारा मानकों के विपरीत किए गए कार्य की शिकायत पर झूठी रिपोर्ट लगाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। राजधानी लखनऊ के विकास खंड माल में हर घर नल योजना की कार्यदायी संस्था एन सी सी द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत आई,.जी.आर. एस पोर्टल पर शिकायत संख्या 40015724064718 के माध्यम से दर्ज करायी गई थी। जिसमें कार्यदायी संस्था पर मानकों के विरुद्ध पंप हाउस निर्माण, पाईप लाईन बिछाने और कनेक्शन के नाम पर भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई थी। मगर नतीजा वहीं ढाक के तीन पात जांच के लिए नियुक्त जिम्मेदार अवर अभियंता अमिता सेन बिना जांच के ही शिकायत पर आख्या लगाकर लिख देती है कार्य मानकों के अनुसार हो रहा है कार्यदायी संस्था एन सी सी ईमानदारी से कार्य कर रही मगर अवर अभियंता यह भूल जाती है। कार्यदायी संस्था एन सी सी द्वारा बड़े पैमाने पर मानकों की अनदेखी कर बनाये गए गुणवत्ताहीन पंप हाउस, डाली गई पाईप लाईन, कनेक्शन देने में भ्रष्टाचार की गवाही विकास खंड की हर पंचायत आज भी चीख चीख कर दे रही है।

शिकायत के आधार पर झूठी आख्या लगाने वाली अवर अभियंता अमिता सेन से जब कार्यदायी संस्था एन सी सी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के इस प्रकरण पर बात की गई तो उन्होंने कहा जो जैसा चल रहा है वैसे ही चलता रहेगा। अगर शिकायत एक पंचायत की होती तब कुछ बात और होती अगर शिकायत पूरे विकास खंड की होगी तो आख्या ऐसे ही लगती रहेगी। अब देखने वाली बात यह होगी हर घर नल योजना में चल रहे भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही होगी या सरकारी खजाने की लूट की छूट इसी तरह होती रहेगी।

# महाशिवरात्रि के इंतजामों को लेकर हुआ मंथन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** महाशिवरात्रि एवं कावड़ियों के आगमन को देखते हुए इस बार नगर निगम ने चाक चैबंद इंतिजाम कराये जाने के लिए 4 सेक्टर बनाये है और हर सेक्टर की निगरानी के लिए नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी को सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। गुरुवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अधीनस्थों के साथ समीक्षा करते हुए सभी संबंधित को व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैनगर आयुक्त ने बताया महाशिवरात्रि और कांवरियों के रूट को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा अपनी समस्त व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के लिए कावड़ियों के रूट को 4 सेक्टर में बांटा गया है जिसके लिए प्रत्येक सेक्टर में एक सेक्टर प्रभारी 35 अधिकारीध्कर्मचारी की तैनाती सहित 30 क्विक एक्शन टीमें बनाई गई है साथ-साथ अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को सुपर नोडल अधिकारी बनाया गया है।नगर आयुक्त ने बताया महाशिवरात्रि पर नगरीय क्षेत्र में आने वाले कावड़ियों आगमन के सम्भावित मार्ग को 4 सेक्टरों में बांटा गया है और प्रत्येक सेक्टर में एक नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है सेक्टर-01 क्वार्सी चैराहा से पूरा रामघाट रोड मीनक्षी पुल के ऊपर से गांधी पार्क बस स्टैण्ड तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी आरपी सिंह कर निर्धारण अधिकारी सेक्टर2 गांधी पार्क बस बस स्टैंड से पत्थर बाजार से देहलीगेट उदयसिंह खेरेश्वर मंदिर तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी अमित कुमार सिंह उप नगर आयुक्त, सेक्टर 3 मैलरोज बाईपास होते हुए जीटी रोड से नादा पुल खेरेश्वर धाम तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी वीर सिंह सहायक नगर आयुक्त तथा सेक्टर 4 इगलास रोड से मथुरा बाईपास स्लॉटर हाउस से नादा पुल होते हुए खेरेश्वर मंदिर तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी बेचन सिंह कर अधीक्षक को बनाया गया है।

- **महाशिवरात्रि पर चाक चैबंद इन्तिजाम के लिए नगर निगम ने कसी कमर**
- **नगर आयुक्त ने खेरेश्वर धाम व कावड़ियों के रूट की समीक्षा**
- **महाशिवरात्रि पर होंगे नगर निगम के 4 सेक्टर-04 सेक्टर प्रभारी 1 सुपर नोडल 35 अधिकारीध्कर्मचारी से लैस 30 क्विक एक्शन टीमें**

नगर आयुक्त ने कहा महाशिवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए कावड़ियों के आवागमन मार्ग पर मीट विक्रेताओं की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी और आवारा पशुओं का विचरण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई आवारा पशु सड़क पर घूमते हुए पाया जाता है तो संबंधित पशुपालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा महाशिवरात्रि पर नगर निगम व्यवस्थाओं को समय से कराने के लिए सभी अधीनस्थों के दायित्व निर्धारित कर दिये गए है सभी के सहयोग से परंपरागत व्यवस्थाओं को पिछले साल से और भव्य रूप दिया जाएगा ।

# थाना कुढ़ फतेहगढ़ पुलिस ने किया एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में एक बांछित अभियुक्त को थाना कुढ़ फतेहगढ़ द्वारा गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 17 फरवरी को थाना कुढ़ फतेहगढ़ पर वादी गिरन्द सिंह पुत्र स्यौराज सिंह निवासी ग्राम मिठनपुर मौजा थाना कुढ़ फतेहगढ़ जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षीगण द्वारा खेत पर पेड लगाने को लेकर वादी व उसके चचेरे भाई के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करना जिसमें वादी के भाई का गम्भीर रुप से घायल हो जाने के सम्बन्ध में थाना कुढ़ फतेहगढ़ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमे गुरूवार को थाना कुढ़ फतेहगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त जगमोहन पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम मिठनपुर मौजा थाना कुढ़ फतेहगढ़ जनपद सम्भल को श्यौंडारा रोड से बेरनी की तरफ जाने वाले रास्ते पर से गिरफ्तार किया गया।



# कोतवाली में चला सास बहू का हाई वोल्टेज ड्रामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** कोतवाली परिसर में लगभग आधे घंटा करीब सास बहू का हाई वोल्टेज ड्रामा चलाता रहा। बताते चले की नगर के एक मोहल्ले के रहने वाले एक युवक की लगभग एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह हुआ था जिसमे लड़की अपने परिजनों से नाराज होकर लड़के के घर पहुंच गई थी युवक के परिजनों ने लोक लज्जा को देखते हुए उसकी शादी करा दी।

जिसमें युवती का आरोप है कि कुछ दिनों तक तो सब सही चला लेकिन कुछ दिनों बाद ही उसके ससुराल वाले उसके सामने ही उसके पति की दूसरी शादी कहीं और करा कर दहेज के नाम पर मोटी रकम वसूल की बात करते है व उससे मारपीट करते रहते है। इस सब में युवती ने अपने पति पर भी मार पीट का आरोप लगाया है। जिसको लेकर गुरुवार की दोपहर लगभग 1 बजे करीब महिला कोतवाली पहुंच गई और साथ में उसके पीछे पीछे उसके ससुराल वाले भी उसको रोकने के लिए थाने पहुंच गए। कुछ देर बाद युवती की मां भी थाने पहुंच गई और अपनी बेटी को समझने का प्रयास करने लगी लेकिन युवती ने किसी की नहीं सुनी और जोर-जोर से अपनी सांस पर आरोप लगाते हुए चीख पुकार करने लगी इसमें सास भी पीछे नहीं रही और लगभग आधे घंटे तक कोतवाली परिसर में ही दोनों सास बहू का हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा यह देख पुलिसकर्मियों ने दोनों को समझने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने और दोनों ही एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए थाने से चले गए।

# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** पुलिस ने बुधवार की रात एक व्यक्ति को कस्बा जहांगीरपुर के पास से अवैध तमंचे के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।




कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि बुधवार कि रात पुलिस गस्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति जहांगीरपुर भट्टे के पास अवैध तमंचा लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया और उसकी तलाशी ली, जहां उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस आरोपी को लेकर कोतवाली पहुंची, जहां पुलिस पूछताछ मे आरोपी की पहचाना गांव बंकापुर निवासी दीपक के रूप मे हुई है।

# झूठे आकड़ों और फर्जी दावों से भरा है उत्तर प्रदेश का बजट : अजय राय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने आज प्रदेश सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट को अदम गोंडवी द्वारा कही गई निम्न दो पंक्तियों में समेट दिया गया।

तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है,
मगर ये आकड़े झूठे हैं, यह दावा किताबी है।

श्री राय ने कहा कि साल दर साल योगी सरकार का बजट एक रस्म अदायगी के सिवाए और कुछ नहीं रह गया है। झूठी बातें, झूठे वादे, झूठे आकड़े और झूठे सपनों को कागज के कुछ पन्नों में बिखेर कर प्रदेश की 25 करोड़ की जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम योगी सरकार कर रही है।

श्री राय ने कहा कि अपनी कमियों को छिपाने के लिए गलत आकड़े पेश करने में बाज नहीं आ रही है योगी सरकार। उदाहरण के तौर पर प्रदेश ऋृणग्रस्तता के मामले में अपनी पीठ थपथपा रही है प्रदेश की योगी सरकार मगर वहीं कैग ने अपनी रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश की बढ़ती हुई ऋृणग्रस्तता पर अपनी चिंता जाहिर की है। 31 मार्च 2024 तक उत्तर प्रदेश सरकार पर कुल कर्ज 6,67,106.03 करोड़ था।

श्री राय ने कहा कि आत्मश्लाघा में डूबी यह सरकार यह दावा करती है कि प्रति व्यक्ति आय को बहुत बढ़ा दिया गया है मगर सच यह है कि आज भी पूरे भारत में प्रति व्यक्ति आय के मामले में उत्तर प्रदेश 28वें स्थान पर है।

श्री राय ने कहा कि किसानों को लेकर प्रदेश की योगी सरकार कितनी संवेदनहीन है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अभी हाल ही में पूरे प्रदेश के किसानों ने खाद को ब्लैक में खरीदा, ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों की बीमा की रकम किसानों तक नहीं पहुंची। गन्ना किसानों की एसएपी पिछले सात वर्षों में मात्र 55 रुपए बढ़ाई गई जबकि इस दरम्यान महंगाई के कई गुना बढ़ जाने से लागत में अभूतपूर्व वृद्धि हुई जिसके चलते गन्ना किसानों की आय बढ़ने के बजाय घट गई।

- **बुरी तरह से कर्ज में डूबी है प्रदेश की योगी सरकार- अजय राय**
- **प्रति व्यक्ति आय के मामले में पूरे देश में 28वें स्थान पर है प्रदेश**

योगी सरकार द्वारा पेश किए गये पिछले बजट में कृषि को प्रोत्साहन देने के नाम पर शुरू की गई तीन योजनाओं राज कृषि विकास योजना, यूपी एग्रीज योजना और ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना जैसी योजनाओं का क्या हुआ और वह कहां तक पहुंची इसकी कोई चर्चा इस बजट में नहीं है।

प्रदेश की आधी आबादी को लेकर यह बजट बहुत ही निराश करने वाला है। उज्जवला योजना के नाम पर गैस कनेक्शन तो वितरित किये जा रहे हैं मगर पुनः दोबारा सिलेण्डर किस प्रकार रिफिल कराये जायेंगे इस पर कोई बात नहीं की जा रही है। पूरे बजट में महिलाओं को कैसे विकास यात्रा में शामिल किया गया इसका कोई सुदृढ़ प्लान और नीति नहीं है। श्री राय ने कहा कि रोजगार को लेकर तमाम झूठे आकड़े पेश किये जा रहे हैं जबकि सच यह है कि प्रदेश का युवा बेरोजगार है और यह बात अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन के आकड़ों से स्पष्ट है।

इस वर्ष के बजट में सरकार का यह दावा करती है उत्तर प्रदेश कौशल मिशन के अन्तर्गत विगत 6 वर्षों में 15.25 युवाओं को निःशुल्क रोजगार परख प्रशिक्षण प्रदान किया गया वहीं पिछले बजट में यह कहा गया था कि इस मिशन के अंतर्गत 12.15 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। आकड़ों की इस बाजगरी में सरकार युवाओं के प्रति पूरी तरीके से संवेदनहीन बनी हुई है।

श्री राय ने कहा कि अधूरे मेडिकल कॉलेज, टूटते प्राथमिक विद्यालय, बिना किताबों और यूनिफॉर्म के छात्र, महंगाई से जूझती जनता, जंगलराज में बदलता प्रदेश और बजट दर बजट आत्ममुग्धता में मग्न सरकार, कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश में योगी राज की यही कहानी है।

**प्रतियोगिता**

## भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सौन्दर्य को देखेगी दुनिया

# 72 वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 2025 की मेजबानी करेगा तेलंगान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हैदराबाद (तेलंगाना)।** विश्व की सबसे प्रतिष्ठित सौन्दर्य प्रतियोगिता मिस वर्ल्ड 2025 के 72 वें संस्करण का आयोजन तेलंगाना में होने जा रहा है। कुल 4 हफ्ते ( 7 मई से 31 मई) तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विश्व भर की सुंदरियाँ अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भारत आकर इस प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगाना के विभिन्न शहरों में किया जाएगा जिसके माध्यम से विश्व, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सुंदरता का साक्षी बनेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन और ग्रैंड फिनाले समारोह 'मोतियों के शहर' और आई टी हब हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2014 में निर्मित भारत के सबसे युवा राज्य तेलंगाना में मिस वर्ल्ड 2025 के कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। मिस वर्ल्ड लिमिटेड की अध्यक्ष और सीईओ जूलिया मॉर्ले सीबीई ने तेलंगाना सरकार की पर्यटन, संस्कृति, विरासत और युवा मामलों के विभाग की सचिव सुश्री स्मिता सभरवाल के साथ मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 2025 के 72वें संस्करण की आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा "हमें बेहद खुशी और प्रसन्नता है कि मिस वर्ल्ड 2025 का आयोजन तेलंगाना जैसे राज्य में हो रहा है जो अपनी पुरातन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नवाचार और अपनी मेहमानवाजी के लिए प्रसिद्ध है। तेलंगाना सरकार के साथ हमारी पार्टनरशिप यहाँ की अमूल्य धरोहर और विरासत को पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी। यह पार्टनरशिप केवल मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी करने भर से संबंधित नहीं है अपितु यह महिलाओं और समाज को सशक्त बनाने, विश्व को यहाँ की संस्कृति विविधता में भी एकता का अनुभव कराने और 'ब्यूटी विद अ परपज' (उद्देश्यपूर्ण सौन्दर्य का उत्सव) के ध्येय वाक्य को केंद्र में रखकर हमारी साझी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ इसका दूरगामी और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करना है।" सीईओ मॉर्ले के विचारों से अपनी सहमति व्यक्त करते हुए तेलंगाना सरकार की पर्यटन, संस्कृति, विरासत और युवा मामलों के विभाग की सचिव स्मिता सभरवाल ने तेलंगाना में मिस वर्ल्ड संगठन का स्वागत करते हुए कहा "हम मिस वर्ल्ड लिमिटेड की अध्यक्ष और सीईओ जूलिया मॉर्ले सीबीई के निर्णय का स्वागत करते है कि प्रतियोगिता कराने के लिए एक ऐसी जगह का चुनाव किया है जहां सौन्दर्य केवल आँखों से देखने का विषय नहीं है बल्कि यहाँ पर आने वाले विश्व भर के प्रतिभागियों और पर्यटकों को यहाँ की मिट्टी, यहाँ की संस्कृति और परंपराओं में सौन्दर्य का अप्रतिम अनुभव होगा। उन्होंने आगे कहा ह्लमिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के इस मंच के माध्यम से तेलंगाना अपनी समृद्ध शिल्प कारीगरी और हथकरघा की विरासत, यहाँ के शानदार पर्यटन स्थलों, स्वादिष्ट व्यंजनों, प्राकृतिक सौन्दर्य और कला-कृतियों को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करेगा। तेलंगाना, मिस वर्ल्ड-2025 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है साथ ही हम विश्व भर से आने वाले अतिथियों के शानदार स्वागत और आवभगत के लिए तत्पर हैं। प्रतिष्ठित मिस वर्ल्ड फेस्टिवल में भारत सहित 120 से भी अधिक देशों की सुंदरियों अपनी किस्मत आजमाएंगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए विभिन्न देशों की प्रतिभागी 7 मई को तेलंगाना पहुंचेंगी और 31 मई को हैदराबाद में होने वाले ग्रैंड फिनाले में मौजूदा मिस वर्ल्ड चेकिया की क्रिस्टीना पिस्जकोवा अपनी उत्तराधिकारी को मिस वर्ल्ड का ताज पहनाएंगी।वर्ष 2024 में नई दिल्ली और मुंबई में आयोजित 71वें मिस वर्ल्ड की शानदार सफलता के बाद वैश्विक सौन्दर्य का यह उत्सव अब एक बार फिर से भारत में आयोजित होने जा रहा है। वर्ष 1951 में शुरू हुई इस विश्व प्रसिद्ध सौंदर्य प्रतियोगिता के 72 वें संस्करण की मेजबानी के लिए तेलंगाना में युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं साथ ही तेलंगाना इस भव्य आयोजन का साक्षी बनने के लिए "तेलंगाना -जरूर आनाः जहां सच्चे मायनों में सौन्दर्य मिलता है के ध्येय वाक्य के साथ विश्व को आमंत्रित रहा है।

# हिस्ट्रीशीटर राजकुमार उर्फ राजू गोली मारकर हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** भाजपा नेता दिनेश सिंह एडवोकेट के भतीजे सचिन के हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर राजकुमार उर्फ राजू की 19 फरवरी शाम गांव शादीपुर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। जट्टारी-पिसावा क्षेत्र की चर्चित रंजिश में इस हत्या को उस समय अंजाम दिया गया, जब वह अपने साथी संग बाइक से गांव लौट रहा था। हमले में गोली लगने से हिस्ट्रीशीटर साथी भी घायल हो गया। खबर पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस सूचना पर भीड़ जमा हो गई। खबर पर सीओ खैर, एसओ पिसावा, फील्ड यूनिट आदि पहुंच गए।

- **भाजपा नेता दिनेश सिंह एडवोकेट के भतीजे सचिन की हत्या मे था शामिल**

घायल सुंदर को अस्पताल भेजा गया, जबकि राजू का शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। पुलिस जांच में सामने आया कि 2020 में दमुआंका के ही भाजपा नेता पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के ब्रज प्रांत मंत्री दिनेश सिंह एडवोकेट के भतीजे भाजपा बूथ अध्यक्ष सचिन की हत्या में राजू जेल गया था। पुलिस उसी रंजिश से जोडकर जांच कर रही है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में ईशल ने बाजी मारी, प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा का उजागर होता है: ज्ञानचंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कोठी गेट स्थित संजय गांधी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में पूर्व में आयोजित की गयी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गुरुवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश तोषनीवाल,प्रतीक तोषनीवाल व श्रद्धा तोषनीवाल ने संयुक्त रूप प्रतियोगिता में स्थान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ईशल,द्वितीय हर्ष व तृतीय स्थान भास्कर वर्मा को पुरस्कार प्रदान कर अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि समय और शिक्षा का सही उपयोग की व्यक्ति को सफल बनाता है। कालेज के प्रबन्धक ज्ञानचंद शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं का उजागर होता है। इसके मद्देनजर स्कूल में समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है।



इस अवसर पर वर्षा,वैष्णवी,ज्योति मिश्रा,रीतु शर्मा, वंशिका,मिस्बा,गुंजन,सानिया,तनिषा शर्मा शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# व्यापारी अखिलेश मित्तल के आवास पर पहुंचे राज्यमंत्री वाईपी सिंह, फूलमालाओं से हुआ स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** पिलखुवा के व्यापारी और समाजसेवी अखिलेश मित्तल के यहां पहुंचे यूपी सिडको के चेयरमैन वाईपी सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओ ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष विभु बंसल और अन्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान महाकुंभ को लेकर विपक्ष के निशाना साधने पर बोले राज्यमंत्री वाईपी सिंह कि महाकुंभ को लेकर विपक्ष भ्रामक प्रचार कर रहा है। महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ है। आज तक का संसार भर में सबसे सफल आयोजन अच्छी व्यवस्थाओं के साथ हुआ है। इसमें वास्तव में लोगों को बधाई देनी चाहिए। लेकिन जो विपरीत विचार धाराओं को मानने वाले लोग हैं वो इस पर पॉलिटिक्स कर रहे हैं। मैं उनको चेताना चाहता हूं कि भारतीय संस्कृति के विचारों से खिलवाड़ ना करें वरना उनको आने वाले चुनावों में इसका भुगतान करना पड़ेगा।





**छिजारसी टोल प्लाजा पर किया स्वागत**

पिलखुवा नगर पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने भाजपाइयों के साथ छिजारसी टोल प्लाजा पर यूपी सिडको के चेयरमैन वाई पी सिंह का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, सभासद नरेश भारती, अश्वनी बाल्मीकि, राजू त्यागी, अमित टांक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण अभियान 2025-26: जनपद में विभिन्न प्रजातियों के 1141080 पौधे रोपित किये जायेंगे : डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने व पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए आगामी जुलाई,अगस्त माह में जनपद में वन विभाग,कृषि विभाग,उद्यान विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के 1141080 पौधों का रोपण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सरकारी विभागों को पौधारोपण करने का लक्ष्य आवंटन कर विभागीय अधिकारियों को पौधे रोपित करने के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये है। जिससे समय से पौधारोपण का कार्य संपन्न हो सके।

- डीएम ने सभी विभागों को पौधारोपण करने का लक्ष्य आवंटन किया
- जिलाधिकारी ने पौधारोपण हेतु भूमि चिन्हित करने के दिये निर्देश
- पौधारोपण करने से होगा पृथ्वी का श्रृंगार:डीएफओ
- पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल भी करनी चाहिए:अजय

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्माने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश स्तर पर वर्ष 2025-26 में भी 35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें जनपद को 11 लाख 41 हजार 080 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पौधारोपण करने के लिए जिले में सभी विभागों को लक्ष्य का आवंटन कर दिया गया है। साथ ही विभागीय अधिकारियों को पौधारोपण करने के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये है। जिससे समय पर पौधारोपण हो सके।

उन्होंने बताया कि वन विभाग एक लाख,ग्राम्य विकास विभाग 517000,राजस्व विभाग 44000,पंचायती राज विभाग 53000,नगर पालिका परिषद हापुड़,पिलखुवाव गढ़मुक्तेश्वर 5-5-5 हजार,नगर पंचायत बाबूगढ़ 3000,लोक निर्माण विभाग 15000,कृषि विभाग 104000,माध्यमिक शिक्षा 3000,बेसिक शिक्षा विभाग 5000,स्वास्थ्य विभाग 11000,रेलवे विभाग 13000,उद्यान विभाग 64000,पर्यावरण 50000 आदि विभागों द्वारा 1141080 पौधे रोपित किये जायेंगे।






डीएम प्रेरणा शर्मा अधिकारियों को पौधारोपण से सम्बंधित निर्देश देते हुए व हाफिजपुर पौधशाला में रोपने हेतु तैयार होते पौधे।

**धरती खुशहाल होने पर बदरा झूमकर बरसेंगे**

विज्ञान संचारक व आदर्श इंटर कालेज प्रधानाचार्य उपकार दत्त शर्मा ने कहा कि मानव के जीवन में वृक्षों का सबसे अहम स्थान है। वृक्षारोपण कर पृथ्वी का श्रृंगार करें। धरती खुशहाल होने पर बदरा झूमकर बरसेंगे। पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए।

**पेड़ पौधे धरा का गहना है:प्रमोद**

डीएफओ प्रमोद ने बताया कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। वृक्षों की अंधाधुंध कटान के द्वारा बाढ़,सूखा अपरदन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। इन समस्याओं से बचाव के लिए वृक्षों का बचाव व पौधारोपण बहुत जरूरी है। वर्ष 2025-26 में जनपद में 1141080 पौधों का रोपण किया जायेगा।





डीएफओ प्रमोद कुमार व अजय त्यागी

**प्रदेश सरकार पौधारोपण के प्रति गंभीर**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पौधारोपण के प्रति गंभीर है। सरकार ने वर्ष 2019-20 में प्रदेश सरकार 22 करोड़,वर्ष 2020-21 में 25 करोड़ व वर्ष 2021-22 में 30 करोड़,2022-23 में 35 करोड़ अब वर्ष 2023-24 में भी 35 करोड़ अब वर्ष 2024-25 में 35 वर्ष 2025-26 में 35 करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**इन प्रजातियों के पौधों का होगा रोपण**

डीएफओ प्रमोद कुमार ने बताया कि अमरुद्ध, अर्जुन, आम, इमली, आंवला, कचनार, कटहल, गोल्ड, मोहर, जामुन, नींबू, पिलखन, पीपल, बबूल, बरगद, बेल, बांस, बेर, शीशम, सागौन,कनरे आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण होगा।

**पौधशाला में पौधे होने लगे तैयार**

डीएफओ ने बताया कि जनपद में बुलन्दशहर रोड पर हाफिजपुर व गढ़ क्षेत्र में आमगीरपुर में वन विभाग की पौधशाला में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपण करने के लिए तैयार होने लगे है। समाजसेवी अजय त्यागी ने बताया कि पौधारोपण करने से पृथ्वी का श्रृंगार होता है। सरकार के साथ आम नागरिक को भी पौधारोपण करना चाहिए। जिससे प्रदूषण नियंत्राण व पर्यावरण संतुलन बना रहे। पौधारोपण करने के बाद पौधे के बड़े होने तक उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा-2025...परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों में प्रश्न पत्रों का किया वितरण: डा.विनिता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** आगामी 24 फरवरी से शुरू होने जा रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन से कमर कस ली है। 40 परीक्षा केन्द्रों को 3 जोन व 10 सेक्टरों में बांटा गया है। एसएसवी इंटर कालेज से केन्द्र व्यवस्थापकों में प्रश्न पत्रों का वितरण किया। प्रश्न पत्रों को कड़ी सुरक्षा में परीक्षा केन्द्रों पर रखा गया है।

आपको बता दें,कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होने जा रही है। परीक्षा संपन्न कराने के लिए जनपद में 40 कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जहां हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 28524 छात्र-छात्राएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में बोर्ड परीक्षा देंगे। केन्द्र व्यवस्थापकों द्वारा केन्द्रों पर परीक्षा से सम्बंधित सभी तैयारी की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक पीके के उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए सभी केन्द्र सीसीटीवी कैमरों व वायरस रिकार्डर से लैस है। सभी केन्द्रों जनपद व लखनऊ कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। जहां से सभी केन्द्रों पर कड़ी नजर रखी जायेंगी। नकल पर नकेल कसने के लिए चार सचल दस्तों का भी गठन किया गया है।

- परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्बंधित तैयारी की जा रही है
- नकल पर नकेल कसने को चार सचल दस्तों का किया गठन

डीआईओएस ने बताया कि एसएसवी इंटर कालेज से केन्द्र व्यवस्थापकों में 10वीं व 12वीं के प्रश्न पत्रों का वितरण किये गये। प्रश्न पत्र पुलिस की निगरानी में परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच गये है। जहां प्रश्न पत्रों को डबल लॉक की अलमारी में रखे गये। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्था की गयी है।

उन्होंने बताया कि 40 परीक्षा केन्द्रों को तीन जोन व 10 सेक्टर में विभाजित किया है। बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए करीब 1725 शिक्षकों की डयूटी लगाई गयी है।

# बालश्रम रोकथाम अभियान,4 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में बालश्रम रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को थाना एएचटीयू व श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम ने अभियान में थाना सिंभावली क्षेत्र में काम कर रहे चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर थाना एएचटीयू व श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा समय-समय पर बालश्रम संरक्षण हेतु बालश्रम रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को टीम ने थाना सिंभावली क्षेत्र में अभियान चलाकर दुकानों, होटलों,कारखानों व वर्कशाप आदि की जांच की। जिसमें 4 बाल श्रमिक कार्य करते हुए मिल,जिन्हें टीम ने बालश्रम से मुक्त कराया। साथ ही बाल श्रम करवाने को वाले को वैधानिक चेतावनी दी,कि भविष्य में बालश्रम कराने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

- बाल श्रम करवाने वाले के खिलाफ होगी कार्यवाही: एएलसी
- जिले में बालश्रम की रोकथाम हेतु अभियान जारी रहेगा: सर्वेश





सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि जनपद में बालश्रम रोकने के लिए जिले में अभियान जारी रहेगा। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम कराना बालश्रम की श्रेणी में आता है। बालश्रम कराने से बच्चे के विकास और कल्याण को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बताया कि बालश्रम से बच्चों के मानसिक, शारीरिक व सामाजिक नुकसान पहुंचता है। बालश्रम करवाने वाले को तीन से एक वर्ष तक का कारावास या 10 से 20 हजार तक जुमार्ने से दंडित किया जा सकता है।

**गरजा बुलडोजर** | 4 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त,गोदाम भवन किये सील,मचा हड़कंप

# हापुड़ विकास क्षेत्र में एचपीडीए का गरजा बुलडोजर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में हापुड़ विकास क्षेत्र में चार स्थानों पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त व गोदाम भवन सील करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माण कर्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि हापुड़ विकास क्षेत्र में किठौर,धनौरा व असौड़ा स्वर्ग आश्रम रोड़ पर उपेन्द्र त्यागी द्वारा 10000 वर्ग मीटर,आवास विकास से धनौरा व असौड़ा स्वर्ग आश्रम रोड़ पर सत्य प्रकाश त्यागी द्वारा 7000 वर्ग मीटर,ग्राम धनौरा फ्लाई ओवर भूषण,सोमवीर द्वारा 10000 वर्ग मीटर,असौड़ा दोयमी रोड पर इन्दु शर्मा,विशाल गोयल व मनोज शर्मा द्वारा 8000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। उन्होंने बताया कि मेरठ रोड आरटीओ कार्यालय के निकट फरियाद द्वारा 200 वर्ग मीटर में गोदाम,साकेत प्रथम में संजीव कुमार द्वारा 750 वर्ग मीटर में गोदाम,ग्राम असौड़ा में सानू खान द्वारा 120 वर्ग मीटर में गोदाम व देवी मंदिर के पीछे फ्री गंज रोड हरीश वर्मा द्वारा 125 वर्ग मीटर में अवैध रूप से निर्मित भवन को सील करने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस ध्वस्तीकरण अभियान में अवर अभियंता राकेश सिंह तोमर व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

**जनमानस से अपील, मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें: प्रभारी सचिव**





# कोल्ड स्टोरों में भंडारण प्रभार नहीं बढ़ेगा, हुआ समझौता: पवन हूण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की निदेशालय उद्यान में खाद्य प्रसंस्करण लखनऊ उत्तर प्रदेश के सभागार कक्ष में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष चौ0 हरिनाम सिंह वर्मा व कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन उ0 प्र0 के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल मध्य समझौता हुआ। जिसके अनुसार वर्ष 2025 में प्रदेश के निजी शीतगृहों में भंडारण प्रभार नहीं बढ़ाया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन हापुड़ के जिला अध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने कहा कि जब किसान आलू रखता निकासी के समय वजन सही दिया जाए,हापुड़ जिले में हॉर्टिकल्चर व बीडोओ का चार्ज पर एक ही अधिकारी नियुक्त है,इसका अलग चार्ज दिया जाए,जब किसान आलू रखता है तो आलू का बीमा कराया जाए,जिससे आलू किसानों को लाभ मिले।

**जिला उद्यान अधिकारी से बीडीओ का चार्ज हटाया जाये**



इस अवसर पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, कटार सिंह, बबलू दुबे,अंकित चौहान, राजकुमार तोमर आदि लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# भारत की कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) क्षेत्र की सफलता: किफायती नवाचार के साथ भविष्य को सशक्त बनाना



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में एक परिवर्तनकारी क्रांति देख रहा है, और इस बदलाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार प्रत्यक्ष रूप से एक एआई क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफायती कीमत पर उपलब्ध हैं।

मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआई सिर्फ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के जरिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआई क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं। आइए एक नजर डालते हैं कि मोदी सरकार भारत को वैश्विक एआई दिग्गज बनाने के लिए क्या कर रही ह।

इंडियाएआई मिशनः एआई को सुलभ बनाने में अग्रणी भूमिकाभारत के एआई क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडियाएआई मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है।

एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरूआत लगभग 1०० जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे।

**जीपीयू आधारभूत ढांचा और खुला जीपीयू बाजार**

इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18,693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है।

मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाजार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाजार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाजार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गजों का दबदबा होता है।

मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18,693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी।

इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफॉर्म की उम्मीद की जा सकती है।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत और रचनात्मक विपक्ष आवश्यक है



प्रियंका सौरभ

**विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है, यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएँ हैं**

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चचाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चचाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दशार्ती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। "विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना" या "विधेयक पर बात न करना" का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बबार्दी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुँचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, "सत्ता भ्रष्ट करती है" और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित "परोपकारी" राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यतः एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरूआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है।राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चचाओं में पुराने जमाने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएँ फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए।


तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चचाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुँचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ. राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा। महत्त्वपूर्ण नीतियों में पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना, मीडिया तक समान पहुँच प्रदान करना और राज्य निधि का आवंटन शामिल है। लोकतंत्र को गतिशील, उत्तरदायी और जवाबदेह बनाने के लिए एक मजबूत और सफल विपक्ष का होना आवश्यक है।।

## गज़ल

तपते तपते धूप में इक दिन दिया हो जाऊँगा
देखना फिर इस धरा से मैं फना हो जाऊँगा
चल रहा हूँ मैं अकेला भीड़ में सबसे अलग
चलते चलते एक दिन सबसे जुदा हो जाऊँगा
जेब छोटी है तो क्या दिल से बड़ा हूँ दोस्तो
इक न इक दिन मैं बड़े से भी बड़ा हो जाऊँगा
किस तरह ज़िन्दा रहूँ मैं मुफलिसी के दौर में
बस तड़पते ही तड़पते मैं विदा हो जाऊँगा
आज नजरों में सभी के चुभ रहा 'संजय' बहुत
देखना पर एक दिन सबका सखा हो जाऊँगा।



संजय कुमार गिरि




**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# नैतिकता का मुखौटाः समाज का दोहरा चरित्र




प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)

शहर के प्रतिष्ठित उद्यान में संध्या वेला के समय बुजुर्गों की एक विशिष्ट सभा जमती थी, जिसे आदरपूर्वक "संस्कृति रक्षक मंडली" की संज्ञा दी गई थी। ये अनुभवी सज्जन अपने समय के गहन विचारक माने जाते थे, जिनका प्रत्येक संवाद युवाओं के क्षीण होते संस्कारों पर चिंता व्यक्त करने के लिए ही होता था। उनकी दृष्टि में परंपराएँ समाज की आधारशिला थीं, और आधुनिकता एक भयावह आँधी की भाँति भारतीय संस्कृति को तहस-नहस कर रही थी।

आज की चर्चा विशेष रूप से गंभीर थी। वमार्जी ने अपना चश्मा ठीक करते हुए गर्म चाय की चुस्की ली और भारी स्वर में बोले, "समाज का नैतिक पतन अब चरम पर पहुँच चुका है। देखिए, इन दिनों की बहुएँ और बेटियाँ कैसे कपड़े पहन रही हैं! घूँघट तो अब इतिहास बन चुका है, साड़ी का स्थान जींस-टॉप और स्कर्ट ने ले लिया है। माता-पिता ने बच्चों को पूरी तरह खुला छोड़ दिया है, इसलिए ये दिन देखने पड़ रहे हैं।" शमार्जी ने उनकी बात को बल देते हुए सिर हिलाया, "बिल्कुल सही कह रहे हैं आप! संस्कारों की धज्जियाँ उड़ चुकी हैं। पहले की नारियाँ लज्जा और मयार्दा का प्रतीक थीं, अब देखिए, पश्चिमी संस्कृति ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। आजकल की पीढ़ी को परंपराओं का कोई ज्ञान ही नहीं रहा।" पार्क में उपस्थित अन्य बुजुर्ग भी इस गंभीर विमर्श में शामिल हो गए। किसी ने कहा, "पहले बहुएँ ससुर के सामने सिर झुकाकर खड़ी होती थीं, अब तो बेझिझक फैशन परेड करती हैं!" तो कोई बोला, "आजकल के युवक भी कहाँ कम हैं! कान में बाली, अजीबो-गरीब हेयरस्टाइल और आधुनिकता के नाम पर अनुशासनहीनता। ये सब बदलाव समाज को बर्बाद कर रहे हैं।" संस्कृति की रक्षा के संकल्प के साथ इस सभा का समापन हुआ। सभी अपने घरों को रवाना हुए, मन में यह दृढ़ विश्वास लिए कि वे समाज को नैतिक पतन से बचाने के लिए कटिबद्ध रहेंगे।रात्रि के समय वमार्जी जैसे ही घर पहुँचे, श्रीमती वर्मा प्रसन्न मुद्रा में मोबाइल लेकर उनके पास आईं, "सुनिए, देखिए, बेटे और बहू की तस्वीरें आई हैं। बहू कितनी प्यारी लग रही है इस ड्रेस में!" वमार्जी ने उत्सुकता से मोबाइल स्क्रीन की ओर देखा। बहू ने घुटनों तक की स्टाइलिश ड्रेस पहनी थी, बाल खुले थे, हल्का मेकअप था, और चेहरे पर आत्मविश्वास झलक रहा था। वमार्जी का चेहरा खिल उठा। "वाह! हमारी बहू कितनी ग्रेसफुल और मॉडर्न लग रही है। समय के साथ बदलाव जरूरी है, पहनावे से संस्कार थोड़े ही बदलते हैं! आत्मविश्वास मायने रखता है, और आजकल का फैशन ही यही है। हमें नई पीढ़ी की सोच को खुले मन से अपनाना चाहिए।"श्रीमती वर्मा ने विस्मय से उनकी ओर देखा। "अभी कुछ घंटे पहले आप कह रहे थे कि बहुओं को साड़ी पहननी चाहिए और घूँघट में रहना चाहिए, और अब इतनी आधुनिक सोच?" वमार्जी ने मुस्कुराते हुए कहा, "अरे भाग्यवती, समाज में कुछ बातें कहनी पड़ती हैं, लेकिन घर में हमें खुश रहना चाहिए। वैसे भी, हमारी बहू पढ़ी-लिखी और समझदार है, उसे अपनी मर्जी से जीने देना चाहिए!" श्रीमती वर्मा हल्की मुस्कान के साथ रसोई की ओर बढ़ गईं।

# राष्ट्रप्रेम सर्वोपरि : राष्ट्रीयता की मूल भावना में शिक्षा का आधार होना चाहिए



संजीव ठाकुर

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव के साथ प्रस्फुटित होना चाहिए ' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था । जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई, आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे।

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं'आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है।


# अलौकिक साधनावाले सिद्ध एवं विलक्षण संत,आचार्य श्री विद्यासागरजी



देवेन्द्र ब्रह्मचारी

दिगंबर जैन परंपरा के सबसे वयोवृद्ध तेजस्वी, योगी, महामनीषी आचार्य, परम पूज्य, सिद्धांत चक्रवर्ती, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी, जैनधर्म को एक नयी पहचान देने वाले राष्ट्रसंत एवं संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के अवसर पर 21 फरवरी 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाले स्मरणांजलि समारोह एक आयोजन भर न होकर उस युगवेत्ता-युगप्रवर्तक महापुरुष की स्मृतियों को जीवंतता देने का सशक्त माध्यम है। यह आयोजन श्रद्धालुओं की श्रद्धा एवं भक्ति का ऊंच शिखर है।

भारत की इस पवित्र माटी को मेरे गुरु आचार्य विद्यासागरजी ने अपने पवित्र ज्ञान, अनुभव एवं आध्यात्मिक शक्ति से अभिसिंचित किया। उनकी साधना और कथनी-करनी की एकता ने सारे विश्व को ज्ञान रूपी आलोक से आलोकित किया था। स्थितप्रज्ञ आचार्य विद्यासागरजी ने अपने जीवनानुभव की वाणी से त्रस्त मानवता और विघटित समाज को एक नवीन संबल प्रदान किया था, जिससे राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और संस्कृतिक क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। उनका गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। भगवान राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, ईसा, हजरत मुहम्मद, आचार्य कुन्दकुन्द, शंकराचार्य, संत कबीर, दादू, नानक एवं महात्मा गाँधी की श्रृंखला में आचार्य विद्यासागरजी जैसे महामना संत, समाज सुधारक एवं अध्यात्म मनीषी महामानव ने अपनी आत्म-साधना के बल पर स्वतंत्रता और समता के जीवन-मूल्य प्रस्तुत करके सम्पूर्ण मानवता को एक सूत्र में बाँधा था। जीवन में आस्था और विश्वास, चरित्र और निर्मल ज्ञान तथा अहिंसा एवं निर्बैर की भावना को बल दिया। जिनकी ओज और माधुर्यपूर्ण वाणी में ऋजुता, व्यक्तित्व में समता, जीवनशैली में संयम की त्रिवेणी थी। जीवन-मूल्यों को प्रतिष्ठित करने वाले बाल ब्रह्मचारी श्री विद्यासागर जी स्वभाव से सरल और सब जीवों के प्रति मित्रवत व्यवहार के संपोषक थे, इसी के कारण उनके व्यक्तित्व में विश्व-बन्धुत्व की, मानवता की सौंधी-सुगन्ध विद्यमान रही। वे बीसवीं सदी के संत परम्परा के महान साहित्य सृष्टा युगपुरुष थे। उनका



साहित्य परिमाण की दृष्टि से ही विशाल नहीं, अपितु गुणवत्ता एवं जीवन मूल्यों को संचारित करने की दृष्टि से भी इसका विशिष्ट स्थान है। गिरते सांस्कृतिक मूल्यों एवं अपसंस्कारों को नियंत्रित करने एवं सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्प्रतिष्ठा उनके साहित्य में पंक्ति-पंक्ति में देखा जा सकता है। वे न केवल वैचारिक क्रांति के पुरोधा पुरुष थे बल्कि समाज एवं धर्मक्रांति के भी जनक थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होती है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में अध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। आचार्य विद्यासागरजी का जन्म आश्विन शरदपूर्णिमा संवत 2003 तदनुसार 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक प्रांत के बेलग्राम जिले के सुप्रसिद्ध सदलगा-चिक्कोडी ग्राम में श्रेष्ठी श्री मलप्पा पारसप्पाजी अष्टगे एवं श्रीमती अष्टगे के घर में हुआ। बचपन का नाम विद्याधर रखा गया। बचपन में ही आपको जैन धर्म एवं दर्शन के संस्कार और धार्मिक विचारों से ओतप्रोत वातावरण मिला। आपने कक्षा नौवीं तक कन्नड़ी भाषा में शिक्षा ग्रहण की और उस छोटी उम्र में ही उनका मन धर्म की ओर आकर्षित हो गया और उन्होंने उसी समय आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संकल्प कर लिया। उन दिनों विद्यासागरजी आचार्यश्री शांतिसागरजी महाराज के प्रवचन सुनते रहते थे। इसी प्रकार धर्म ज्ञान की प्राप्ति करके, धर्म के रास्ते पर अपने चरण बढ़ाते हुए मुनिश्री ने मात्र 22 वर्ष की उम्र में अजमेर (राजस्थान) में 30 जून, 1968 को आचार्यश्री ज्ञानसागरजी महाराज के शिष्यत्व में मुनि दीक्षा ग्रहण की। उन्होंने कन्नड़ भाषा में शिक्षण ग्रहण करने के बाद भी अँग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत और बांग्ला भाषाओं का ज्ञान अर्जित करके उन्हीं भाषाओं में लेखन कार्य किया। उनके द्वारा रचित रचना-संसार में सर्वाधिक चर्चित और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मूक माटी महाकाव्य है जिसने हिन्दी-साहित्य और हिन्दी संत-सहित्य जगत में एक विशिष्ट जगह प्राप्त की है। यूं तो उनकी हर पुस्तक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ प्रख्यात है। आचार्य विद्यासागरजी एक वृहद् धार्मिक समुदाय के आध्यात्मिक नेता थे। उनके वटवृक्षीय नेतृत्व के निर्देशन में साहित्य के अलावा अनेक प्रवृत्तियां चलयमान रही हैं। आपकी प्रेरणा और आशीर्वाद से कई गौशालाएं, स्वाध्याय शालाएँ, औषधालय स्थापित किए गए थे। आचार्यश्री ने पशु माँस निर्यात के विरोध में जनजागरण अभियान भी चलाया। साथ ही सर्वोदय तीर्थ के नाम से अमरकंटक में एक विकलांग निःशुल्क सहायता केंद्र चलाया। आपने पशु धन बचाने, गाय को राष्ट्रीय प्राणी घोषित करने, माँस निर्यात बंद करने को लेकर अनेक उल्लेखनीय कार्य किए थे। संस्कृति के संवर्धन में भी आपका उल्लेखनीय योगदान है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योगी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में ग्रामोद्योगियों को दी गई पुरस्कार राशि

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय में गुरूवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योगी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामोद्योगियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार हस्तशिल्पियों, माटीकला कारीगरों एवं ग्रामोद्योगियों के उत्थान के प्रति कृत संकल्पित है। उन्होंने मण्डल के सभी हस्तशिल्पियों एवं परम्परागत कारीगरों से आव्हान किया कि वह अपने-अपने जिलों में उपस्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालयों में संपर्क कर सरकार द्वारा प्रदत्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अलीगढ़ विजयगढ़ के श्यामवीर सिंह को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 15 हजार रुपए, कासगंज की प्रिया तिवारी को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 12 हजार रुपए एवं हाथरस की श्रीमती ममता को तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही विजेता उद्यमियों को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवत्र से भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कासगंज राकेश कुमार यादव, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय एटा के प्रधान सहायक सुघर सिंह, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय हाथरस के कनिष्ठ सहायक संजीव कुमार, समेत अन्य कार्मिक व ग्रामोद्योगी उपस्थित रहे।

# वृंदावन में बिहारीजी कॉरिडोर के लिए योगी सरकार ने दिए 150 करोड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** कई सालों से इंतजार के बाद योगी सरकार ने वृंदावन में बिहारीजी मंदिर कॉरिडोर के लिए 150 करोड़ का प्रावधान कर दिया है। इसके अलावा भी राज्य सरकार ने 125 करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश ब्रज

**राज्य सरकार के बजट में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद को पर्यटन विकास के लिए मिले 125 करोड़**

तीर्थ विकास परिषद को पिछले साल से ज्यादा 125 करोड़ रुपये दिए हैं। योगी सरकार ने वृहस्पतिवार को एक बार फिर बिहारीजी के श्रद्धालुओं की उम्मीद को पंख लगा दिए हैं। राज्य सरकार ने कॉरिडोर का रास्ता साफ



करते हुए अपने वार्षिक बजट में बिहारीजी कॉरिडोर के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए है। इसमें 100 करोड़ जमीन खरीद और 50 करोड़ निर्माण के लिए दिए गए है। मथुरा जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के प्रस्तावित प्लान के मुताबिक प्रस्तावित कोरिडर बनने के बाद करीब 10 हजार श्रद्धालु अपने आराध्य के सुगमतापूर्वक दर्शन कर सकेंगे।

इसके अलावा राज्य सरकार ने 125 करोड़ का बजट पर्यटन विकास के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद को भी दिया है। यह धन राशि पिछले वित्तीय वर्ष में मिली राशि से पांच करोड़ रुपया ज्यादा है।

# योगी सरकार ने जो बजट पेश किया है उसमें जनता के साथ धोखा और छलावा के अलावा कुछ नहीं है : चौधरी भगवान सिंह वर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि योगी सरकार ने जो बजट पेश किया है उसमें जनता के साथ धोखा और छलावा के अलावा कुछ नहीं है रोजगार के लिए कोई प्रावधान नहीं है बजट में जाति जनगणना की बात होनी चाहिए जिससे भागीदारी व हिस्सेदारी की जानकारी हो सके पेपर लीक रोकने के लिए कोई प्रावधान बजट में नहीं है जबकि पिछले 10 सालों में 70 बार पेपर लीक हुआ है जमीन अधिकरण कानून को कमजोर किया गया है जिस कारण किसानों को उचित मुआवजा नहीं



मिल पा रहा है यह दिशाहीन बजट है इसमें किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला है इस बजट में किसानों का नाम तक नहीं लिया गया है गरीब और गरीब होगा अमीर और अमीर होता जाएगा प्रदेश के किसान धरने पर बैठे हैं लेकिन बजट में एमएसपी तक की बात नहीं की गई है यह बजट पृदेश को डूबोने वाला बजट है। इस बजट से बेरोजगार युवाओं को कभी रोजगार नहीं मिलेगा बेरोजगारी को बढ़ावा मिलेगा किसानों का उत्पीड़न होगा छोटे व्यापारी और अधिक परेशान होंगे यह बजट पिछड़ीं जाति और दलित विरोधी है तथा यह बजट मध्यम वर्गीय व गरीब विरोधी है यह बजट जनता को भुखमरी के कगार पर खड़ा कर देगा तथा मथुरा के विकास के लिए कुछ नहीं है कुर्सी बचाओ बजट है।

# वामपंथी पार्टियों का केंद्रीय बजट के विरुद्ध जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** मथुरा 20 फरवरी वामपंथी पार्टियों सी पी आई, सी पी एम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले की ओर से संयुक्त प्रदर्शन जिला अधिकारी कार्यालय मथुरा के सामने किया गया जिसमें देश के 200 अरबपतियों पर चार परसेंट की संपत्ति कर लगाने कृषि उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी प्रदान करने सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण हर हाल में रोकने बीमा क्षेत्र की 100% विदेशी निवेश को वापस लाने मनरेगा के लिए बजट में 50% वृद्धि करते हुए शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम लागू करने जीडीपी का 3% स्वास्थ्य व 6% शिक्षा पर आवंटित किए जाने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करते हुए



सब्सिडी बधाई जाने एससी-एसटी महिलाएं बाल विकास के लिए पर्याप्त बजट वृद्धि किए जाने राज्यों की निधियो के हस्तांक्षण व केंद्र प्रायोजित योजनाओं की वृद्धि किए जाने आदि मांगों को लेकर माननीय राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया गया इस प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में सर्वश्री गफ्फार अब्बास एडवोकेट नासिर शाह एडवोकेट टिकेंद्र सिंह याकूब शाह राधा चौधरी नरेंद्र सिंह सिसोदिया अब्दुल अशफाक राकेश बघेल एडवोकेट हेमलता तरकर भरत सिंह एडवोकेट सोहनलाल कैलाश वर्मा शिव कुमार एडवोकेट विशन चंद्र अग्रवाल एडवोकेट जब्बार अब्बास एडवोकेट जोनी दुर्गा प्रसाद हरिश्चंद्र एडवोकेट नईम शाह एडवोकेट नरेंद्र सिंह एडवोकेट करन भारती एडवोकेट योगेंद्र सिंह बघेल एडवोकेट दिनेश कुमार एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट आदि प्रमुख थे।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जिला संयोजक जिनत चौधरी ने डा. इन्द्रेश कुमार का जन्मदिन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मजाहिर रुहैला पठान के द्वारा केक काटकर मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** जय हिंद आज गुरुवर डा इन्द्रेश कुमार जी के जन्मदिन के अवसर पर सदभवना सप्ताह के अंतर्गत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की महिला प्रकोष्ट की जिला संयोजक का जिनत चौधरी जी ने एक कार्यक्रम का अयोजन किया






जिसमे गुरुवर डा इन्द्रेश कुमार जी की लंबी उम्र अच्छी सेहत की दुआ की गयी जिसमे महिलाओ ने मंगल कमनाएं की दुआ की मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक मजाहिर रुहैला पठान के द्वारा केक काटा गया अल्लाह से दुआ की महान समाज सेवक जो हिन्दु मुस्लिम समाज इस्लाम ओर सनातन का मेल जोल देश ओर समाज के लिये काम कर रहे हैऔर एक दूसरे के प्रति कभी भी नकारात्मक ना रहे और प्यार मोहब्बत पैगाम की मिसाल गंगा जमुना तहजीब बराबर बनी रहेऔर प्रोग्राम में जो भी लोग शामिल हुए कार्यकर्ता सब लोगों के लिए अपने रब से दुआ करेंगे इनकी कोई भी परेशानियां दूर हो और जिस तरह से यह मेहनत कर रहे हैं उनकी मेहनत पूर्वतरीके सफल हो और कार्यकर्ता को आश्वासन दिया मेरे लायक कोई भी काम हो कार्यकर्ता पूरी तरह से मुझे मुलाकात कर सकते हैं निडर होकर कार्य करें प्रोग्राम में शामिल रहे कार्यकर्ता मजाहिर रुहैला पठान जीनत चौधरी अरमान मनसूरी पर्वेज खान शईश्ता इल्मा रूबी किन्नर अरमान मंसूरी इल्मा असारी नेहा मरियम गोलू तेजपाल सिह शिवचरण पजापति शमरेज मलिक आदि उपस्थित रहे।

# धनीपुर के भरतुआ एवं बिजौली के हरनौट भोजपुर में मतदान संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के क्रम में जनपद के 2 विकास खण्डों के 03 प्रधान ग्राम पंचायत के रिक्त पदों पर प्राप्त नामांकन के सापेक्ष 19 फरवरी 2025 को 02 प्रधान ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों पर मतदान सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड बिजौली की ग्राम पंचायत कासिमपुर नागरी के रिक्त प्रधान पद के निर्वाचन के संबंध में उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में निर्वाचन प्रक्रिया को अग्रिम सुनवाई तिथि तक स्थगित कर दिया गया है।उन्होंने शेष 02 प्रधान पद के मतदान का विवरण देते हुए बताया कि ब्लॉक धनीपुर के ग्राम भरतुआ में प्रधान पद के लिए 2912 के सापेक्ष 1662 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया जोकि 57.07 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार ब्लॉक बिजौली के ग्राम हरनौट भोजपुर में 2790 के सापेक्ष 1932 वोट डाले गए जिसका मतदान प्रतिशत 69.25 रहा।

**बिजौली के कासिमपुर नागरी में उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित**

## संक्षिप्त समाचार

### जनता से झूठे वादों वाला बजट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने कहा योगी आदित्यनाथ सरकार का यह जनता से झूठे वादों वाला बजट है । बजट में नौजवान और बेरोजगारों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। आम जनता और विकास से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना देना नहीं है। किसानों और बेरोजगार युवाओं के लिए बजट में कुछ नहीं है। मेधावी छात्राओं को जिस तरह स्कूटी देने का योगी सरकार वादा किया वो बिकुल ऐसा है कि 15 लाख वाला जुमला। 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार जनता के हित में एक बेहतर बजट लाइगी।

### 5 हजार क्विंटल गेहूं घुनने के मामले में 20 अधिकारी-कर्मचारी दोषी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कासिमपुर एफसीआई गोदाम में 5000 क्विंटल गेहूं घुनने के मामले में 20 अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही पाई गई। डीएसओ व चार सदस्यीय टीम ने जांच की, जिसके बाद मंडल प्रबंधक ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा। सीडीओ ने एफसीआई जीएम को पत्र भेजकर लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय करने की सिफारिश की। एएमओ राजेश यादव के विरुद्ध भी कार्रवाई की संस्तुति शासन को भेजी गई। एफसीआई अधिकारी मामले की जांच जारी रखने और गेहूं साफ कर जल्द सप्लाई शुरू करने की बात कह रहे हैं। मंडल प्रबंधक राजीव कुमार ने दोषियों पर कार्रवाई की पुष्टि की।

### पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन कृष्णांजलि में 24 फरवरी को प्रातः 10 बजे से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी जितेन्द्र कुमार चैहान ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी में 24 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कृष्णांजलि नाट्यशाला में पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं सैनिक परिवारों के उत्साहवर्धन के लिए पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने जिले के सभी पूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं शहीद सैनिकों के आश्रितों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर पूर्व सैनिक सम्मेलन में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं।

# महापौर के खास विश्वास पात्र तीन पार्षदो ने पल्ला झाड़ा , निगम में बबाल और बढ़ा पार्षद महापौर खेमे के माने जाते थे उन्होंने भी उनसे किनारा कर लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** नगर निगम के महापौर और पार्षदों के बीच लड़ाई अब रोचक मोड़ पर पहुंच गई है। अब तक 70 पार्षदों में से जो चंद्र पार्षद महापौर खेमे के माने जाते थे उन्होंने भी उनसे किनारा कर लिया है। मेयर के खास विश्वास पात्र पार्षद माने जाने वाले अंकुर गुर्जर हनुमान गुर्जर और पूजा अहेरिया ने आज नगर आयुक्त से मुलाकात कर उनको जलकल के टेंडर निरस्त नहीं करने के लिए लिखित में पत्र दिया है।

22 फरवरी को फिर से होने वाली 15वीं वित्त आयोग ग्रांट की बैठक से पूर्व पार्षद और महापौर में भारी खींचतान मची हुई है। महापौर अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए अलग-अलग पार्षदों को जहां लगातार फोन कर रहे हैं वही असंतुष्ट पार्षद नीरज वशिष्ठ के घर पर है वह मीटिंग कर चुके है। यहां हुई बैठक में उनके माफी मांगने की बात समूचे मथुरा वृंदावन क्षेत्र



में फैली है। हालांकि माफी मांगने की बात को महापौर ने एक सिरे से खारिज कर दिया है। नीरज वशिष्ठ के यहां चंद पार्षदों के साथ हुई बैठक ने अन्य पार्षदों में आक्रोश पनपा दिया है। खासकर वो पार्षद महापौर से खफा हो गए जो अब तक उनके सुर में सुर मिला रहे थे। पार्षद राजीव सिंह ने तत्काल नगर निगम बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है। महापोर के लाख प्रयास के बावजूद भी पार्षद उनकी रणनीति में फंस नहीं पा रहे हैं जिससे निगम का कामकाज काफी विवादस्पद बना हुआ है।

पार्षद हनुमान गुर्जर अंकुर गुर्जर पूजा अहेरिया ने गुरुवार को नगर आयुक्त से भेंट कर अनुरोध किया है कि जलकल विभाग नगर निगम मथुरा वृन्दावन का एक जनहित का विभाग है। शहर के नागरिकों को प्रातः उठने से लेकर रात्रि तक शौच नहाने का पानी पेयजल उपलब्ध कराता है। ट्यूबवैल संचालन, हैन्डपम्प समर रिपेयर/निर्माण, पाइप लाइन मरम्मत, सीवर एवं चेम्बर रिपेयर उक्त ठेके प्रतिदिन की दिनचर्या के लिये अति आवश्यक ठेके है. जिनका निरस्त करना नगर में अव्यवस्था को जन्म देना है। महापौर एवं नगर आयुक्त बिना जाँच के ठेका अस्वीकृत नहीं कर सकते है। उक्त प्रकरण की जाँच हेतु अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त एवं लेखाकार की तीन सदस्यीय समिति बना कर नगर निगम की कार्यकारिणी समिति एवं बोर्ड में रखा जाना उचित होगा। पार्षद हनुमान गुर्जर ने कहा अब तक जिन से लड़ाई चल रही थी मेयर साहब ने उनके सामने घुटने टिक दिए । इससे हमारी बेइज्जती हुई है हम शुरू से उनके सब सही गलत में साथ थे हम भी तो पार्षद हैं। सभी पार्षदों को बराबर का एक समान सम्मान मिलना चाहिए।

समीक्षा

## बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रमुख शिव मंदिर प्रमुखों व मेला कमेटियों के प्रभारी रहे उपस्थित

# डीएम ने की महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा, जिले के प्रमुख काबड़ यात्रा मार्गों को अतिक्रमण एवं गड्ढ़ामुक्त कराने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों और जिले के प्रमुख शिव मंदिर प्रमुखों व मेला कमेटियों के प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मन्दिर प्रबन्धकों एवं आयोजकों को पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अपेक्षित सहयोग करने के भी निर्देश दिये। डीएम ने शिवरात्रि से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रवार एसडीएम, एसीएम एवं सीओ को नोडल अधिकारी नामित करते हुए एडीएम सिटी, एसपी सिटी, नगर निगम, जलकल, विद्युत, पीडब्लूडी, ट्रैफिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित आयोजकों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीओ एवं एसीएम बिजली एवं नगर निगम के सबंधित अधिकारी के साथ शोभायात्रा वाले रूट का भ्रमण करें ताकि सही वस्तुस्थिति से अवगत हो कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने 26 फरवरी तक आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के स्तर से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को काबड़ यात्रा वाले मार्गों पर झाड़ियों के कटान ससमय कराने के निर्देश दिए ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि खेरेश्वर, अचलेश्वर समेत जिले के सभी प्रमुख मंदिरों पर समुचित साफ-सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आयोजकों से आव्हान किया कि डीजे की ऊचॉई मानक के अनुरूप ही रखें और डीजे के ऊपर न बैठें। डीएम ने समय रहते सभी प्रकार के सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी मार्गों पर साइनेज अवश्य लगा दिए जाएं ताकि आवागमन में कोई परेशानी न हो। शिविरों में खान-पान व्यवस्थाओं की भी जाँच कर लिया जाए। कांवड़ परम्परागत रूट्स पर ही निकलें। रामघाट-कल्याण मार्ग समेत शहर के प्रवेश एवं मुख्य मार्गों को अतिक्रमण एवं गुड्ढ़ा मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित एसडीएम एवं डीपीआरओ को मार्गों पर साफ-सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के एकमात्र गंगा घाट सांकरा पर प्रकाश एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने सीएमओ को एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की टीम को एलर्ट मोड पर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वह निजी चिकित्सालयों से समन्वय स्थापित कर लें। उन्होंने मंदिरों के आसपास शराब व मीट की दुकानों को पूर्ण रूप से बन्द कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से मंदिरों एवं काबड़ यात्रा मार्गों का स्थलीय भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त करने के निर्देश दिए। एसएसपी संजीव सुमन ने बताया कि श्रद्धालुओं एवं काबड़ियों की सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत 25 फरवरी को नुमाइश का आयोजन बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि त्योहार दिवस पर प्रातः 7 बजे से ही डायवर्जन व्यवस्था लागू कर दी जाती है। हैवी ट्रैफीक वाले चैराहों पर डायवर्जन के साथ ही पुलिस ड्यूटी लगाई जाती है। महाशिवरात्रि पर्व पर कांवड़ियों का सर्वाधिक दवाब रामघाट-कल्याण मार्ग पर रहता है। उन्होंने काबड़ियों के लिए निर्धारित रूट पर ही आवागमन सुनिश्चित कराने की बात कही।उन्होंने आयोजकों से सभी शिविरों में सुरक्षा के दृष्टिगत फायर सेफ्टी उपकरण एवं सीसीटीवी का इंतजाम करने हैं। उन्होंने बताया कि यातायात समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए एनएसएस, एनसीसी एवं सिविल डिफेंस के वालिंटियर्स को भी लगाया गया है।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार उत्तम, एसपी ग्रामीण, नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी समेत सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# सफलता की बुलंदियों तक पहुंचने का शिक्षा ही एकमात्र माध्यमः सुनील दीक्षित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कहा कि शिक्षा के जरिए ही जीवन में सफलता की बुलंदियों तक पहुंचा जा सकता है। ज्ञान के बगैर तरक्की की कल्पना बेमानी होगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सीमित संसाधनों में भी ज्ञान अर्जित करने और अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए सतत कोशिशें करते रहने का आह्वान किया।

बृहस्पतिवार को अमरोहा जनपद के गजरौला में स्थित शिव इंटर कालेज में इंटरमीडिएट की छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। अतिथियों ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने-अपने अनुभव साझा किए और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को देखते हुए मोबाइल और रील से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। विदाई समारोह में प्रधानाचार्य डा.शलभ भारद्वाज ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढाई पर ध्यान फोकस करने के साथ ही फेसबुक, व्हाट्सएप एवं रील बनाने से





परहेज करने की सीख दी। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने विभिन्न कोर्सों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही आह्वान किया कि सीमित संसाधनों में ही पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने पर ध्यान दें। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव भी साझा किए। साथ ही बताया कि जुबिलेंट शिक्षा एवं सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट ने कहा कि डिग्री से कहीं अधिक जरूरी ज्ञान होता है। इसलिए जो भी करें मन लगाकर करें। इस दौरान कालेज की चार उत्कृष्ट छात्राओं तुलसी, स्नेहलता, अलशिफा एवं खुश्बू को मेडल पहनाकर अन्य छात्र-छात्राओं को भी इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डा. साकेत शर्मा, गगन अग्रवाल, डा. शरद शर्मा, एनडी शर्मा, चंचल रानी, मोनिका सिंह, नरेंद्र कुमार, शेलेंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# कैसा डिजिटल इंडिया, ऑनलाइन सिलेंडर खरीदने से कतरा रहे उपभोक्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** सरकार की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। एक तरह जहां मोदी सरकार गैस एजेंसियों पर कैशलेस के जरिए सिलेंडर बिक्री की कोशिश में लगी है, वहीं इस सफलता में गैस एजेंसी संचालक नाकाम साबित हो रहे है। कारण यह है कि कुछ ही लोग

- **घर घर सिलेंडर पहुंचने का दावा भी हवाहवाई, नहीं हो पा रही सिलेंडर की होमडिलीवरी**
- **घर पहुंच रहे सिलेंडरों से गैस चोरी कर रहे हॉकर, जिम्मेदार बेखफर**

ऑनलाइन सिलेंडर की खरीददारी कर रहे है। ज्यादातर लोग नकद ही सिलेंडर खरीद रहे है। सबसे अहम बात यह है कि ग्राहकों का शोषण इस तरह किया जा रहा है कि खुद ही उन्हें एजेंसी आकर सिलेंडर खरीदकर घर ले जाना होता है। घर घर होमडिलीवरी की सुविधा बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। केंद्र सरकार की मंशा था कि केशलेस सुविधा से जहां उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा तो वहीं घपलेबाजी की समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा। हालांकि कुछ लोग ही ऑनलाइन सिस्टम से जुड़े है लेकिन घरेलू गैस का उपयोग करने वाले ग्राहक इससे काफी दूर है।

जी हां यह हम नहीं कह रहे है ब्लकि यह कड़वा सच है। संभल के मोहल्ला हल्लू सराय स्थित डोडा गैस एजेंसी पर 26 हजार उपभोक्ता है। जिनमें से केवल 40 से 45 प्रतिशत ग्राहक ही सिलेंडर की खरीददारी करते है। इन ग्राहकों में नामात्र के केवल 1100 से 1400 उपभोक्ता ऑनलाइन फोनपेय, गूगलपेय, पेटीएम के जरिए ही सिलेंडर की खरीददारी करते है।

इनके आलावा जो ग्राहक है वह सीधे नकद भुगतान करते है। ऐसे में एजेंसी संचालक काफी परेशान है। उनका कहना है कि अगर लोग डिजिटल तरीके से खरीददारी करते है तो उनको भी मुनाफा मिलेगा और हमें भी आसानी होगी।

**सावधान रहें, घर सिलेंडर ले रहे है तो करें तोल, गड़बड़ करने में मास्टमाइंड है हॉकर**

संभल। जीं हां, अगर आप घर बैठे आसानी से सिलेंडर खरीदने के इच्छुक है तो आपकों बेहद ही सावधानी बरतने की जरूरत है। घर पर सिलिंडर पहुंचने के बाद हॉकर के सामने ही उसकी तोल कराए। क्योंकि कुछ हॉकर गैस की चोरी कर सील लगा देते है। ऐसे मामले आए दिन सामने आते रहते है। घर पहुंचने वाले सिलेंडरों में गैस की घटतौली होती है। घटतौली कंपनी से नहीं बल्कि हॉकर करते है और इसके पीछे एजेंसी संचालक है। वह मौका पाकर सील तोड़कर आसानी से गैस निकाल लेते हैं। फिर सिलेंडर में इस तरह से सील



लगा देते हैं कि उपभोक्ताओं को पता नहीं चलता।

**किसी भी हॉकर के पास नहीं है तौल मशीन**

संभलः उपभोक्ता को अगर उसके घर पर सिलेंडर पहुंचाया जाएगा तो नियम यह है कि ग्राहक के सामने उपभोक्ता को उसकी तौल कराने की जिम्मेदारी है। लेकिन यह नियम केवल हवा हवाई है। कुछ ही ग्राहकों को घर बैठे सिलेंडर मिल रहे है। किसी भी हॉकर के पास तौल मशीन नहीं है।

**वर्जन-**

ऑनलाइन गैस सिलेंडर उपभोक्ता कम खरीद रहे है। ज्यादातर ग्राहक नकद ही सिलेंडर की खरीददारी करते है। अगर हॉकर सिलेंडर घर पहुंचाता है तो उसकी पड़ताल करें।

**गौरव, डोडा गैस एजेंसी के संचालक**

# चल रहे तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के संभल गेट स्थित एन. के.बी.एम.जी.डिग्री कॉलेज में रेंजर्स प्रभारी प्रथम यूनिट डॉ



मनीषा अग्रवाल एवं रेंजर्स प्रभारी द्वितीय यूनिट डॉ इमराना के संयोजन में चल रहे तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का समापन तंबू निर्माण, पाक कला, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति तथा पुरस्कार वितरण के साथ धूमधाम से किया गया। इस दौरान प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहित कुमार एवं गाइड मीनू राघव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत रेंजर्स ने तंबू निर्माण किया जिनका निरीक्षण मुख्य अतिथि गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव एवं महाविद्यालय प्राचार्या ने किया। पाक कला के दौरान छात्राओं ने लजीज व्यंजन बनाए। जिन्हें अतिथियों के सम्मुख परोस कर उन्होंने वाह वाही लूटी। निर्णायक मंडल में मुख्य अतिथि संगीता भार्गव प्राचार्या अलका रानी अग्रवाल रही। तंबू निर्माण में बुलबुल टोली प्रथम, सारस टोली द्वितीय, तथा बाज टोली तृतीय स्थान पर रही।बुलबुल टोली की कुमारी भावना आर्य को सर्वश्रेष्ठ रेंजर का पुरस्कार दिया गया। विजई छात्राओं को मुख्य अतिथि संगीता भार्गव एवं प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कुमारी नीलम ने किया तथा महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताओं ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

# आंवला की मंजूर चौक क्रिकेट क्लब टीम बनी रजा तिराहा सीजन एक टूर्नामेंट विजेता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली/आंवला।** रजा तिराहा क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल समापन मोहल्ला कि ला में दसवें दिन हुआ, इस दिन तीन मैच दो सेमीफाइनल और एक फाइनल खेला गया।

फाइनल मुकाबला ए०सी०सी० और (मंजूर चौक) तमंचा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ए०सी०सी० ने आठ ओवर में 151 रन का लक्ष्य रखा। जिसको आखिरी गेंद पर नोमान खांन द्वारा 6 रन मारकर द्वारा जीत लिया गया। मंजूर चौक के खिलाड़ी अली अकबर खांन ने बताया के उनकी टीम को जीत दिलाने में उनके खिलाड़ी आशू खां, दाऊद , अदीब, शानू अंसारी , फरीद खां व मुहल्ले के वरिष्ठ सहयोगी हाजी आफताब, जावेद खांन, शानू



भाई, दानिश खान, काशिफ खान, अरशद अली, परवेज अली बॉबी,आजम, आतिफ, परवाज आदि का पूरा सहयोग रहा। कमेटी मेंबर कलीम अहमद, डॉ० फैजी, महताब अहमद, मशकूर खां, मुसर्रत अली, फाजिल मुन्ना, समीर अहमद आदि को सभी ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन की बधाई दी।

# संभल हिंसा में अवैध असलहा मुहैया कराने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गुरुवार 20फरवरी को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में थाना सम्भल पुलिस टीम द्वारा एक शातिर किस्म के अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियुक्त जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में हत्या की घटना कारित करने तथा अपने साथियों को अवैध असलाह मुहैया कराने के आरोप में वांछित था।

24 नवंबर 2024 को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार गठित टीम द्वारा जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान हिंसक भीड़ ने पुलिस पार्टी एवं सर्वे टीम पर जानलेवा हमला किया, जिसमें फायरिंग, आगजनी और पत्थरबाजी की गई। इस हिंसा में 04 लोगों की मृत्यु हो गई थी। मृतकों के परिजनों द्वारा इस घटना के संबंध में थाना नखासा, जनपद सम्भल में अभियोग पंजीकृत कराए गए थे।

20फरवरी को थाना नखासा, जनपद सम्भल में वांछित अभियुक्त गुलाम पुत्र मुख्तार निवासी दीपासराय, थाना नखासा, जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह सारिक साठा बॉस के साथ अवैध असलाह सप्लाई और चोरी की गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का काम करता था। कुछ समय से उसके बॉस का काम नहीं चल रहा था, जिसके कारण बॉस ने जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान



दिल्ली के वकील और पुलिस पर फायरिंग कर शहर में दंगा भड़काने की योजना बनाई थी। इस योजना के तहत बॉस ने अभियुक्त को अवैध असलाह (पिस्टल, तमंचा, कारतूस व विदेशी कारतूस) मुहैया कराए थे। अभियुक्त ने इन असलाह को मुल्ला अफरोज के माध्यम से अपनी बिरादरी के लोगों में बांट दिया था तथा कुछ असलाह अपने पास रख लिया था। सर्वे के दौरान जब पुलिस ने आंसु गैस छोड़ी, तो धुएं के कारण अभियुक्त के साथियों द्वारा चलाई गई गोली भीड़ में शामिल लोगों को लग गई, जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा मुल्ला अफरोज को गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्त ने बचे हुए असलाह और कारतूस छिपा दिए थे, जिन्हें उसने पुलिस को बरामद करा दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा इस मामले की गहन जांच जारी है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सिरसी के अनाथ आलय में बेसहारों को मिलता है सहारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (अंकित गोस्वामी)।** सिरसी के बहमन पब्लिक स्कूल के निकट संचालित अनाथ आलय में मुस्लिम वर्ग के बेसहारा बच्चों को सहारा मिल रहा है। इनकी पढ़ाई लिखाई से लेकर परवरिश तक का प्रबन्ध संस्था द्वारा किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारी गांवगांव जाकर भ्रमण करते है। जो बच्चे बेसहारा मिलते है, उन्हें अपने साथ लेआते है। स्कूल में हर माह हर बच्चे की माता मिलने के लिए आती है। वर्तमानमें 46 बच्चे इस अनाथ आलय में रह रहे है। तहसील क्षेत्र के कस्बा सिरसी में बहमन पब्लिक स्कूल में अनाथ आलय संचालित है। अनाथ आलय में बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ इनकी देखभाल का काम किया जा रहा है। जिससे बच्चे देश का भविष्य




बन सके। वर्तमान में इस अनाथ आलय में 21 लड़के और 25 लड़कियां रहरही है। मुंबई की संस्था अली मान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यह शिया अनाथ आलय संचालित किया जा रहा है। इस अनाथ आलय में शिया समुदाय के बच्चे हीरहते है। बच्चों की परवारिश के साथ-साथ उनके भविष्य को मजबूत बनाने का इस अनाथ आलय में होता है। पढ़ाई लिखाई से लेकर उनकी देखरेख की जाती है। यह बात दीगर है कि यहां मुस्लिम वर्ग के अलावा हिंदू समुदायों के बेसहाराओं को सहारा नहीं मिल पाता है। इससे स्पष्ट होता है कि यहां एक वर्ग को ही बढ़ावा दिया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारी हर तीन महीने बाद स्कूल आते है। इसके बाद वह क्षेत्र में भ्रमण करते है। जो शिया समुदाय के बेसहारा बच्चे कहीं घूमते हुए संस्था के पदाधिकारियों को मिलते है, वह अनाथ आलयपर ले आते है। यहां खाने पीने से लेकर उन्हें हर सुविधा मुहैया कराई जाती है। सम्भल, असमोली, अमरोहा, मुरादाबाद के बच्चे इस अनाथ आलय में रह रहे है। हर महीने इन बच्चों की माता स्कूल में मिलने के लिए आती है। कालेजमें एकाउंटटेंट के पद पर तैनात असगर अली ने बताया कि यहां शिया समुदाय केअनाथ बच्चों का पालन पोषण किया जाता है। उनकी पढ़ाई लिखाई का खर्चा भी संस्था उठाती है।

# ब्रह्माकुमारी अलका बहन ने बताया महाशिवरात्रि का रहस्य, व्यसन छोड़ने को दिलाई शपथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बिलारी द्वारा महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भारी संख्या में

**शोभा यात्रा मे बीके भाई बहनों का उमडा जन सैलाब**

बीके भाई बहनों ने भाग लिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । शोभा यात्रा में चल रहे बीके भाई बहनों के हाथ में सदवाक्य लिखे स्लोगन के बैनर थे।

गुरुवार को प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी द्वारा ग्रीन बोर्ड हाल में आयोजित कार्यक्रम में मथुरा से पधारे मुख्य वक्ता बीके राजू भाई ने कहा कि कलयुग के अंतिम चरण में जब मनुष्य धर्म भ्रष्ट और कर्म भ्रष्ट होकर तुच्छ बुद्धि बन जाता है। तब परमात्मा शिव संसार के कल्याण हेतु सभी मनुष्यों को दुख-दर्द ,अशांति एवं विकारों के चुंगल से छुडा कर ज्ञान की ज्योति और पवित्रता की किरण बिखेर कर सुख-शांति, आनंद, संपन्नता, मनुष्य में देवता की पुनः स्थापना करते हैं। परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक जन्म की पुनीत स्मृति में ही शिवरात्रि अर्थात शिव जयंती का त्यौहार मनाया जाता है। राजयोगिनी बीके अलका बहन ने शिव और शंकर में अंतर बताते हुए कहा कि शिव परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है। जबकि शंकर सूक्ष्म देवधारी हैं। शिव का अर्थ कल्याणकारी है। जबकि शंकर को विनाशकारी दिखाते हैं। शिव सभी आत्माओं का परमपिता है। रक्षक है। वह हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं।






कार्यक्रम से पूर्व सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फहराया गया। शिवध्वज के नीचे बीके भाई बहनों ने संकल्प लिया कि हम जीवन में बुराइयों को छोड़ अच्छाई के मार्ग पर चलेंगे। नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक सोच रखेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमेन ज्योति सिंह, राजयोगिनी बीके अलका बहन अनीता, प्रेमवती, विमला देवी, सीनू देवी, सर्वेश, हरप्यारी, मुन्नी देवी , गांधी भाई ,चंद्रपाल सिंह, कुमार प्रदीप, विजयपाल सिंह राघव, भूकंप सिंह, चौधरी विजयपाल सिंह,राजेंद्र सिंह, सुधीर, राम अवतार , सुखबीर सिंह डॉक्टर रघुनाथ ,नेम सिंह, रामेश्वर, मेघराज सिंह, आदि सहित अनेकको बीके भाई बहन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरादाबाद मेरठ मंडल की राजयोगिनी आशा दीदी ने की।

# कुम्भ स्पेशल ट्रेन चलने पर जाहिर की खुशी, फूल माला पहनाकर किया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के रेलवे स्टेशन पर अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल ने कुम्भ स्पेशल ट्रेन चलने पर खुशी जाहिर की। ज्ञात होगा की अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय के नेतृत्व में 13 जनवरी को कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने के लिये ज्ञापन दिया था इसको रेलवे द्वारा गंभीरता से लेते हुये कुम्भ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया और सुबह 11.30 बजे कुंभ स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से चल कर चंदौसी स्टेशन पर पहुँची ।

और चंदौसी स्टेशन पर ट्रेन के पहुँचने पर नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय के नेतृत्व में स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा,लोकोपायलट संदीप कुमार, प्रवीन कुमार सहायक लोकोपायलट, संजीव कुमार उपनिरीक्षक, नीरज सी.आई.टी



जाकिर का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि व्यापार मंडल जनता की आवाज बन कर उनसे संबंधित सभी समस्या को उठता रहा है और समाधान कराता रहा है ।

जो ट्रेन बंद पड़ी है उनको पुनः चलाने के लिये भी उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा । जल्द ही हावड़ा अमृतसर ट्रेन व चंदौसी से बरेली ट्रेनों का पुनः संचलन की मांग करेगा। इस दौरान उपस्थित रहे।प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी, तुषार, कुशाग्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, ओमवीर, अमन कोहली आदि।

## विदाई

## जूनियर्स ने सीनियर्स को मिठाई खिलाकर दी विदाई

# परीक्षाओं को तनाव मुक्त होकर उत्सव की तरह बनाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी )।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर छात्रों ने सीनियर सहपाठियों को मिठाई खिलाकर तथा उसके साथ पौधारोपण कर उनकी सफलता की कामना के साथ उन्हें

**प्रधानाचार्य ने ओएमआर शीट भरने का प्रशिक्षण देखकर वितरित किए प्रवेश पत्र**

विदाई दी। जूनियर छात्रों ने खाद्य सामग्री एकत्र कर अपने सभी सहपाठियों को भोज कराया। गुरुवार को विदाई समझ में माया देवी नेहा राधा कुमारी प्रियंका मौर्या नीलम राघव ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अपने सीनियर का स्वागत किया तो वही राधा विनीता आकांक्षा प्रियंका




तथा अनीता ने विदाई गीत प्रस्तुत कर सभी की आंखें नम कर दी। विदाई कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने छात्रों को परीक्षा संबंधी टिप्स देते हुए कहा कि तनाव मुक्त व प्रसन्नचित्त मुद्रा की स्थिति उत्सव समझकर बोर्ड परीक्षा दे साथ ही स्वाध्याय करते समय छोटे-छोटे नोट्स बनाते चलें लिखने का अधिक से अधिक अभ्यास डालें और अपने हैंडराइटिंग का विशेष ध्यान रखें। ओएमआर शीट को काले तथा नीले बॉल पेन से ही गोला करें । परीक्षा में सर्वप्रथम प्रसन्न चित्त मुद्रा से बड़ी सावधानी के साथ प्रश्न पत्र को पढ़ें। उसके बाद जो प्रश्न आपको अच्छे से आते हैं सबसे पहले उन्हें हल करें। छात्रों की सफलता के लिए सामूहिक गायत्री महामंत्र का जाप हुआ। जूनियर्स ने सीनियर्स को मिठाई खिला कर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव अनिल चौहान आदित्य राघव प्रदीप कुमार मनोज कुमार सुषमा राघव कुमारी ज्योति के साथ साथ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर कलाकारों ने तैयार किया भोलेनाथ का गीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**चंदौसी।** नगर के ही कुछ युवा कलाकारों ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर एक गीत भोलेनाथ को लेकर तैयार कर यूट्यूब के माध्यम से लोगों पर पहुंचाने का कार्य किया है यह गीत का शीर्षक है हम भोलेनाथ के चेले हमें सोचसमझकर छेड़े। इस महाशिवरात्रि पर ये गीत डीजे पर चलता हुआ नजर आएगा इस गीत को यूट्यूब पर बिपर्व म्यूजिक के नाम के चैनल पर रिलीज किया गया है जिसका रिलीजिंग कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से बड़ी स्क्रीन लगाकर ब्रह्म बाजार स्थित चन्द्रा स्टूडियो के ऑफिस पर हुआ। इस भजन के राइटर ब्रजेश शर्मा मनराज ने बताया कि इस भजन को जनता द्वारा बहुत पसंद किया जायेगा क्योंकि ये भजन आज की पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है साथ ही इस भजन में डायरेक्टर का कार्य राजू मंडल, गायक का कार्य सोनू सागर, संपादक का कार्य संतोष यादव ने बखूबी बहुत ही सुंदर तरीके से निभाया है वहीं इस भजन में मुख्य रूप से हनी चन्द्रा पत्रकार एवं उनके साथ सम्भल के अभिनय शुक्ला एंड पार्टी एवं मुरादाबाद के सुमित अघोड़ी एंड पार्टी ने बहुत ही उम्दा किरदार निभाया है साथ ही इस मेकअप का कार्य हिमानी चन्द्रा मेकअप स्टूडियो एवं उनकी टीम ने किया। इस दौरान मौजूद रहे। ब्रजेश शर्मा मनराज, हनी चन्द्रा पत्रकार, राजू मंडल, संजीव वार्ष्णेय, बृजगोपाल वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, राजू पहलवान, मयंक वार्ष्णेय, अरविंद प्रजापति, सुमित कुमार आदि मौजूद रहें।



# शिक्षा क्षेत्र के लिए उन्नत बजट: पीयूष सिंह चौहान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत किया है। उन्होंने वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना द्वारा शिक्षा क्षेत्र के लिए 13 प्रतिशत राशि आवंटित करने और उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी देने की योजना की सराहना की।चौहान ने कहा कि इस बजट में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के विकास के लिए की गई घोषणाएं सराहनीय हैं। विशेष रूप से



बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही, खेल क्षेत्र में छात्रों के लिए नई योजनाओं की घोषणा यह दशार्ती है कि सरकार ने शिक्षा और युवा विकास को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से न केवल शिक्षा बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। अन्य विभागों के लिए की गई घोषणाएं प्रदेश के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगी।

# सुभारती डिफेन्स एकेडमी की 16 छात्राओं का हुआ यूपी पुलिस कांस्टेबल के पद पर चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय स्थित कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एके-डमी में प्रशिक्षण ले रही 16 छात्राओं ने यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पास की है। छात्राओं ने लिखित एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा दोनों में सफलता प्राप्त कर नारी शक्ति का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है।

छात्राओं की उपलब्धि पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज एवं कार्यकारी अधिकारी डॉ.कृष्णा मूर्ति ने शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियान का उत्कृष्ट उदाहरण है।

कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने हर्ष प्रकट करते




हुए बताया कि यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में 16 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। सभी छात्राओं ने प्रशिक्षक श्री पंकज शर्मा, शारीरिक प्रशिक्षक के नेतृत्व में अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम कर लिखित व शारीरिक दक्षता परीक्षा दोनों में सफलता प्राप्त की है।

उन्होंने बताया कि सुभारती डिफेन्स एकेडमी का उद्देश्य विद्यार्थियों को सेना में रोजगार हेतु एसएसबी, एनडीए, वायुसेना, नौसेना, सेना, तटरक्षक बल, अग्निवीर, पुलिस और अर्धसैनिक बलों आदि में प्रवेश के संबंध में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करके प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भारतीय रक्षा सेवाओं से जोड़ने हेतु स्नातक कार्यक्रम के साथ साथ चुनौतीपूर्ण भर्ती प्रतियोगिताओं के लिये लिखित, शारीरिक और समग्र विकास कार्यक्रम के माध्यम से सुभारती डिफेन्स एकेडमी द्वारा विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया जा रहा है।

सुभारती समूह के संस्थापक डॉ अतुल कृष्ण ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए देश सेवा करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि यह चयन नारी सशक्तिकरण की ओर एक बड़ा ही महत्वपूर्ण कदम एवं सराहनीय उपलब्धि है।

# उत्तर प्रदेश सरकार का बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं के लिए निराशाजनक : प्रमोद तिवारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये आम बजट को युवाओं, किसानों, महिलाओं तथा आम आदमी के लिए निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने बजट को इवेण्ट बना दिया है। जब बजट की धनराशि जमीन पर खर्च ही नही हो रही है तो ऐसे में बजट की संख्या बढ़ाना सिर्फ दिखावा और नाटक के सिवाय कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिछला बजट भी मात्र बावन से चैवन प्रतिशत खर्च हुआ है। अब फिर पेश किये गये बजट में संख्या बढ़ाने से प्रदेश की जनता को कोई फायदा नही होने वाला है। उपनेता प्रमोद तिवारी ने सरकार पर बजट को लेकर तगडा हमला बोलते हुए कहा कि जब बजट पेश किया जा रहा था तो सदन में प्रदेश सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य अनुपस्थित रहे। इससे यह साबित होता है कि सरकार द्वारा पेश किये गये बजट के प्रति मंत्रिमण्डल सामूहिक रूप से कितना उदासीन है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों को निराशा मिली है, तथा युवाओं के रोजगार को लेकर भी कोई ठोस नीति न बनाकर सिर्फ आउटसोर्सिंग पर छोडकर धोखा दिया गया है। इस बजट में सबसे बड़ा धोखा प्रदेश की आधी आबादी महिलाओं को मिला है।

सरकार ने प्रत्येक बजट में जिस प्रकार से महिलाओं के साथ वायदा किया था उसी तरह इस बजट में भी गैस सिलेण्डर तथा स्कूटी का झूठा वायदा किया गया है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि जहां यह बजट उसी पुराने बजट की फोटोकॉपी दिखायी पड़ती है वहीं इस बजट में शिक्षा के लिए तेरह प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए ग्यारह प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में छः प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों हेतु चार प्रतिशत की धनराशि आवंटित की गयी है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि वह आखिर पिछले बजट का हिसाब जनता को क्यों नही दे रही है। विभिन्न क्षेत्रों में सरकार बजट खर्च नही कर पायी।

इसके कारण अस्पतालों में बेड व दवा नहीं है, स्कूलों में शिक्षक नही हैं और सामाजिक सुरक्षा के नाम पर दलितों तथा पिछड़ों पर अत्याचार हो रहा है। सरकार का ध्यान प्रदेश के विकास पर न होकर सिर्फ बजट का आकार बड़ा करने पर केन्द्रित है। सरकार पिछले बजट में खर्च न कर पाने के लिए आखिर क्या प्रदेश की जनता से अपनी असफलता के लिए माफी मांगेगी। सच्चाई यह है कि बड़े बजट का सपना दिखाकर प्रदेश के लोगों को गुमराह किया जा रहा है। प्रदेश के बजट में सरकार ने महिला थानों एवं महिला अत्याचारों को रोकने के लिए फास्ट टैज्क कोर्ट की स्थापना के क्षेत्र में भी नाकाफी धनराशि आवंटित किया है। प्रमोद तिवारी ने बजट पर तंज कसते हुये कहा कि डबल इंजन आपस में लड़ रहे हैं और अफसरशाही भ्रष्टाचार में मौज काट रही है।

भाजपा कहती है कि हमारी डबल इंजन सरकार है लेकिन पिछले वित्तीय वर्ष का आधा बजट तक खर्च नही हो पाया।

अब दोबारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस बजट में आंकड़ो की बाजीगरी करके प्रदेश सरकार जनता को धोखा देने का काम कर रही है। उन्होने उदाहरण देते हुये कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ का बजट इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि बजट बढाया गया लेकिन अव्यवस्था चरम पर आ पहुंची।

# रसूले करीम और अहलेबेत जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है: मौलाना अली मुहम्मद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी ) ।** बुकनाला सादात सम्भल से तशरीफ लाए सय्यद अली मुहम्मद नकवी दुनिया में अगर इज्जत चाहते हो तो मां बाप की खिदमत और उनकी इज्जत करो ।

इमामबाड़ा हजरत अबू तालिब में सय्यद उरुज अब्बास रिजवी के चालीसवे की मजलिस हुई जिसमे होला मेहंदी रिजवी ने मरसिया पढ़ा तथा तनवीर हैदर, अजहर अब्बास नकवी, रजा अस्करी रिजवी, अब्बास जैदी, शबी अब्बास काजमी ने पेश ख्वानी की तथा मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अली मुहम्मद नकवी ने कहा कि रसूले करीम और अहलेबेत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है रसूले करीम और अहलेबेत ने इल्म हासिल



करने पर जोर दिया / इल्म के बगैर तरक्की हासिल नहीं हो सकती है इसलिए इल्म जरूर हासिल करें / मौलाना ने कहा कि माँ बाप की खिदमत करने से खुदा खुश होता है और जो अपने माँ बाप को खुश नहीं कर सकता वह अपने रब को खुश नहीं कर सकता है / मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान मे कुबार्नी देकर इंसानियत को बचाने के साथ ही रिश्तो की अजमत भी बताई है / मजलिस मे मौलाना नय्यर रजा नकवी, मौलाना अफाक आलम जैदी, मौलाना मुहम्मद नकी रिजवी, मौलाना नाज हैदर आदि मौजूद रहे तथा मसरूर हुसैन ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# सेंचुरी मैट्रेस ने वाराणसी में अपना पहला फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च किया, उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को मजबूत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी स्लीप सॉल्यूशंस ब्रांड सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूती देते हुए वाराणसी के पहाड़िया में अपना पहला फ्लैगशिप स्लीप स्पेशलिस्ट स्टोर लॉन्च किया है। यह नया स्टोर कंपनी की विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और क्षेत्र में ग्राहकों को प्रीमियम स्लीप सॉल्युशंस उपलब्ध कराने की

- अगले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश के ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट में 20% बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य
- स्टोर में सभी प्रीमियम स्लीप सॉल्युशंस उपलब्ध, जिसमें भारत का पहला 25 साल की गारंटी वाला मैट्रेस पीयू रेस्ट शामिल है
- शुभारंभ के विशेष ऑफर झ्र मुफ्त तकिए, बेडशीट और लॉन्च कूपन धारकों के लिए विशेष छूट

इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

इस लॉन्च के साथ सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण, बढ़ती क्रय शक्ति और नींद के प्रति जागरूकता को देखते हुए कंपनी ने इस विस्तार को अंजाम दिया है। ब्रांड खासतौर पर मध्य और उच्च वर्ग के ग्राहकों को टारगेट कर रहा है, जिन्हें एडवांस स्लीप टेक्नोलॉजी से लैस उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ताओं को बेहतर नींद के महत्व के बारे में शिक्षित किया जा रहा है।

श्री पुरुषोत्तम मालानी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री मालानी ग्रुप, ने व्यक्तिगत रूप से स्टोर का उद्घाटन किया और कहा, "वाराणसी में हमारे फ्लैगशिप स्टोर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और प्रीमियम होम एसेंशियल्स की मजबूत मांग को देखते हुए हमें इस क्षेत्र में




अपार संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। अगले तीन वर्षों में हमने ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट में 20% बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है, ताकि हमारे आधुनिक स्लीप सॉल्युशंस अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें। हमारा उद्देश्य केवल वाराणसी में उपस्थिति दर्ज करना नहीं, बल्कि पूरे राज्य में रणनीतिक तौर पर विस्तार करना है। इससे उच्च-गुणवत्ता वाले स्लीप सॉल्युशंस को लक्जरी के बजाय एक सामान्य जरूरत बनाया जा सके।

वाराणसी की आध्यात्मिक महत्ता के साथ ही इसका तेजी से बढ़ता रियल एस्टेट सेक्टर और फलता-फूलता हॉस्पिटैलिटी उद्योग प्रीमियम मैट्रेस की बढ़ती मांग में सहायक हैं। हर साल लाखों श्रद्धालुओं के आने के कारण यह शहर न केवल आवासीय उपभोक्ताओं बल्कि होटल एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए भी एक आकर्षक बाजार है। इस फ्लैगशिप स्टोर में सेंचुरी मैट्रेस के संपूर्ण स्लीप सॉल्युशंस उपलब्ध होंगे, जिसमें पीयू रेस्ट शामिल है जो भारत का पहला 25 वर्ष की गारंटी वाला मैट्रेस है। यह गुणवत्ता और टिकाऊपन सुनिश्चित करता है।

ह्यइंडिया का स्लीप स्पेशलिस्टह्ण होने के नाते सेंचुरी मैट्रेस अपने विशेष स्लीप स्पेशलिस्ट स्टोर फॉर्मेट के माध्यम से ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह स्टोर उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत ब्रांड अनुभव, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और इंटरेक्टिव शॉपिंग एनवायरनमेंट प्रदान करता है। ग्राहकों को संपूर्ण उत्पाद रेंज, समान मूल्य निर्धारण, विशेष ऑफर्स, वित्तीय योजनाओं और मजबूत आफ्टर-सेल्स सपोर्ट का लाभ मिलेगा।

सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश बाजार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 तक राज्य के ब्रांडेड मैट्रेस सेगमेंट में 5% बाजार हिस्सेदारी और वित्त वर्ष 2027-28 तक 20% बाजार हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया है। यह आक्रामक विस्तार रणनीति क्षेत्र में ब्रांडेड मैट्रेस की बढ़ती मांग पर कंपनी के भरोसे को दर्शाती है।

लॉन्च समारोह को यादगार बनाने के लिए सेंचुरी मैट्रेस ने विशेष उद्घाटन ऑफर्स पेश किए हैं, जिनमें मुफ्त बेडशीट, तकिए के सेट और लॉन्च कूपन लाने वाले ग्राहकों के लिए विशेष छूट शामिल हैं। वाराणसी में फ्लैगशिप स्टोर का शुभारंभ सेंचुरी मैट्रेस के उत्तर भारत में प्रमुख ब्रांड बनने की व्यापक योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को किया जाये चाक-चौबंद : आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर

- आयुक्त व डीआईजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई अभियोजन कार्यों तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक
- पॉक्सो, गैंगस्टर, माफिया जैसे अन्य आपराधिक वाद की करें प्रभावी पैरवी: डीआईजी

यशोद व डीआईजी कलानिधि नैथानी द्वारा समस्त जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ अभियोजन कार्यों तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारी को आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होने कहा कि संबंधित अधिकारी शिवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत चिन्हित शिवालयो का निरीक्षण करें तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि शासन से चिन्हित गैंगस्टर, माफिया की समीक्षा करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें।आनलाईन गवाही को बढावा दिया जाये।मंडल स्तर पर



अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि पॉक्सो, गैंगस्टर, माफिया जैसे अन्य आपराधिक कृत्यो में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाये तथा गवाह को समय पर उपलब्ध कराते हुये गवाही कराना सुनिश्चित करें जिससे कि अपराधी को जल्द से जल्द सजा मिल सके।इस अवसर पर अपर आयुक्त अमित कुमार,अपर आयुक्त गरिमा सिंह, जिलाधिकारी मेरठ डा0 वी0के0 सिंह, एसएसपी विपिन ताडा सहित अन्य जनपदो के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कांग्रेस नेताओं एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** लोकसभा में





विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज अपने संदेश क्षेत्र रायबरेली जाते समय लखनऊ में हवाई अड्डे पर कुछ समय के लिए रुके जहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित हजारों कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया । अंशू अवस्थी ने बताया कि राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली जाने के लिए लखनऊ पहुंचे थे, जहां उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष- पूर्व मंत्री अजय राय ने राहुल गांधी को पुष्प देकर स्वागत किया ,राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी एवं अमेठी सांसद के.एल.शर्मा, सांसद तनुज पुनिया और विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व एम.एल.सी दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडे , मीडिया वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी , प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने पुष्प एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री राज बहादुर, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, रमेश मिश्रा, वेद प्रकाश त्रिपाठी, अमित त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम, संजय दीक्षित, आसिफ रिजवी, अनुसुईया शर्मा, सेवादल के मुख्य संगठक डॉ0 प्रमोद पाण्डेय, पंकज तिवारी, सुशीला शर्मा, बृजेन्द्र सिंह संजय सिंह, सुशील तिवारी पंडित, शैलेंद्र तिवारी बबलू, चन्द्रशेखर मिश्रा, अरसी रजा, राजेश सिंह काली, नीरज तिवारी, आशुतोष मिश्रा, कैप्टन वंशीधर मिश्र, सुशीला सरोज, डॉ0 रिचा शर्मा, मेहताब जायसी आदि शामिल रहे।

**समीक्षा**

## सीएम डैशबोर्ड पर रैंक सुधार हेतु अधिकारी करें आवश्यक कार्यवाही : आयुक्त

# आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ ने आयुक्त सभागार में की कर एवं करेत्तर, आईजीआरएस, राजस्व वाद, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागो की योजना/परियोजनाओ की मंडलीय समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में कर एवं करेत्तर, आईजीआरएस, राजस्व वाद, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागो की योजना/परियोजनाओ की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुये आयुक्त ने कहा कि समस्त अधिकारी जनपद स्तर पर प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित करें।जनपद स्तर पर इसकी समीक्षा की जाये। सभी आरसी आनलाईन की जाये। समस्त जिलाधिकारी राजस्व वादो को प्राथमिकता पर लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि तीन से पांच वर्ष पुराने लम्बित मामलो को लक्षित करते हुये तीन माह के अंदर निस्तारण का प्रयास किया जाये।मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागो की योजना/परियोजनाओ की मंडलीय समीक्षा करते हुये आयुक्त महोदय ने कहा कि विभागीय निमार्णाधीन/लंबित योजना एवं लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजनाओ में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक शासन की जिन योजनाओ के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारित किये गये है उनको प्राप्त करना एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर रैंक सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।उन्होने कहा कि अभियान चलाकर निराश्रित गौवंश को गौशालाओ में पहुंचाया जाये तथा गौशालाओ की क्षमता विस्तार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही जनपद स्तर पर गौशालाओ की समीक्षा करते हुये नई गौशालाएं बनाएं जाने हेतु मांग/प्रस्ताव तैयार किये जाये। वन विभाग द्वारा बडी सरकारी भूमि व हाईवे के किनारे क्षेत्र चिन्हांकन कर वृक्षारोपण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। शासन स्तर पर विभागीय कार्यों से संबंधित यदि कोई समस्या आ रही हो तो तत्काल अवगत कराये जिससे कि पत्राचार कर समाधान किया जा सके।जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति लाई जाये जहां जमीन उपलब्ध हो चुकी है तत्काल कार्य को शुरू किया जाये तथा समस्त जिलाधिकारी इसकी समीक्षा करते हुये जमीन उपलब्धता की समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जनपद में जरूरत के अनुसार एम्बुलेन्स के मांग/प्रस्ताव तैयार किये जाये। आमजनमानस को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उपचार की सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित कराई जाये।युवाओ को उद्यम के क्षेत्र में आगे बढाने के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना



शुरू की गई है योजना को प्राथमिकता पर लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा जनपद स्तर पर जो लक्ष्य प्राप्त हुये है, उनको पूर्ण किये जाने के प्रयास किये जाये। मेरठ में मंडल स्तर पर बनने वाले अटल आवासीय विद्यालय के लिए भूमि का चिन्हांकन करते हुये कार्यवाही की जाये।

आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतो को प्राथमिकता पर लिया जाये शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त करते हुये मौके पर जाकर सत्यापन कर निस्तारण सुनिश्चित करें। शहर एवं गांव से नालो में बहने वाले गंदे जल को फिल्टर करने के लिए कन्स्ट्रक्टिव वेटलैण्ड प्रोजेक्ट का प्रजेन्टेशन दिया गया जिस पर आयुक्त महोदय ने कहा कि यह अच्छा प्रोजेक्ट है सभी जनपद स्तर पर प्लान बनाकर कार्यवाही की जाये। हिण्डन नदी को फोकस करते हुये तथा जनपद में कुछ ग्राम पंचायतो को चिन्हित कर इस कार्य को आगे बढाए।उन्होने फैमिली आईडी, 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, राज्य योजना, पोषण योजना, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, कायाकल्प योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति, किसान सम्मान निधि, कुसुम योजना, वनीकरण, पर्यटन विकास, कन्या सुमंगला योजना, मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियो की उपस्थिति, सेतु निर्माण, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, पट्टा आवंटन, फार्मर रजिस्ट्री, दिव्यांगजन पेंशन, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास सहित अन्य समस्त विभागो की योजना एवं निर्माणधीन परियोजना की समीक्षा करते हुये कार्यो में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये गये।इस अवसर पर अपर आयुक्त अमित कुमार, अपर आयुक्त गरिमा सिंह, जिलाधिकारी मेरठ डा0 वी0के0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मेरठ नूपुर गोयल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मंडलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में' कौशल विकास हेतु युवा ' थीम के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष दिवा शिविर के सप्तम दिवस

## मेहनत से ही मिलती है सफलता: उमाकांत गुप्त

के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाकर सत्र का शुभारंभ किया और अपने हाथ से बनाये वाल हैंगिंग, डलिया, रबर बैंड, अखबार से बनायी गयी साईकिल, फूलों के गुलदस्ते बनाए गए पोस्टर व लड़ियों की प्रदर्शनी लगाई। द्वितीय सत्र समापन सत्र के रूप में मनाया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष उमाकांत गुप्त, विशिष्ट अतिथि संतोष रानी गुप्ता( आजीवन सदस्या दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद ) व प्रबंधिका सुशीला देवी आर्य कन्या जूनियर हाई स्कूल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत स्वयं सेविकाओं द्वारा बनाए गए गुलदस्तों से किया गया।पलक कश्यप ने सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। स्वागत गीत सोनिया कोमल व कल्पना द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वयं सेविका खुशी दयाल ने मनमोहक होली नृत्य प्रस्तुत किया। लकी व स्रष्टी यादव द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्वयं सेविका काशी ने 'हर जगह हर तरफ है, तेरा ही नूर' गीत प्रस्तुत किया। नैंसी व खुशी सैफी द्वारा राधा कृष्ण नृत्य की प्रस्तुति दी गई। स्वयं सेविका नंदिनी द्वारा सात दिवसीय विशेष दिवा शिविर की उद्घाटन से लेकर समापन तक की पूरी आखया प्रस्तुत की गई। विशिष्ट अतिथि ने स्वयं सेविकाओं को जीवन में आगे बढ़ने व मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया व उन्हें जीवन में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया । प्राचार्या ने स्वयं सेविकाओं के कार्यों की सराहना की व आशीर्वाद दिया कि वह जीवन में इसी प्रकार मेहनत करते रहें। सात दिवसीय विशेष दिवा शिविर के सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने वाली स्वयंसेविकाओं को प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी प्रोफेसर, प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ छाया रानी व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी विदुषी यादव सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयंसेविकाऐं उपस्थित रहीं।







## सरकार की नीतियों के विरोध में अधिवक्ता आज काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे, अधिवक्ता 25 फरवरी को हड़ताल पर रहेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एडवोकेट संशोधन बिल के खिलाफ बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिले के अधिवक्ता 25 फरवरी को हड़ताल करेंगे। इससे पहले 21 फरवरी को वकील काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे।बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव कुमार गौड़ के अनुसार एडवोकेट संशोधन बिल अधिवक्ताओं के हित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के अधिवक्ता पिछले कई सालों से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रदेश सरकार चुप्पी साधे हुए है। इसको लेकर प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। 21 फरवरी को मुरादाबाद के साथ ही प्रदेशभर के अधिवक्ता काली पट्टी बांधकर सरकार की नीतियों का विरोध करेंगे।




## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की हुई है समीक्षा, 17 परीक्षा केंद्र को संवेदनशील बनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की गुरुवार को समीक्षा हुई ' डीआईओएस ने परीक्षा की ड्यूटी में लगे अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए'24 फरवरी से 12 मार्च तक बोर्ड परीक्षाएं होंगी। मुरादाबाद जनपद में 108 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। हाईस्कूल में 40183 और इंटरमीडिएट में 39274 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जिले में 17 केंद्रों को संवेदनशील बनाया गया है। इन पर अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी। बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। केंद्र व्यवस्थापकों के अलावा अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है।डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। निगरानी के लिए कार्यालय में मॉनीटरिंग सेल भी बनाया गया है। नकल विहीन व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा करवाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।




## दशहरा स्थल का करीब 2 करोड़ से होगा सौंदर्य करण, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का द्वार भी बनेगा, नगर का विकास करना सर्वोच्च प्राथमिकता : इकबाल अंसारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दशहरा स्थल के सौंदर्य करण की आज नींव रख कर निर्माण कार्य का आज शुभारंभ किया गया ' दशहरा स्थल पर गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा अर्चना के बाद भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं अधिवक्ता एडवोकेट दीपक बिश्नोई ने सौंदर्य करण की बुनियाद रखी उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने दशहरा स्थल का सौंदर्य करण कराकर जनता की मांग पूरी कर दी है ' इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने बताया कि वंदना योजना के तहत एक करोड़ 97 लाख रुपए मंजूर हुए हैं जिससे दशहरा स्थल के सौंदर्य करण का कार्य शुरू किया गया है। इसके अलावा भी अन्य कई योजनाओं के माध्यम से इस कार्य को पूर्ण कराया जाएगा उन्होंने बताया कि दशहरा वाले दिन यहां भव्य मेला लगता है जिसमें हजारों लोग भाग लेते हैं' दशहरा स्थल पर रंगमंच की स्थापना,बैठने की व्यवस्था, चारदीवारी और अन्य जरूरी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई जायेगी' उन्होंने कहा कि नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के नाम से एक द्वार बनवाने का प्रस्ताव भी पास हुआ है जिसको शासन से धनराशि उपलब्ध होते ही बनवाया जाएगा। नगर का विकास कराना उनकी प्राथमिकता है जिसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाते रहेंगे। इस अवसर पर सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, अभय बिश्नोई, मास्टर सीपी सिंह बिश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता, नायब तहसीलदार योगेश शर्मा, अतुल दिवाकर, सहित काफी संख्या में नगर के गणमान्य व्यक्ति और सभासद मौजूद रहे।



## महाकुंभ में ड्यूटी पर गए आरएएफ जवान विपिन कुमार की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** तहसील क्षेत्र के गांव सीमला निवासी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान विपिन कुमार (41) की महाकुंभ में ड्यूटी के दौरान अचानक तबियत खराब हो गई। इलाज के लिए उन्हें प्रयागराज के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। परिजन उसके शव को लेने के लिए प्रयागराज गए हैं।कांठ तहसील व छजलैट थाना क्षेत्र के गांव सीमला निवासी विपिन कुमार पुत्र स्व. चिरंजीलाल 2005 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सिपाही भर्ती हुए थे। उनके छोटे भाई दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विपिन तीन वर्ष सीआरपीएफ में रहने के बाद रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) में चले गए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती मेरठ में चल रही थी। लेकिन अब वह महाकुंभ प्रयागराज में ड्यूटी कर रहे थे। विपिन कुमार के पेट में दर्द और हार्ट में दिक्कत की शिकायत हुई थी। जिस पर उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार की सुबह करीब सात बजे जवान विपिन कुमार का निधन हो गया। अचानक मृत्यु की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



## मथुरा जंक्शन पर हजारों श्रद्धालु रेलवे ट्रैक पर उतरे बड़ी दुर्घटना का न्यौता दे सकती है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** रेलवे जंक्शन पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। महाकुंभ स्पेशल ट्रेन में यात्रा करने के लिए 4 हजार से अधिक श्रद्धालु प्लेटफार्म 8 पर पहुंचे। ट्रेन आते ही यात्री ट्रैक पर उतर गए और दोनों तरफ लाइन लगाकर खड़े हो गए। प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच धक्का मुक्की का माहौल बना रहा। इस दौरान जीआरपी और आरपीएफ के कर्मचारी मौके पर मौजूद थे। लेकिन किसी ने यात्रियों को ट्रैक से हटाने का प्रयास नहीं किया। हाल ही में दिल्ली में हुए रेल हादसे के बाद भी मथुरा रेलवे के अधिकारी सतर्क नहीं हुए हैं। यात्रियों का ट्रैक पर उतरना और प्लेटफार्म पर अव्यवस्था किसी बड़ी दुर्घटना का न्यौता दे सकती है। रेलवे अधिकारियों को यह लापरवाही यात्रियों की जान के लिए खतरा बन रही है।



## टीएमयू में डॉ.विजय बोले, डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी से स्वास्थ्य शिक्षा में बड़े बदलाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद के इंस्टिट्यूट ऑफ किडनी डिसीज एंड रिसर्च सेंटर-आईकेडीआरसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल डॉ. विजय कुमार गौतम ने टेक्नोलॉजी एंड हैल्थ पर बोलते

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से विस्तृत क्षितिजः सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा में नवीनता के माध्यम से सतत भविष्य की ओर पर ब्लेंडेड मोड में नेशनल सेमिनार

हुए कहा, प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य शिक्षा का समाज में महत्वपूर्ण योगदान है। डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य शिक्षा में व्यापक बदलाव किए हैं, जिससे समाज को स्वास्थ्य से जुड़ी हर तरह की जानकारी प्राप्त करना आसान हुआ है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, स्मार्टफोन एप्स, टेलीमेडिसिन, इंटरनेट शिक्षा आदि पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. विजय तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से विस्तृत क्षितिजः सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा में नवीनता के माध्यम से सतत भविष्य की ओर पर ब्लेंडेड मोड में आयोजित दो दिनी नेशनल सेमिनार में बोल रहे थे। इससे पूर्व टीएमयू हॉस्पिटल में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की एचओडी प्रो. साधना सिंह, टीएमयू नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास, कम्युनिटी नर्सिंग विभाग के एचओडी डॉ. रामकुमार गर्ग आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके नेशनल सेमिनार का शुभारम्भ किया। एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, मुलाना हरियाणा की डॉ. उमा डियेवर ने पॉलिसी एंड एडवोकेसी इन कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन पर बोलते हुए नीतियों और समर्थन के महत्व के संग-संग इनके जरिए स्वास्थ्य शिक्षा में सुधार जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। विलडियस श्री वीएम पाटिल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, विजयपुर की उप प्रधानाचार्य डॉ. सुचितरा ए. राठी ने कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन में चुनौतियां और अवसरों पर बोलते हुए कहा, कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन में एक ओर तमाम चुनौतियां हैं तो वहीं दूसरी ओर स्वर्णिम करियर के भी तमाम विकल्प मौजूद हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें सटीक योजनाएं और रणनीतियां बनानी होंगी। उन्होंने कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन की चुनौतियों-सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं, सूचना का अभाव, आर्थिक प्रतिबंध, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में कमी आदि का समाधान करते हुए करियर बनाने पर विस्तार से चर्चा की। नेशनल सेमिनार में श्री गौरव कुमार, श्रीमती पूजा झा आदि ने भी अपने-अपने विचार साझा किए।



## आरटीई : जनपद के 651 स्कूलों में आवेदन शून्य, खंड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाएं : मिथिलेश कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** आरटीई के तहत तीसरे चरण के दाखिले की आवेदन प्रक्रिया चल रही है। पिछले दो चरणों में करीब 12 सौ विद्यार्थियों को सीटें आवंटित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिले के करीब 651 ऐसे विद्यालय हैं, जिनमें दाखिले के लिए एक भी आवेदन नहीं हुआ है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जागरूकता के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।मुरादाबाद जनपद में करीब 11 सौ स्कूलों में 12 हजार सीटों पर आरटीई के तहत दाखिले होने हैं। इसके लिए पहले चरण में 5566 विद्यार्थियों के आवेदन आए थे। इनमें से 2706 विद्यार्थियों के आवेदन का सत्यापन किया गया और 2216 विद्यार्थियों का ही चयन हो सका। इसके अलावा दूसरे चरण में 3767 आवेदनों में से 2245 विद्यार्थियों का सत्यापन हुआ। इसमें भी सिर्फ 1518 विद्यार्थियों को ही सीटें आवंटित हो सकीं।अब तीसरे चरण में भी 1401 आवेदन हो चुके हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विद्यार्थियों का चयन ऑनलाइन माध्यम से उनकी पसंद और संबंधित विद्यालय में उपलब्ध सीट के हिसाब से किया जाता है।शून्य आवेदन वाले स्कूलों की सबसे अधिक संख्या कुंदरकी में है। कुंदरकी के 104 स्कूलों में दाखिले के लिए एक भी विद्यार्थी ने आवेदन नहीं किया है। इसके अलावा भगपतुर टांडा में 92, छलजैट में 90, मूंढापांडे में 82, ठाकुरद्वारा में 71, मुरादाबाद नगर में 65, डिलारी में 63, बिलारी में 52, मुरादाबाद ग्रामीण में 32 ऐसे स्कूल हैं, जो आरटीई दाखिले के लिए चयनित किए गए हैं लेकिन अभिभावकों ने आवेदन में रुचि नहीं दिखाई। बताया जाता है कि इन स्कूलों में आवेदन नहीं आने के पीछे जागरूकता के अभाव के अलावा पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर न होना भी एक वजह बताई जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मिथिलेश कुमार के मुताबिक स्कूलों में आरटीई के आवेदन बढ़ाने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि वह अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाएं और अभिभावकों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें।




## छात्राओं को कुचलने का आरोपी यस सिरोही पकड़ा गया, अब तक चार आरोपियों को भेजा गया जेल, दरोगा का बेटा दिव्यांशु पुलिस पकड़ से अभी दूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 6 छात्राओं को कार से कुचलने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी यश सिरोही को रामगंगा विहार से गिरफ्तार कर लिया। तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेजा चुका है। पांचवां आरोपी दरोगा का बेटा दिव्यांशु अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।
एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना के नेतृत्व में उप निरीक्षक कुन्दीप राणा की टीम ने बुधवार को आशियाना फेज-1 निवासी आरोपी यश सिरोही को गिरफ्तार कर लिया।
पकड़ा गया आरोपी रेलवे ठेकेदार का पुत्र है। इस मामले में अंतिम आरोपी दिव्यांशु दरोगा का बेटा है। वह लगातार पुलिस को चकमा दे रहा है।एसपी सिटी ने कहा कि आरोपी दिव्यांशु को शरण देने वालों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। पुलिस की टीमें उसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द गिरफ्तारी न होने पर दिव्यांशु पर इनाम घोषित किया जाएगा। शगुन सिंह, लक्ष्य बवेजा और उदय कौशिक के बाद अब यश सिरोही को भी जेल भेज दिया गया है।छेड़खानी के विरोध पर आरोपियों ने चढ़ा दी थी कार:सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी छह छात्राएं सात फरवरी को कॉलेज से प्रवेशपत्र लेकर लौट रही थीं। रामगंगा विहार में गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल के पास कार सवार पांच युवकों ने छात्राओं से छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्राओं को कार से रौंद दिया था।
सभी छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। घटना के बाद मौके पर ही लोगों ने कार चला रहे नवीन नगर निवासी शगुन सिंह को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया था। मौके से भागे चार आरोपियों में से लक्ष्य बवेजा और उदय कौशिक को पुलिस ने उसी दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के 13वें दिन आरोपी यश सिरोही को पुलिस ने दबोच लिया। अब सिर्फ दिव्यांशु की गिरफ्तारी बाकी है। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, छेड़खानी सहित कई धाराओं में केस दर्ज है। घायल छात्राओं में से एक का अभी भी दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।



प्रोग्राम

### हाफिज मोहम्मद साकिब, हाफिज मोहम्मद फरहान, हाफिज मोहम्मद इरफान, हाफिज मोहम्मद हस्सान के पगड़ी बांधी गई व सनद दी गई

## मदरसा जामिया हमीदिया अजहर उल उलूम के चार बच्चो ने किया कुरान हिफ्ज, जश्ने दस्तारबंदी का प्रोग्राम मे किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मदरसा जामिया हमीदिया अजहर उल उलूम, शौकत अली रोड, सिविल लाइन में जश्ने दस्तारबंदी का प्रोग्राम हुआ जिसमें मदरसे के चार बच्चे कुरान हाफिज हुए। हाफिज मोहम्मद साकिब ,हाफिज मोहम्मद फरहान, हाफिज मोहम्मद इरफान ,हाफिज मोहम्मद हस्सान के पगड़ी बांधी गई व सनद दी गई। प्रोग्राम में तशरीफ फरमा मेहमाने खुसूसी किबला हजरत अल्लामा मौलाना अतीफ मियां कादरी सज्जादा खानकाहे आलिया कादरी बदायूं शरीफ ने बयान फरमाया कि कुरान व इल्म सीखना हर मोमिन पर फर्ज है अपने फरमाया कुरान सीखना अल्लाह और उसके प्यार नबी से मोहब्बत का इजहार कराता है। जलसे में मौजूद मुफ्ती दिलशाद अहमद कादरी बदायूंनी ने भी तलबा को हाफिज ए कुरान होने की फजीलत बयान फरमाते हुए कहा कि हाफिज ए कुरान को अल्लाह की तरफ से रोजा ए महशर में नूर का ताज पहनाया जाएगा व हर मोमिन अपने बच्चों को दीनी वह दुनियावी तालीम सिखाएं ।जलसे में मौजूद मुफ्ती ताहिर उल कादरी अफजल पुरी ने इल्म की रोशनी पर बयान किया व नमाज की पाबंदी और उसकी एहमियत बयान फरमाई ।मोहतमिम मदरसा मोहम्मद अजहर कादरी ने मदरसे का परिचय देते हुए बताया कि मदरसे में दीनी तालीम के साथ दर्ज पांच तक दुनियावी तालीम भी दी जाती है और बोर्डिंग में 50 तलबा के रहने व खाने के इंतजाम भी मदरसे की तरफ से किया जाता है। आपने आने वाले रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि उस माह में हर मोमिन रोजों की पाबंदी करें । कमेटी सदर सय्यद सोहराब मियां ने तलबा को रिजल्ट व इनाम तकसीम किए । इस मौके पर कारी इदरीस आलम, हाफिज महमूद हसन, मो अतहर खान, हाजी अफताबुल हसन, हाजी इलियास खा, नजाकत, हाफिज मो० जीशान, हाफिज मो० बिलाल, हाफिज मो० तालिब, मोहम्मद फैजान मोहम्मद शारिक आदि मौजूद रहे।



## उन्नाव सड़क हादसे में कांठ तहसील के सिपाही विकास की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** लालकुआं-धानीखेड़ा मार्ग पर परौरी गांव के पास बाइकों की आमने-सामने टक्कर में सिपाही की मौत हो गई। वह हेलमेट नहीं लगाए था।मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के छज्जूपुरा दोयम गांव निवासी विकास कुमार (28) 2019 में पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हुआ था। मौजूदा समय में वह बारासगवर थाना की ऊंचगांव पुलिस चौकी में तैनात था। बुधवार रात करीब 11:45 बजे वह थाना में डाक रिसीव करा चौकी जा रहा था। क्षेत्र के परौरी गांव के सामने विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर ही गई। हेलमेट न लगाए होने से सिपाही के सिर में गंभीर चोट आ गई। पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।एसओ धर्मेंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि सिपाही के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। जांच की जा रही है। उन्होंने बताया दूसरी बाइक भी घटनास्थल पर मिली है उसमें सवार लोग नहीं मिले।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# सलाम-ए-इश्क में एक सीन करने के दौरान डर गईं थीं अंजना सुखानी, बोलीं-जबरदस्ती करना पड़ा

निखिल आडवाणी की फिल्म सलाम-ए-इश्क में नजर आईं अभिनेत्री अंजना सुखानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म के सेट पर उनका अनुभव बहुत खराब रहा। अंजना ने कहा कि निखिल उनके साथ बहुत बुरे और स्ट्रिक्ट रहे। उन्होंने बताया कि बिना किसी पूर्व चेतावनी के लिए अनिल कपूर के साथ किसिंग सीन करने के लिए मजबूर किया गया।

अंजना ने कहा कि उन्हें इस मांग को मानसिक रूप से समझने का कोई समय नहीं दिया गया और उनके आसपास के लोगों ने शायद यह मान लिया कि वे नई आईं हैं, इसलिए कुछ भी करने से मना नहीं करेगी। अंजना ने कहा कि वह रोना चाहती थीं और उन्हें ऐसा नहीं लगा कि उनके पास मना करने की शक्ति है इसलिए वह मान गईं।अंजना ने कहा कि जब कोई नया इंडस्ट्री में आता है, तो दूसरे लोग सोचते हैं कि वे उनके साथ बुरा व्यवहार करके बच सकते हैं क्योंकि उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्टार किड्स के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाता है तो अंजना ने जबरदस्ती करवाए गए किसिंग सीन के बारे में बात की।

अंजना ने कहा, मुझे किस के बारे में अंत तक नहीं बताया गया, जब तक कि हम सीन करने के लिए सेट पर नहीं गए, मुझे नहीं बताया गया। एक स्टार किड के साथ ऐसा नहीं होगा, है न? अंजना से इस बारे में सवाल उठाने को लेकर सवाल किए गए तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा करने की स्थिति में थी। मैं घबराई हुई थी, अभिभूत थी, मेरे आस-पास कोई भी नहीं था जिससे मैं इस बारे में किसी से बात कर पाती। मुझे बस इतना बताया गया कि तुम्हें यही करना है।

# छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 4: छत्रपति संभाजी महाराज का क्रेज बरकरार, 200 करोड़ी क्लब में शामिल होने के लिए तैयार

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल ड्रामा छावा बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, और इसका क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म ने दुनियाभर में जहां 2 दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फाइटर जैसी फिल्म को पछाड़े हुए पहले वीकेंड में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की लिस्ट में शामिल हो गई. फिल्म की असली परीक्षा पहले सोमवार को हुई, जिसमें फिल्म खरी उतरी है. हालांकि, सोमवार 17 फरवरी को छावा की कमाई में गिरावट आई है, लेकिन फिल्म डबल डिजिट में कमाई करने में सफल रही है.


14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की डिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा ने पहले दिन 33.10 करोड़ रुपये की कमाई. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 39.30 करोड़ रुपये के साथ दर्शकों के दिलों पर छाई रही. छावा का क्रेज संडे को काफी देखने को मिला. तीसरे दिन छावा ने 49.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. हालांकि 50 करोड़ रुपये से यह चूक गई लेकिन तीन दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. जी हां, पहले वीकेंड में ही छावा ने भारत में 121.43 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन किया.



छावा की असली परीक्षा पहले मंडे को हुआ, जिसमें वह खरी उतरी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, छावा ने भारत में अपने पहले सोमवार को 24 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिससे शुरूआती अनुमानों के आधार पर इसकी कुल कमाई 145.43 करोड़ रुपये हो गई. उम्मीद है कि यह मंगलवार को 150 करोड़ का आंकड़ा आसानी से पार कर जाएगी. वहीं, बुधवार को यानी रिलीज के 5वें दिन हॉलीडे (छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती) में फिर से रिकॉर्ड तोड़ कमाई देखने को मिल सकती है. अगर यह अनुमान सही रहा तो छावा 5 दिनों में भारत में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा आसानी से पार कर जाएगी। छावा ने चौथे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े हैं. सैकनिल्क रिपोर्ट के मुताबिक, छावा ने रणवीर सिंह की सिंबा (2018), पीके, धूम 3 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. सिंबा ने पहले मंडे टेस्ट में 21.24 करोड़ रुपये, पीके ने 21.22 करोड़ रुपये और धूम 3 ने 2091 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। सैकनिल्क के अनुसार, छावा अपने शुरूआती वीकेंड में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 164.75 करोड़ रुपये कमाकर इस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है. फिल्म ने 3 दिनों में विदेशों में 25 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में मुख्य भूमिका में हैं, जो कि श्रद्धेय छत्रपति शिवाजी महाराज के वीर पुत्र हैं. यह फिल्म मराठा साम्राज्य को मुगल शासक औरंगजेब से बचाने के लिए उनके वीरतापूर्ण युद्ध को दशार्ती है. इस फिल्म में रश्मिका मंदाना संभाजी की पत्नी, येसुबाई और अक्षय खन्ना औरंगजेब की भूमिका में हैं. फिल्म में विनीत कुमार सिंह, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए बेकाबू

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी



से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है। जिसमें डीपनेक ब्लाउज और ऊपर से श्रग पहन कर उन्होंने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो भले ही इन दिनों फिल्मों में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी फोटोज से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं।

# माल तेरा मार्केट मेरी, लंच बॉक्स में ड्रग्स सप्लाई, 5 मजबूर महिलाओं की डब्बा कार्टेल का ट्रेलर रिलीज

एक लंचबॉक्स सर्विस के रूप में शुरू होने वाली डब्बा कार्टेल की कहानी जल्द ही क्राइम, धोखे और अस्तित्व के खतरनाक खेल में बदल जाती है. नेटफ्लिक्स के डब्बा कार्टेल का ट्रेलर पांच मिडिल क्लास की महिलाओं के जीवन पर रोशनी डालता है जिसमें उनका टिफिन सर्विस का बिजनेस खतरनाक मोड़ लेता है और उन्हें एक हाई-स्टेक वाले ड्रग कार्टेल की दुनिया में धकेल देता है.

ट्रेलर में मुंबई के ठाणे में 5 महिलाओं का एक ग्रुप टिफिन सर्विस चलाता है. हालांक इसके पीछे एक बड़ा खतरनाक सस्पेंस छुपा हुआ है. क्योंकि ये महिलाएं टिफिन सर्विस की आड़ में ग्राहकों तक ड्रग्स पहुंचा रही हैं. लेकिन जल्द ही इसका खुलासा हो जाता है और ये महिलाएं बड़ी दुविधा में फंस जाती है. जाहिर तौर पर ट्रेलर काफी दिलचस्प है और सीरीज भी एंटरटेनिंग लग रही है. जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, महिलाएं और उनके पति खुद को कहीं खतरनाक परिस्थिति में उलझा हुआ पाते हैं. शबाना



आजमी, गजराज राव, ज्योतिका, निमिषा सजयान, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, सई ताम्हणकर, जिशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे और भूपेंद्र सिंह जादावत जैसे शानदार कलाकारों से सजी सीरीज ठाणे के उस इलाके की झलक दिखाती है जहां सपनों को हर मोड़ पर खतरे का सामना करना पड़ता है.

डब्बा कार्टेल नेटफ्लिक्स पर 28 फरवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म को हितेश भाटिया ने डायरेक्ट किया है और इसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने प्रोड्यूस किया है.

सीरीज की निमार्ता शिबानी अख्तर ने कहा, डब्बा कार्टेल के साथ, हम हाउस वाइफ की यात्रा का पता लगाना चाहते थे. यह दोस्ती, धोखे और पावर की कहानी है. जो एक ऐसी दुनिया की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसका हिस्सा होने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी. हम दर्शकों को इस सीरीज के रोमांचकारी एक्सपीरियंस पर ले जाने का इंतजार नहीं कर सकते हैं।

# रूट कैनाल के बाद दांतों की देखभाल बेहद जरूरी, जानें क्यों?

रूट कैनाल के बाद दांतों की देखभाल ना केवल उस दांत को स्वस्थ रखती है जिसका उपचार हुआ है, बल्कि पूरे मुंह के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है. लेकिन इस प्रक्रिया के बाद चिकित्सक द्वारा बताई गई सावधानियों का पालन करना और दांतों की नियमित देखभाल करना बहुत जरूरी है. याद रखें, दांतों की सही देखभाल ना केवल आपकी मुस्कान को बचाती है, बल्कि आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है।

**जरूरी है रूट कैनाल के बाद दांतों की विशेष देखभाल**

रूट कैनाल एक सामान्य डेंटल प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य खराब दांत का उपचार करना और उसे बचाना तथा दर्द से राहत दिलाना होता है. इस प्रक्रिया को लेकर लोगों में यह आम धारणा देखी जाती हैं कि रूट कैनाल के बाद दांत पूरी तरह ठीक हो जाते हैं और उनकी देखभाल की जरूरत नहीं होती है. लेकिन असल में, इस प्रक्रिया के बाद दांतों को अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है. रूट कैनाल के बाद अगर चिकित्सक द्वारा बताई गई सावधानियों का पालन ना किया जाए, तो दांतों में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं.



**क्या कहते हैं चिकित्सक**

हेल्थ केयर विशेषज्ञ बताते हैं कि रूट कैनाल एक डेंटल प्रक्रिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य संक्रमित या क्षतिग्रस्त दांत को बचाना होता है. जब दांत के अंदर मौजूद नरम ऊतक (जिसे पल्प कहा जाता है) संक्रमण या चोट के कारण खराब हो जाता है, तो डॉक्टर इसे हटाकर दांत को साफ करते हैं. इसके बाद दांत के अंदर की जगह को भरकर सील कर दिया जाता है. दांत को सील करके क्राउन (सुरक्षा कवच) लगाया जाता है ताकि दांत मजबूत बना रहे. यह प्रक्रिया दांत को निकालने से बचाने का एक प्रभावी तरीका है. रूट कैनाल के बाद खराब दांत को निकालने की जरूरत नहीं पड़ती, और यह लंबे समय तक उपयोगी बना रहता है लेकिन इस प्रक्रिया के कुछ प्रभाव भी रहते हैं जैसे उपचार किए गए दांत की संवेदनशीलता कम हो जाती है क्योंकि रूट कैनाल के बाद दांत में नसें नहीं रहतीं. वहीं रूट कैनाल के बाद दांत की संरचना भी कमजोर हो जाती है, इसलिए इसे सुरक्षित रखने के लिए क्राउन लगाना जरूरी है। वह बताते हैं कि इस प्रक्रिया के बाद दांतों को विशेष देखभाल की जरूरत होती हैं. यदि ऐसा ना किया जाए तो कई तरह की समस्याएं परेशान कर सकती हैं, जैसे रूट कैनाल के बाद दांत की सही देखभाल ना करने से आसपास के दांत भी प्रभावित हो सकते हैं, उचित सफाई ना होने पर बैक्टीरिया दांतों में संक्रमण फैला सकते हैं तथा दांतों के आसपास सूजन या मसूड़ों में दर्द हो सकता है. वहीं चूंकि इस प्रक्रिया के बाद दांत कमजोर हो जाते हैं ऐसे में उनके दांत टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है।

**रूट कैनाल के बाद देखभाल**

वह बताते हैं कि हालांकि रूट कैनाल एक सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है, लेकिन इसके बाद दांतों की विशेष देखभाल जरूरी होती है. सही देखभाल से आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ और मजबूत रख सकते हैं. इसके लिए कुछ बातों व सावधानियों का पालन करना बेहद जरूरी हैं जिनमें से कुछ प्रकार हैं.

नियमित रूप से डेंटिस्ट से फॉलो-अप कराएं, उनके द्वारा दी गई सलाह का पालन करें तथा अपना मेडिकेशन यानी दवाइयां समय पर लें.


सही तरीके से ब्रश और फ्लॉस करें. इसके लिए हल्के ब्रश का इस्तेमाल करें और दांतों को धीरे-धीरे साफ करें. साथ ही फ्लॉसिंग से दांतों के बीच की सफाई करें।

मुंह की सफाई का विशेष ध्यान रखें. दिन में दो बार ब्रश करने के अलावा एंटीसेप्टिक माउथवॉश का उपयोग भी लाभकारी होता है.

संतुलित आहार का ध्यान रखें. पौष्टिक भोजन करें, जिसमें कैल्शियम और विटामिन डी की मात्रा ज्यादा हो. नट्स और बर्फ आदि सख्त चीजों तथा मिठाई व अन्य चिपचिपी चीजों को चबाने व खाने से बचें। दांतों का सुरक्षा कवच (क्राउन) जरूर लगवाएं क्योंकि क्राउन रूट कैनाल के बाद दांतों को टूटने से बचाने का कार्य करता है, दांतों पर अधिक दबाव डालने वाली आदतें, जैसे नाखून चबाना, दांतों से पैकेट खोलना और पेन या पेंसिल चबाना, आदि को छोड़ दें।

# रोजाना पपीते का सेवन हार्ट समेत इन समस्याओं में हो सकता है फायदेमंद

पपीता एक ऐसा फल है जिसकी डिमांड हर मौसम में रहती है. इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके पूरे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. पपीता काबोर्हाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी9, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है. जो शरीर को अंदर से मजबूत और पाचन तंत्र को हेल्दी रखता है. आइए जानते हैं कि रोजाना सुबह खाली पेट पपीता खाने से पाचन तंत्र समेत किन-किन समस्याओं से राहत दिला सकता है आइए जानते हैं पपीता खाने के फायदे के बारे में...



**ये हैं रोजाना खाली पेट पपीता खाने के फायदे-**

**बाल और स्किन के लिए फायदेमंद**

पपीता काबोर्हाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन्स, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है. जो आपके बाल और त्वचा की चमक को बढ़ाने में मदद करता है. साथ ही रोजाना पपीता खाने से कोलेजन (प्रोटीन ) का उत्पादन भी शरीर में बढ़ता है. इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखता है। पपीते में पाया जाने वाला पोटैशियम एक खनिज है, जो ब्लड प्रेशर, मांसपेशियों की इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है. साथ ही पपीते में पाया जाने वाले विटामिन बी कोशिका विभाजन, डीएनए संश्लेषण, और भ्रूण के विकास में अहम भूमिका निभाता है।


**हार्ट हेल्थ के लिए बेहद लाभकारी**

पपीता काबोर्हाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी9, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है, जो हार्ट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है. साथ ही बल्ड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी सहायक साबित हो सकता है।

# सिकंदर से सलमान खान का नया पोस्टर आउट, इंटेंस लुक में दिखे भाईजान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की मोस्ट अवेटेड मास एक्शन फिल्म सिकंदर के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला का बर्थडे है. इस बाबत सलमान ने साजिद नाडियाडवाला को बीती रात को जन्मदिन विश कर दिया. सलमान ने साजिद को बर्थडे विश कर फिल्म सिकंदर के सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है. इस तस्वीर में सलमान खान सिकंदर लुक में दिख रहे हैं और साथ में साजिद नाडियाडवाला भी नजर आ रहे हैं. बता दें, सलमान और साजिद अपने फैंस को सिकंदर से बड़ा सरप्राइज देने का वादा किया था, जो पूरा कर दिया है. फिल्म सिकंदर से सलमान खान का नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

पहले आपको बता दें कि सलमान खान ने साजिद खान को बर्थडे विश करते हुए लिखा है, हैप्पी बर्थढे ग्रैंडसन, आज 3.33 बजे पोस्टर रिवील करने जा रहे हैं. बता दें, बीती 27 दिसंबर को सलमान खान के बर्थडे के मौके पर फिल्म सिकंदर का टीजर जारी किया गया था, जिसमें सलमान खान का डेयरिंग अंदाज देखा गया था. आज फिल्म सिकंदर से सलमान खान का नया लुक पोस्टर रिलीज किया गया है. अब सलमान खान के फैंस के लिए यह नया पोस्टर किसी बिग सेलिब्रेशन से कम नहीं है. बता दें,



सलमान और साजिद की जोड़ी ने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी हैं.

बता दें, सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल स्टारर फिल्म सिकंदर को आमिर खान के साथ फिल्म गजनी बना चुके डायरेक्टर एआर मुरुगदास डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म ईद 2025 (मार्च के अंत) के मौके पर रिलीज होने जा रही है. सिकंदर एक मास एक्शन फिल्म बताई जा रही है, जिसमें सलमान खान का नेवर सीन अवतार देखने को मिलेगा. सलमान खान के फैंस को फिल्म सिकंदर का बेसब्री से इंतजार है और सलमान भी अपने फैंस के लिए ईदी की तैयारी में लगे हुए हैं।

# पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए एक बूंद पानी भी अतिरिक्त नहीं : मान

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** रावी-ब्यास जल ट्रिब्यूनल के समक्ष राज्य के आधिकारिक पक्ष की पुरजोर वकालत करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए पानी की एक भी बूंद अतिरिक्त नहीं है। चेयरमैन जस्टिस विनीत सरन के नेतृत्व वाली ट्रिब्यूनल, सदस्य जस्टिस पी. नवीन राव, जस्टिस सुमन श्याम तथा रजिस्ट्रार रीटा चोपड़ा के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी साझा करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। श्री मान ने रावी जल प्रणाली के अध्यन के लिए राज्य के दौरे पर आए ट्रिब्यूनल से अपील की कि वह पंजाब के लोगों को न्याय दिलाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) की स्थिति अत्यंत गंभीर है, क्योंकि यहां भूजल निकासी की दर 100 प्रतिशत से भी अधिक है, जबकि हरियाणा में यह केवल 61.5 प्रतिशत ब्लॉक (143 में से 88) में ही अत्यधिक दोहन की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकांश नदी स्रोत सूख चुके हैं, इसलिए पंजाब को अपनी सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब में पानी की भारी कमी होने के बावजूद यह अन्य राज्यों के लिए अन्न का उत्पादन कर रहा है ताकि देश को खाद्यान्न संकट का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने ट्रिब्यूनल को बताया कि जिस तरह रावी और ब्यास नदियां पंजाब के पुराने क्षेत्र से होकर गुजरती थीं, उसी तरह यमुना नदी भी पुनर्गठन से पहले पंजाब के क्षेत्र में से निकलती थी। लेकिन जल बंटवारे के समय पंजाब और हरियाणा के बीच यमुना के जल पर विचार नहीं किया गया, जबकि रावी और ब्यास के जल को ध्यान में रखा गया। उन्होंने कहा कि पंजाब ने कई बार यमुना के जल बंटवारे में हिस्सेदारी की मांग की है, लेकिन यह तर्क देकर इस पर विचार नहीं किया गया कि पंजाब का कोई भौगोलिक क्षेत्र यमुना बेसिन में नहीं आता।

मान ने कहा कि हरियाणा रावी और ब्यास नदियों का बेसिन राज्य नहीं है, फिर भी पंजाब को इन नदियों का पानी हरियाणा के साथ साझा करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा को पंजाब के उत्तराधिकारी राज्य के रूप में रावी-ब्यास का पानी मिलता है, तो समानता के आधार पर यमुना का पानी भी पंजाब के उत्तराधिकारी राज्य के रूप में साझा किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नहरी पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने पदभार संभाला था, तब पंजाब में केवल 21 प्रतिशत नहरी पानी ही सिंचाई के लिए उपयोग हो रहा था, लेकिन अब यह बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है।

# दिल्ली को नहीं मिला दिल्ली प्रदेश का मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता का भी प्रदेश से है नता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी परदेसी थे और अब नई सरकार में दिल्ली को फिर मिला परदेसी मुख्यमंत्री। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की नई सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का जन्म 19 जुलाई 1974 को हुआ था। छात्र जीवन से ही रेखा राजनीति में सक्रिय हो गई थीं। रेखा के पति मनीष स्पेयर पार्ट का बिजनेस करते हैं। रेखा ने इससे पहले भी दो बार विधानसभा चुनाव लड़ा था। रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री होंगी। वह हरियाणा के जींद के जुलाना के नंदगढ़ गांव से हैं। नंदगढ़ में रेखा गुप्ता के दादा मनीराम और परिवार के लोग रहते थे। पिता जयभगवान बैंक मैनेजर बने तो दिल्ली में ड्यूटी थी। इस कारण वे दिल्ली में परिवार के साथ जा बसे। रेखा गुप्ता से पहले आप के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी हरियाणा से थे और भाजपा की दिग्गज नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं सुषमा स्वराज का भी हरियाणा से जुड़ाव था। नंदगढ़ गांव के बलवान नंबरदार ने बताया कि 50 साल पहले तक रेखा के दादा मनीराम जिंदल, परदादा गंगाराम की गांव में दुकान थी। इसके बाद उन्होंने जुलाना में आढ़त की दुकान की। गांव की जमीन को बेचकर वह जुलाना में रहने लगे थे। जिंदल परिवार के लोगों ने गांव में शिव मंदिर भी बनाया हुआ है। यहां हर वर्ष परिवार के लोग पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। गांव में रेखा के परिवार का बेहद अच्छा व्यवहार रहा। रेखा के पिता जयभगवान 1972-73 में मैनेजर बने तो उनकी ड्यूटी दिल्ली में लग गई थी, इसलिए वे दिल्ली में शिफ्ट हो गए। रेखा गुप्ता का जन्म 19 जुलाई 1974 को हुआ था। छात्र जीवन से ही रेखा राजनीति में सक्रिय हो गई थीं। रेखा के पति मनीष स्पेयर पार्ट का बिजनेस करते हैं। रेखा ने इससे पहले भी दो बार विधानसभा चुनाव लड़ा। पहली बार वे 11 हजार वोटों से हारीं तो पिछली बार आप की वंदना से 4500 वोटों से हार गईं थीं। इस बार वंदना को उन्होंने बड़े वोटों के अंतर से हराकर इतिहास रच दिया। इस बार शालीमार बाग सीट से आप की वंदना को 38605 वोट मिले तो रेखा गुप्ता को 68200 वोट मिले। अरविंद केजरीवाल का जन्म हरियाणा के हिसार में साल 1968 में हुआ था। सामाजिक क्षेत्र में आने से पहले अरविंद ने साल 1991 में आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग की थी। 1992 में अरविंद ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तहत भारतीय राजस्व सेवा में चुन लिए गए थे। उनकी पहली पोस्टिंग दिल्ली के आयकर आयुक्त कार्यालय में हुई थी। अरविंद केजरीवाल ने साल 2006 में अपनी नौकरी छोड़ दी और अरुणा रॉय समेत अन्य साथियों के साथ मिलकर सूचना अधिकार अधिनियम के लिए अभियान शुरू किया। सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 को हरियाणा के अंबाला में हुआ था। उन्होंने अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की थी। इसके बाद पंजाब विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री ली। वह भाषण और वाद-विवाद में हमेशा से आगे रहीं। उन्होंने ऐसी कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार भी हासिल किए थे। सुषमा का विवाह 13 जुलाई 1975 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील स्वराज कौशल से हुआ था। सुषमा दिल्ली की दूसरी सबसे कम दिनों की मुख्यमंत्री रहीं। उनका कार्यकाल 52 दिनों का था।



# स्वास्थ्य शिविर में जांची गई,अधिकारियों कर्मचारियों की सेहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत को टीबी मुक्त किए जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय सक्रिय टीबी खोज अभियान के क्रम में अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र रहमान खेड़ा काकोरी के संयुक निदेशक डॉ नीरज कुमार वर्मा के अनुरोध पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉ एन बी सिंह एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अतुल कुमार सिंघल के निर्देश पर डॉ अवधेश कुमार ,अधीक्षक एवं डॉ पिनाक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी स्थित टीबी यूनिट के कर्मचारियों द्वारा अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र रहमान खेड़ा काकोरी में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की टीबी की जांच हेतु निक्षय शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें सुजीत कुमार ,वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक द्वारा सभी को टीबी रोग के लक्षण एवं बचाव तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी दी गई,तथा विजय कुमार मौर्य,वरिष्ठ टीबी प्रयोगशाला पर्यवेक्षक द्वारा टीबी की जांच में बलगम परीक्षण के महत्व पर जागरूक करते हुए जॉच के नमूने एकत्र किए गए। शिविर में लगभग 150 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा लगभग 100 व्यक्तियों के जॉच के नमूने एकत्र किए गए, जिन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काकोरी की टीबी यूनिट में स्थापित प्रयोगशाला में विजय कुमार मौर्य के सघन पर्यवेक्षण में विजय प्रकाश एवं भारतेंदु मिश्रा, लैब टेक्नीशियन द्वारा परीक्षण किया जाएगा । तथा धनात्मक पाए जाने पर सुधीर कुमार अवस्थी टीबी हेल्थ विजिटर द्वारा उपचार से संबंधित कार्यवाही की जाएगी। इस शिविर में केंद्र के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सरवेंद्र कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।





## भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिमाचल विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने हरियाणा सरकार की तर्ज पर...

# हिमाचल के मीडिया पर्सन्स को भी सीएम सुक्खु से सिफारिश कर पेंशन दिलाने का दिलाया भरोसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा)।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर द्वारा आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का समापन आज शिमला के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निवास टिंबर हाउस में हुआ जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की वही पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुरेश भारद्वाज ने कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। आपको बता दें कि शिमला एवं हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के पत्रकारों का एक दल चंडीगढ़ से 16 फरवरी को शिमला पहुंचा था और यहां चार दिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण शिविर एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिस्सा लेने कई पत्रकार पहुंचे थे। आज राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की भूमिका पर महत्व डालते हुए सभी पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकार और पत्रकारिता की विशेष भूमिका रही है जिससे हमें आजादी मिली उन्होंने कहा कि जिस तरह से उसे समय अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन चल रहे थे और उनके विरोध एवं उनके द्वारा किए जा रहे जनता के शोषण के कामों को अखबार के माध्यम से देश के घर-घर तक पहुंचाने का काम पत्रकारों ने किया और उनके इसी प्रयास से आजादी के मुहिम बहुत मजबूत हुई और अंत में 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में जिस तरह से प्रिंट मीडिया के अलावे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के आने के बाद जिस तरह से पत्रकारिता में काफी बदलाव हुए हैं इसको लेकर उनका कहना था कि आज अखबार पढ़ने के लिए सुबह अखबार आने का इंतजार नहीं करना पड़ता बल्कि इंटरनेट के माध्यम से आप ऐप डाउनलोड कर वेबसाइट पर जाकर सारे अखबारों को आसानी से पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में पत्रकारिता में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है लेकिन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ ने जिस तरह से आज समाज को एक करने का काम किया है वह भविष्य में भी ऐसे ही पत्रकारिता के माध्यम से चलता रहेगा।



# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भाईजी सोनी ने उनका स्केच भेट किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** श्री मैड क्षत्रिय स्वर्णकार समाज दिल्ली के युवा नेता एवं आर्टिस्ट लक्ष्मीकांत सोनी, भाईजी ने शालीमार बाग विधानसभा से कर्मठ और जुझारू भाजपा विधायक रेखा गुप्ता को उनका स्केच भेट किया। श्री सोनी ने कहा कि विधायक रेखा गुप्ता जी अपने विधानसभा क्षेत्र में आमजन की समस्या के लिए निष्पक्ष रूप से हर समय तैयार रहती है। इसलिए वे क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय है। इनके कुशल और कर्मठ नेतृत्व में दिल्ली का उतरोतर विकास होगा।



# देशवाल खाप के प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी राजेंद्र सिंह की शोकसभा में शामिल हुए गणमान्य लोग, दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** देशवाल खाप के प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी राजेंद्र सिंह देशवाल की रस्म तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा में बहसूमा क्षेत्र से पहुंचे गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय चौधरी राजेंद्र सिंह देशवाल को धर्मपरायण बताते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बता दें कि गांव शीला जुड़ी से देशवाल खाप के प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी राजेंद्र सिंह देशवाल का बीमारी के चलते निधन हो गया था। बृहस्पतिवार को उनके आवास गांव शीला जुड़ी पर रस्म तेरहवीं हुई एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में पधारे बहसूमा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय चौधरी राजेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान सचिन चौधरी प्रबंधक, पूर्व प्रधान देवेन्द्र सिंह,प्रभात देशवाल, आशीष चौधरी उर्फ पिंटू देशवाल,गौरव देशवाल,राजा देशवाल ,रवि देशवाल, मोनू देशवाल सहित सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# गठिया के खिलाफ डॉ एके अग्रवाल की अगुवाई में 01 और 15 मार्च को कानपुर के सत्या में कैंप लगाएंगे लखनऊ के डॉ.एजी पटेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** अपंग होने की हद तक घुटनों और जोड़ों में दर्द यानी गठिया आदि की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह बीते 10 सालों में पांच गुना बड़ी है ,जिसको लेकर चिकित्सक समुदाय भी बहुत चिंतित है। लगातार बढ़ती जा रही गठिया की समस्या से निजात दिलाने के इरादे से ही आगामी 01और 15 मार्च 2025 यानी ओपीडी महीने के पहले एवं तीसरे शनिवार को जाने माने अस्थि रोग विशेषज्ञ सुविख्यात डॉक्टर ए के अग्रवाल की अगुवाई में यहां के बर्रा 6 स्थित सत्या हॉस्पिटल में शाम 04 से 06 बजे तक लखनऊ के गठिया रोग विशेषज्ञ टीम डॉक्टर डॉ ए जी पटेल द्वारा लगाए जाने वाले कैंप में आने वाले मरीजों को जोड़ों, मांसपेशियों में दर्द, सूजन एवं जकड़न से भी निजात दिलाई जाएगी। इसके लिए आयुष्मान भारत समेत सभी कैशलेस कार्ड भी मान्य होंगे। लगभग 5000 से ज्यादा घुटना, गठिया के मरीजों को ऑपरेशन के बगैर दवाओं, इंजेक्शन के बल पर अपने सत्या हॉस्पिटल बर्रा में ठीक कर चुके देश के जाने-माने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए के अग्रवाल ने दावा किया कि चिकित्सा जगत ने जिस तरह की प्रगति की है उसके तहत बगैर ऑपरेशन के भी घुटनों और गठिया आदि की समस्या का समाधान किया जा सकता है।



अपनी सफल चिकित्सा पद्धति से लोगों को रिकॉर्ड तोड़ संख्या में घुटनों की समस्या से निजात दिला चुके इस विधा के सर्वाधिक सफल चिकित्सकों में से एक ख्याति प्राप्त डॉक्टर ए के अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा अबतक विकसित पद्धतियों और दवाएं के प्रयोग से भी बगैर ऑपरेशन के ही घुटनों की समस्या से निजात दिलाई जा सकती है।

घुटना प्रत्यारोपण में सफलता की अनेक नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले सुप्रसिद्ध डॉक्टर ए के अग्रवाल ने यह भी बताया कि बहुत सारे गठिया के रोगी ऐसे भी होते हैं ,जिनको कि घुटना प्रत्यारोपण की आवश्यकता नहीं होती है। उनको दवाओं से ठीक किया जा सकता है। साथ ही एक विशेष प्रकार के इंजेक्शन और कुछ अन्य विधियों से भी घुटनों की गठिया से काफी लंबे समय तक निजात पाया जा सकता है। आधुनिक सफल चिकित्सा पद्धतियों की विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए और अब तक हजारों लोगों को अपंग होने से बचाते हुए उन्हें सामान्य दिनचर्या का हिस्सा बनाने में सफल हो चुके प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके अग्रवाल ने यह भी दावा किया कि प्रत्यारोपण के पहले अन्य छोटे ऑपरेशन से भी घुटने की गठिया को परमानेंटली ठीक किया जा सकता है।

अब तक सैंकड़ों लोगों को अपंगता का शिकार होने से बचाते हुए उन्हें नया जीवन देने का भी रिकॉर्ड तोड़ने चुके प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए के अग्रवाल इसके पहले नामी चिकित्सकों की टीम में शामिल होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, मोरार जी देसाई और जेके घराने के उद्योगपति विजय पत सिंघानिया समेत अनेक महत्वपूर्ण लोगों को भी सफल जोड़ प्रत्यारोपण का लाभ पहुंचा चुके हैं।

## आयोजन

## चौधरी आले उमर कुरैशी साहब के जीवन,व्यक्तिव व सामाजिक उपलब्धियों पर डाला गया प्रकाश

# आल इंडिया जमीयतुल कुरैश ने चौधरी आले उमर कुरैशी की याद में किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** चौधरी आले उमर कुरैशी साहब जिन्होंने इकरा मिशन स्कूल के फांउडर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमियत उलमा जिला लखनऊ व महासचिव ऑल इंडिया जमियतुल कुरैशी उ.प्र. के रुप में लम्बे समय तक समाज सेवा की।उनका पहला सालाना प्रोग्राम दिनांक 20 फरवरी 2025, दिन बृहस्पतिवार दोपहर 02:00 बजे होटल मेजबान में आल इंडिया जमियतुल कुरैश एवं उ.प्र. जमियत उलेमा जिला लखनऊ द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें मरहूम अल्हाज चौधरी आले उमर कुरैशी साहब के जीवन, व्यक्तिव व सामाजिक उपलब्धियों पर उनके पुराने साथियों और गणमान्य अतिथियों ने प्रकाश डाला। जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष-आल इंडिया जमियतुल कुरेश के संरक्षक सिराजुद्दीन कुरैशी, मुख्य अतिथि- प्रो.रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद व पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र. उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता-मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली इमाम ईदगाह व चेयरमैन इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने की। सभी वक्ताओं ने चौधरी आले उमर कुरैशी को याद करते हुए एक नायाब शख्सियत का मालिक बताया।



इल्म के क्षेत्र में भी उनका योगदान सराहनीय है।वक्ताओं ने कहा कि कौम और मुल्क की सेवा के लिए चौधरी साहब को हमेशा याद किया जाएगा।रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि चौधरी आले उमर कुरैशी मेरे भाई के जैसे थे,उन्होनें मुझसे हमेशा कौम और समाज की बेहतरी के लिए माँगे रखी और हमने उसको यथासम्भव पूरा किया।हम हमेशा आपके परिवार के साथ खड़े रहेंगे।कार्यक्रम का कुशल संचालन अब्दुल कुबुल हाशमी द्वारा किया गया। हाफिज मोहम्मद दानिश द्वारा तिलावते कुरान पेश की गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाजी फजलुर्रहमान कुरैशी, हाजी युसूफ कुरैशी एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष आल इंडिया जमियतुल कुरैश उ.प्र.,मौलाना कौशर नदवी उपाध्यक्ष-जमियत उलेमा जिला-लखनऊ, शराबबंदी संगठन के अध्यक्ष मुर्तजा अली,इरफान मियाँ फिरनगी महली,हिना ट्रैवल के मोइनुद्दीन इमरान कुरेशी, युसूफ कुरैशी, कांग्रेस नेता मारूफ खान,उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक रिजवान अहमद, आरिफ ज्वेलर्स के प्रोपराइटर, इसराइल कुरैशी, मोमिन अंसार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकरम अन्सारी,अनीस मंसूरी, मेजबान होटल के मालिक डॉक्टर रईस खान, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, महामंत्री अब्दुल वहीद,अंबर फाउंडेशन के वफा अब्बास, अदनान कुरैशी, दिलशाद कुरैशी, सलीम अख्तर, अलीम, उमर शरीफ, तस्लीम, मुख्तार अहमद, डॉक्टर सईदुल हसन, सरफराज जाहिद, नीतू जैन, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।चौधरी शादाब कुरैशी महासचिव-आल इंडिया जमियतुल कुरैश उ.प्र. ने आये हुये अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत - सम्मान किया और उनको अपना कीमती वक़्त देने के लिए आभार व्यक्त किया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267